रांची, गुरुवार | 26 फरवरी 2026 | वर्ष-27, अंक-27, पृष्ठ-12 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

भारत की माननीय राष्ट्रपति

का वीर भूमि झारखण्ड में

# अभिनंदन और

# जोहार

दिनांक: 26 फरवरी, 2026



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 373628 (IPRD) 2025-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## चंपाई सोरेन के पोते के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते वीर सोरेन के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया है। उन्होंने शोक जताते हुए कहा कि वीर के आकस्मिक निधन का अत्यंत मर्माहत करने वाला समाचार मिला। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। इस दुखद घड़ी में हम उनके साथ हैं।

## वीर सोरेन के असामयिक निधन पर डॉ. प्रदीप वर्मा ने जताई संवेदना



**रांची।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते एवं भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन के सुपुत्र वीर सोरेन के असामयिक निधन हुआ है। इस पर भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस दुःखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। वहीं कहा कि वीर सोरेन का असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदयविदारक है। एक युवा जीवन का इस प्रकार अचानक समाप्त हो जाना न केवल परिवार, बल्कि समस्त समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। डॉ. वर्मा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार विशेषकर बाबूलाल सोरेन एवं उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में भाजपा परिवार शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## वीर सोरेन के आकस्मिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के नेताओं ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते वीर सोरेन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आदित्य साहू ने कहा कि यह हृदय विदारक है और परिवार के लिए वज्रपात के जैसा है। साहू ने कहा कि ईश्वर इस दुख की घड़ी में सभी परिजनों, बंधु-बांधवों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह असह्य पीड़ा है। परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। परिवार को दुख सहने की ताकत दें। शोक व्यक्त करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के नेताओं ने आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## मनोज टंडन ने किया सरेंडर, मिली जमानत

**रांची।** अधिवक्ता मनोज टंडन ने बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार सिंह की अदालत में सरेंडर कर जमानत प्राप्त कर ली। इससे पूर्व उन्होंने अदालत में डोरंडा कांड संख्या 51/2026 मामले में सरेंडर कर जमानत याचिका दाखिल की। याचिका पर बहस पूरी होने के बाद अदालत ने 10 हजार के निजी मुचलके पर जमानत की सुविधा प्रदान की। दर्ज प्राथमिकी में उत्तालपन से वाहन चलाना, शरारत के माध्यम से नुकसान पहुंचाना, ऐसी लापरवाही जिससे दूसरों का जीवन खतरे में पड़े, स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, गंभीर चोट, गलत तरीके से रोकना, आपराधिक मानहानि, छीना-झपटी समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। बता दें कि हाईकोर्ट से मामले में पीड़िक कार्रवाई पर रोक है।

## महिला की हत्या में सत्यनारायण मुंडा को उम्रकैद की सजा

**रांची।** तमाड़ थाना क्षेत्र में महिला की निर्मम हत्या में अपर न्यायायुक्त श्याम नंदन तिवारी की अदालत ने बुधवार को सत्यनारायण मुंडा को उम्रकैद की सजा सुनाई। उस पर 10 हजार का जुर्माना भी लगा है। पैसे जमा नहीं करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। घटना तमाड़ थाना क्षेत्र के राबो गांव में 2022 में हुई थी। सुनवाई में एपीपी शैलेंद्र सिंह ने ठोस साक्ष्य व गवाह पेश किए। अभियोजन के अनुसार, 48 वर्षीय मंगरी देवी जंगल से लकड़ी लेकर आ रही थी। इसी बीच सत्यनारायण ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया। इसमें मंगरी की वहीं मौत हो गई।

# झारखंड विधानसभा : राज्य के खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत का मुद्दा उठा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के छठे दिन बुधवार को सारठ विधायक उदय शंकर सिंह ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से राज्य के खराब हैंडपंप की मरम्मत का मुद्दा उठाया। जल संसाधन विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने इसके जवाब में कहा कि विभाग ने सभी खराब हैंडपंप की मरम्मत के लिए तैयारी पूरी कर ली है। टोल-फ्री नंबर जारी किया गया है, ताकि नागरिक अपनी शिकायतें सीधे विभाग को भेज सकें। शिकायतें मिलने पर विभाग तुरंत कार्रवाई करेगा। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने भी गर्मी में पानी की समस्या को लेकर चिंता जताई। विधायक और अध्यक्ष दोनों ने कहा कि मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूरा होना चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके।



### 24 घंटे बिजली की आपूर्ति कर रही सरकार : अनंतप्रताप

**रांची।** झारखंड विस में बजट पर चल रही चर्चा के दौरान बुधवार को सत्ता पक्ष की ओर से विधायक अनंत प्रतापदेव ने कहा कि पूर्व की सरकार में भवनाथपुर में एक से दो घंटे ही बिजली आपूर्ति होती थी। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी झारखंड में सरकार बनने के साथ ही राज्यभर में 22 से 24 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ बिजली बल्कि सरकार ने सड़क, पुल और पुलिया निर्माण के लिए भी बेहतर कार्य कर रही है। बजट में भी इसके प्रावधान किए गए हैं। इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि पूर्व की सरकार में जितना कार्य किए गए हैं हेमंत सरकार में दूर-दूर तक नजर नहीं आती है। इस सरकार से कोई और उम्मीद भी नहीं की जा सकती है। अनंत प्रतापदेव ने कहा कि विपक्ष अक्सर सवाल उठाता है, लेकिन राज्य सरकार ने विकास को गति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बेहतर शासन और कुशल व्यवस्था के कारण ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि ऋण की सीमा बढ़ाकर किसानों को राहत दी गई है, जिससे वे सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। बजट में देश में पहली बार सर्वजन पेंशन योजना लागू कर 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सरकार की ओर से शुरू किए गए योजनाओं का उल्लेख किया। चर्चा के दौरान भाजपा सदस्य नवीन जायसवाल और नीरा यादव ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए सरकार के दावों को गलत बताया। इसपर सदन में कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई और स्पीकर रबींद्रनाथ महतो को हस्तक्षेप करना पड़ा।

### पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर सवाल

सदन में विधायक सुरेश पासवान ने देवघर शहर में पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि पुनाशी जलाशय से देवघर शहर तक पाइप बिछाकर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की परियोजना में देरी क्यों हो रही है। इस पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया कि इकरारनामा के अनुसार परियोजना को पूर्ण करने की तिथि जुलाई 2023 निर्धारित थी। हालांकि चिन्हित वन भूमि पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और ग्राउंड लेवल सर्विस रिजर्वायर के निर्माण के लिए वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण कार्य में विलंब हुआ।

### पुल निर्माण में आ रही समस्या का मुद्दा उठाया

सदन में विधायक अमित कुमार यादव ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण में आ रही समस्याओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी पुल की लंबाई ज्यादा होने के कारण 10 करोड़ रूपये की निर्धारित राशि कम पड़ जाती है। सदन में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने भी अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि पिछले 15 सालों में उनके विधानसभा क्षेत्र में एक पुल का निर्माण नहीं हो सका, जिसका मुख्य कारण निर्माण लागत की अधिकता रही। इस पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने स्पष्ट किया कि विधायक की अनुशंसा पर अधिकतम 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति देने का प्रावधान है। इससे अधिक लागत आने पर अतिरिक्त राशि स्वीकृत नहीं की जा सकती। विधायकों ने कहा कि योजना में वित्तीय सीमा के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं लेकिन मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह सीमा नियमावली के अनुसार तय की गई है। इसका पालन अनिवार्य है।

थानों में सीसीटीवी लगाने की निविदा पर बाबूलाल ने उठाए सवाल

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की निविदा रद्द करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की निविदा प्रक्रिया को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर निविदा को तत्काल रद्द करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

श्री मरांडी ने अपने पत्र में कहा है कि जेएपीआईटी द्वारा जारी निविदा में राज्य सरकार के निर्धारित क्रय मापदंडों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कैबिनेट के निर्देशों के बावजूद निविदा जेम पोर्टल पर जारी नहीं की गई, बल्कि झारखंड टेंडर्स के माध्यम से प्रकाशित की गई।

पत्र में यह भी उल्लेख है कि जेएपीआईटी के सीईओ ने विभागीय सचिव को पत्र लिखकर कुछ बिंदुओं पर घटनोत्तर स्वीकृति मांगी है, जिससे प्रक्रिया पर संदेह उत्पन्न होता है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि निविदा में "प्रोक्योरमेंट ऑफ प्रोडक्ट्स" के बजाय "सर्विस प्रोवाइडर" शब्द का प्रयोग कर नियमों में हेरफेर किया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि मूल्यांकन प्रक्रिया में विभागीय स्तर पर पारदर्शिता नहीं बरती गई और संबंधित कर्मचारियों को बाहर रखा गया। साथ ही संविदा कर्मियों पर दबाव डालने और एक विशेष कंपनी को लाभ पहुंचाने की आशंका भी जताई।

मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए तथा संभावित भ्रष्टाचार को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया जाए।

# आरपीएफ ने 16 किलो गांजा किया जब्त, चार नाबालिग का रेस्क्यू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची रेल मंडल में आरपीएफ द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी और मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशन में आरपीएफ पोस्ट रांची, हटिया और फ्लाइंग टीम ने अलग-अलग अभियान में 16 किलो गांजा जब्त किया है। साथ ही चार नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। ऑपरेशन "नार्कोस" के तहत रांची रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रेन संख्या 18309 एक्सप्रेस के आगमन पर कोच S-7 की जांच के दौरान सीट संख्या 04 पर बैठे एक यात्री के पास नीले रंग का पिट्ठू बैग संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन सिंह (41 वर्ष), निवासी सुंदरगढ़ (ओडिशा) बताया। तलाशी लेने पर उसके बैग से प्लास्टिक में लिपटा गांजा बरामद हुआ। उसके बयान के आधार पर उसी कोच की सीट संख्या 64 पर बैठे राहुल पांडेय (32 वर्ष), निवासी गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) की तलाशी ली गई। उसके बैग से भी गांजा बरामद किया गया। दोनों के पास से कुल 8 पैकेट गांजा (5 पैकेट मोहन सिंह और 3 पैकेट राहुल पांडेय के पास से) जब्त किए गए। बरामद गांजे का कुल वजन 16 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गांजा ओडिशा से खरीदकर उत्तर प्रदेश में अवैध बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहे थे। एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और जब्त गांजा सहित जीआरपी रांची को सौंप दिया गया। इसी क्रम में 24 और 25 फरवरी की दरमयानी रात ट्रेन संख्या 12825 (झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस) के आगमन पर आरपीएफ पोस्ट रांची ने ऑपरेशन "एएएचटी" के तहत जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक महिला दो नाबालिग बालिकाओं के साथ संदिग्ध स्थिति में पाई गई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रेशमा देवी (40 वर्ष), निवासी दिल्ली बताया। वहीं पूछताछ में दोनों नाबालिग लड़कियों ने बताया कि वे दोनों सिमडेगा की निवासी हैं और घरेलू काम के लिए दिल्ली जा रही हैं। गहन पूछताछ में खुलासा हुआ कि महिला उन्हें घरेलू कार्य में लगाने के नाम पर प्रति बालिका 14-15 हजार वेतन तय कर स्वयं कमीशन लेने वाली थी।

### 24 को दो बालकों का किया गया था रेस्क्यू

24 फरवरी को ही हटिया रेलवे स्टेशन पर "ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते" के तहत आरपीएफ पोस्ट हटिया और डीएनएफटी टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर दो नाबालिग बालकों को संदिग्ध अवस्था में घूमते पाया। पूछताछ में दोनों ने अपना पता चतरा बताया। दोनों बालकों ने बताया कि वे घर से डांट खाने के बाद भाग आए थे और मजदूरी करने के लिए बेंगलुरु जाने की योजना बना रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल चाइल्ड लाइन रांची को सूचना दी गई और सभी औपचारिकताएं पूरी कर दोनों को परामर्श और संरक्षण के लिए सुपुर्द किया गया।

# उच्चतम न्यायालय का फैसला चुनाव आयोग और भाजपा के लिए बड़ी सबक : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ती, बल्कि वह संवैधानिक संस्थाओं के साथ मिलकर विपक्ष से चुनावी लड़ाई लड़ती है। इस बात को उच्चतम न्यायालय ने भी माना है। तभी तो उसने व्यवस्था दी है कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया न्यायिक प्रक्रिया से गुजरेगी। मतलब एसआईआर की प्रक्रिया अब न्यायिक सेवा से जुड़े लोग के माध्यम से होगा। झामुमो नेता ने उक्त बातें बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय इसलिए दिया है कि क्योंकि केंद्रीय चुनाव आयोग ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से झारखंड में भी एसआईआर होगा।

झारखंड में भी इस तरह की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाषा एवं पहनावे को देखते हुए अगर मुस्लिम, ईसाई, दलितों को निशाना बनाया गया तो यह विरोध फिजिकल भी हो सकता है। इसके लिए चुनाव आयोग को तैयार रहना चाहिए। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश के इतिहास में बहुत कम मौकों पर उच्चतम न्यायालय अनुच्छेद-142 का इस्तेमाल करता है। इसका उपयोग उच्चतम न्यायालय ने मंदिर निर्माण, भोपाल गैस त्रासदी जैसे मामलों में किया और अहम निर्देश देने का काम किया।

### न्यायपालिका के निर्णयों को राजनीतिक रंग देना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतुल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति का निर्णय अत्यंत गंभीर परिस्थितियों में लिया गया। वहां मतदाता सूची में लगभग 80 लाख विसंगतियां पाई गई थीं। यह निर्णय स्पष्ट रूप से स्थानीय प्रशासन की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर न्यायालय की चिंता और अविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया चुनाव की पवित्रता पर जब प्रश्नचिह्न लगता है, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। ऐसे संवेदनशील विषय को राजनीतिक लाभ के लिए तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करना लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ है। दूसरे मुद्दे पर प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को "ऐतिहासिक राहत" मिलने का झामुमो का दावा पूरी तरह भ्रामक और तथ्यों से परे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को केवल समन की अवहेलना (नॉन-कम्प्लायंस) से जुड़े तकनीकी पहलू पर राहत मिली है, जबकि कथित भूमि घोटाले से संबंधित मूल आपराधिक मामला आज भी यथावत चल रहा है।

### ड्रग इंस्पेक्टर नियुक्ति में उम्र छूट की मांग खारिज



**रांची।** हाईकोर्ट में ड्रग इंस्पेक्टर नियुक्ति के लिए उम्र सीमा में छूट की मांग के लिए दाखिल याचिका पर कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया। सुनवाई में जेपीएससी ने अदालत को बताया कि उम्र सीमा में छूट देना राज्य सरकार का नीतिगत निर्णय है। इसमें न्यायिक हस्तक्षेप सीमित है। आयोग ने यह भी कहा कि नियुक्ति परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि खत्म हो चुकी है। इसलिए याचिका विचार नहीं होगा। वहीं, याचिकाकर्ता कृष्णकांत सिंह आदि ने दलील दी कि ड्रग इंस्पेक्टर की नियुक्ति परीक्षा 2011 में हुई थी और इसके बाद 2025 में नया विज्ञापन जारी किया गया। कहा कि अब तक सिर्फ दो बार ही यह परीक्षा हुई है। इसलिए उम्र सीमा में छूट मिलनी चाहिए।

**बैठक** स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा, सहियाओं को एकमुश्त 24 हजार के भुगतान का निर्देश

# 26 फरवरी तक सभी लंबित बिल ट्रेजरी भेजें : अजय

- अब सभी सिविल सर्जन विभाग के डीआईसी से ही अवकाश स्वीकृत कराएंगे, ताकि विभाग को सिविल सर्जन के अवकाश पर जाने की जानकारी रहे

नवीन मेल संवाददाता



### आवंटन व व्यय की स्थिति पर विशेष जोर

बैठक में आवंटन एवं व्यय की स्थिति पर विशेष जोर देते हुए कहा गया कि जितनी राशि आवंटित हुई है, उसके अनुरूप व्यय एवं ट्रेजरी में लंबित राशि का समुचित मिलान हो। हेल्थ सब सेंटरों के कार्यों तथा पुराने स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में परिवर्तित करने हेतु दिए गए फंड की भी समीक्षा की गई। 14 प्रकार की जांच के लिए मशीन एवं उपभोग्य सामग्रियों की खरीद की स्थिति की जानकारी ली गई।

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष से राज्य के सभी सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, डीआईसी डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज, संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला के साथ विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

बैठक के दौरान एनएचएम के अंतर्गत एसएनए स्पर्श की समीक्षा की गई। साथ ही पीएम-अभिम, 15वां वित्त आयोग एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। एनएचएम के अभियान निदेशक ने सिविल सर्जनों से पूछा कि एसएनए स्पर्श के अंतर्गत कितने बिल ट्रेजरी में भेजे गए, कितने पारित हुए तथा शेष बिल कब तक भेजे जाएंगे। इस पर अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सभी लंबित बिल 26 फरवरी तक अनिवार्य रूप से ट्रेजरी में भेज दिए जाएं। आवश्यकता पड़ने पर कैंप लगाकर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

अपर मुख्य सचिव ने सहियाओं को 24,000 की दर से एकमुश्त राशि भेजे जाने की जानकारी देते हुए सभी जिलों को निर्देश दिया कि तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि अब सभी सिविल सर्जन विभाग के डीआईसी से ही अवकाश स्वीकृत कराएंगे, ताकि विभाग को सिविल सर्जन के अवकाश पर जाने की जानकारी रहे।

अपर सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज ने पीएम-अभिम, 15वें वित्त आयोग एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के अंतर्गत उपलब्ध राशि, व्यय एवं शेष राशि की समीक्षा करते हुए लंबित विपत्रों के शीघ्र भुगतान का निर्देश दिया।

अपर मुख्य सचिव ने सभी सिविल सर्जनों को उपायुक्त के साथ बैठक कर व्यय की समीक्षा करने तथा लंबित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत मरीजों को दिए जा रहे उपचार की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

## न्यूज बॉक्स

### संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नति विवाद में हाईकोर्ट ने राज्य से मांगा जवाब




**रांची।** हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नति की मांग को लेकर दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। यह याचिका हरिवंश पंडित एवं अन्य की ओर से दाखिल की गई है। प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि वे सभी अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी हैं और जेपीएससी के प्रथम बैच से संबंधित हैं। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उनके बैच से कनीय अधिकारियों को संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नति दे दी गई है, जबकि उन्हें अब तक पदोन्नति नहीं मिली है। याचिका में यह भी कहा गया कि राज्य सरकार में संयुक्त सचिव के करीब 25 पद वर्तमान में रिक्त हैं। प्रार्थियों का कहना है कि वर्ष 2025 में चार अधिकारियों को संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नत किया गया, जिनमें उनके बैच का एक कनीय अधिकारी भी शामिल है। उनका दावा है कि वे भी संयुक्त सचिव पद की सभी अर्हताएं पूरी करते हैं, इसलिए उन्हें भी पदोन्नति का लाभ दिया जाना चाहिए।

### मनी लाउंड्रिंग केस में पूर्व मंत्री कमलेश सिंह के परिवार को कोर्ट से राहत नहीं



**रांची।** हाईकोर्ट के जस्टिस आर. मुखोपाध्याय की अदालत ने मनी लाउंड्रिंग केस में आरोपी पूर्व मंत्री कमलेश सिंह के पुत्र सूर्य सोनल सिंह, पुत्री अंकिता सिंह और दामाद नरेंद्र मोहन सिंह को राहत देने वाली याचिका खारिज कर दी। तीनों आरोपितों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर ईडी द्वारा दर्ज मनी लाउंड्रिंग केस को रद्द करने का आग्रह किया था। दलील दी थी कि उनके खिलाफ मनी लाउंड्रिंग का मामला नहीं बनता। ईडी का आरोप है कि कमलेश की राशि को मनी लाउंड्रिंग के जरिए घुमाने में सूर्य सोनल व नरेंद्र की भूमिका रही। जांच में पाया गया कि एक ही दिन में करीब 83 लाख चार अलग-अलग खातों से होते हुए कमलेश तक पहुंचाए गए। ईडी ने मामले में 12 अगस्त 2013 को पूर्व मंत्री कमलेश सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें कमलेश सिंह, उनकी पत्नी मधु सिंह, पुत्र सूर्य सोनल सिंह, पुत्री अंकिता सिंह और दामाद नरेंद्र मोहन सिंह के नाम शामिल हैं। अदालत के आदेश के बाद अब तीनों आरोपियों को ट्रायल का सामना करना होगा।

### झारखंड हाईकोर्ट से जेएसएससी ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए लिया समय

**रांची।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस सोनक व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में हाईस्कूल शिक्षकों की नियुक्ति-2016 में एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली जेएसएससी की अपील पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में जेएसएससी ने कुछ दस्तावेज पेश करने के लिए समय मांगा। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने अपील याचिका में त्रुटि को भी चार हफ्ते में सुधारने को कहा। खंडपीठ ने कहा कि यदि जेएसएससी की ओर से तय समय में त्रुटि नहीं हटाई गई तो याचिका स्वतः खारिज मानी जाएगी। मीना कुमारी मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सरकार को कहा था कि नियुक्ति प्रक्रिया विवादों की जांच के लिए वन मैन कमीशन बनाया जाए। यह कमीशन समीक्षा कर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करेगा। अदालत ने कहा था कि शिक्षक नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों और अभ्यर्थियों की शिकायतों के समाधान के लिए ठोस व्यवस्था की आवश्यकता है। इसके तहत संबंधित चयन आयोग को एक स्पेशल काउंटर बनाने का निर्देश दिया गया था। सुनवाई में कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि मेरिट लिस्ट और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि किसी अभ्यर्थी को आपत्ति है तो उसे अपनी शिकायत दर्ज कराने और जानकारी प्राप्त करने का पूरा अवसर मिलना चाहिए था।

### हाथियों से बचाव के लिए बनेगी विशेष रणनीति

**रांची।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) संजीव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में वन संपदा को जन-आजीविका से जोड़ने और ग्रामीण सशक्तीकरण पर जोर दिया गया। पीसीसीएफ संजीव कुमार ने निर्देश दिया कि महुआ, शहद, तेंदूपत्ता और साल बीज जैसे लघु वनोपजों के प्रसंस्करण और विपणन को सुदृढ़ किया जाए, ताकि आदिवासी व स्थानीय समुदायों की आय में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही बांस आधारित उद्योग, मधुमक्खी पालन और नर्सरी प्रबंधन जैसे वन-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। बैठक में वन्यजीव प्रबंधन और मानव-हाथी संघर्ष को रोकने पर गंभीर चर्चा हुई। पीसीसीएफ ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशों के अनुरूप हाथियों के हमले में होने वाली मृत्यु पर मुआवजे का भुगतान हर हाल में 12 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। हाथियों के बचाव के लिए सभी रीजनों में रेस्क्यू सेंटर बनाने, ट्रेंकुलाइजर टीम और क्विक रिस्पांस टीम को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, हाथियों के कॉरिडोर के विकास और संवेदनशील क्षेत्रों के मानचित्रण पर भी सहमति बनी। पार्कों के बेहतर रख-रखाव के लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी, जो अन्य राज्यों के सफल मॉडलों का अध्ययन कर झारखंड में बेस्ट मॉडल लागू करेगी। इसके अतिरिक्त, बैठक में अवैध खनन, वन भूमि अतिक्रमण और अवैध आरा मिलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने और संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी मंथन किया गया।

### रिम्स में 27-28 फरवरी को शिशु शल्य चिकित्सा पर राष्ट्रीय सम्मेलन




**रांची।** बुद्धा बिरसा एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन्स द्वारा 27 और 28 फरवरी को रिम्स, रांची में द्वितीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आज एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक और शिशु शल्य चिकित्सक प्रो डॉ हिरेंद्र बिरुआ ने कहा कि झारखंड में पहली बार इस स्तर का शिशु शल्य चिकित्सा सम्मेलन आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह संगठन बिहार और झारखंड के पीडियाट्रिक सर्जनों का संयुक्त मंच है और सम्मेलन में देशभर के विशेषज्ञ भाग लेंगे। आयोजन सचिव और शिशु शल्य विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक रंजन ने बताया कि सम्मेलन में कोलकाता, लखनऊ, वाराणसी, दिल्ली, गुरुग्राम, पांडिचेरी और विभिन्न एम्स से विशेषज्ञ शामिल होंगे। लगभग 60 से 70 प्रतिनिधि दूसरे राज्यों से आ रहे हैं। नई तकनीक, रोबोटिक सर्जरी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर चर्चा होगी। विशेषज्ञों ने कहा कि बच्चों की सर्जरी अलग होती है और इसके लिए विशेष प्रशिक्षण जरूरी है। ऐसे आयोजनों से राज्य में बेहतर चिकित्सा सुविधा विकसित होगी। प्रेस वार्ता में डॉ श्याम सुन्दर साहू, डॉ अभिषेक कुमार सिंह, डॉ जैनेन्द्र कुमार और डॉ इमरान भी मौजूद थे।

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 26.8° न्यून. 13.0°
रांची: अधिक. 27.0° न्यून. 13.2°
रांची, गुरुवार
26 फरवरी 2026
वर्ष-27, अंक-27, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.
फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 09

## एशिया कप खेलने वाली झारखंड की पहली महिला फुटबॉलर बनेंगी अष्टम उरांव

# भारतीय टीम में झारखंड की बेटी अष्टम का चयन

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** महिला फीफा वर्ल्ड कप 2027 का आयोजन ब्राजील में होगा। इसमें टीम के चयन को लेकर 1 मार्च से 21 मार्च तक सीनियर एशियन कप महिला फुटबॉल (एएफसी) चैंपियनशिप होगी। सीनियर एशियन कप महिला फुटबॉल के लिए भारतीय फुटबॉल संघ ने 26 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस भारतीय टीम में झारखंड की अष्टम उरांव का भी चयन किया गया है। वे टीम में डिफेंडर के रूप में खेलेंगी। इस समय अष्टम उरांव भारतीय महिला फुटबॉल टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही हैं। अष्टम उरांव गुमला जिले के बिशनपुर प्रखंड की निवासी हैं। उनका घर बनारी पंचायत के बनारी गोरा टोली गांव में है। उनके पिता का नाम हीरा उरांव और माता का नाम तारा उरांव है।

प्रतिभा की धनी अष्टम उरांव खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय बालिका फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र, हजारीबाग की पूर्व प्रशिक्षु रह चुकी हैं। वह हजारीबाग प्रशिक्षण केंद्र के बाद गुमला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थीं। वर्तमान में वह ईस्ट बंगाल एकेडमी टीम से खेलती हैं। वे अंडर-17 वर्ल्ड कप बालिका फुटबॉल 2022 में भारतीय टीम की कप्तान रह चुकी हैं। भारत, जापान, वियतनाम एवं चाइनीज ताइपेई को सीनियर एशियन कप महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप-सी में रखा गया है। इसमें देश का पहला मैच 04 मार्च 2026 को ऑस्ट्रेलिया में पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में भारत बनाम वियतनाम होगा। दूसरा मैच 07 मार्च 2026 को पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में ही भारत बनाम जापान होगा। तीसरा मैच वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम, ऑस्ट्रेलिया में 10 मार्च 2026 को भारत बनाम चाइनीज ताइपेई के बीच खेला जाएगा।



**अभी भारतीय टीम के साथ ऑट्रेलिया में प्रशिक्षण शिविर में ले रहीं भाग**

**गुमला जिले के बिशनपुर प्रखंड की बनारी पंचायत की हैं रहने वाली**

## सीएम ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं


अष्टम उरांव

सीनियर एशियन कप महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड की गुमला निवासी अष्टम उरांव के भारतीय टीम में चयनित होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। खेल मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने भी अष्टम उरांव को बधाई दी है। खेल सचिव मुकेश कुमार, खेल निदेशक आसिफ इकराम, खेल उपनिदेशक राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड फुटबॉल संघ के गुलाम रब्बानी, साझा के देवेंद्र सिंह, मणिकांत, प्रवीण कुमार, डीएसओ गुमला, फुटबॉल कोच बीणा केरकेट्टा, रिजवान अली, सोनी कुमारी समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने भी बधाई दी है।




| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5 : 49 | 4 : 49 |
| 26 फरवरी | 27 फरवरी |

## वियतनाम संसदीय मैत्री समूह का नेतृत्व करेंगे पलामू सांसद वीडी राम



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पलामू के सांसद को वियतनाम के लिए संसदीय मैत्री समूह का लीडर मनोनीत किया है। यह दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि भारत की संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर है। भारत द्वारा 60 से अधिक देशों के साथ गठित संसदीय मैत्री समूहों का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक संवाद को सशक्त करना है। वियतनाम जैसे महत्वपूर्ण देश के साथ इस समूह का नेतृत्व मिलना पलामू के लिए विशेष महत्व रखता है। इससे 'संसद से संसद' और 'जनता से जनता' के बीच संवाद का दायरा विस्तृत होगा। इस जिम्मेदारी से क्षेत्र की जनता में उत्साह और आत्मगौरव का भाव है।

## बजट अभिभाषण पर चर्चा के बाद वित्त मंत्री ने सरकार की ओर से दिया जवाब

# डीएमएफटी फंड में बिचौलियागिरी पर होगी कड़ी कार्रवाई : राधाकृष्ण




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बुधवार को झारखंड विधानसभा में कहा कि बजट सत्र 2026-27 के दौरान सदन में मुख्यमंत्री और उनकी ओर से की गई घोषणाएं इसी वर्ष धरातल पर उतारी जाएंगी। इसके लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाएगी, जो मुख्यमंत्री, राज्यपाल और वित्त मंत्री की घोषणाओं की समीक्षा करेगी। वित्त मंत्री सदन में बजट अभिभाषण पर हुई चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ऑडिट में पाई गई 10 हजार करोड़ रुपए की गड़बड़ी पर कहा कि यह पैसा झारखंड की जनता का है। यदि डीएमएफटी फंड में बिचौलियागिरी हुई होगी, तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक पूंजी निवेश नहीं होगा, तब तक संसाधनों के दम पर राज्य आगे नहीं बढ़ सकता। मुख्यमंत्री के विदेश दौरे का परिणाम दो वर्षों के भीतर दिखाई देगा और अधिक से अधिक पूंजी निवेश आएगा।

शेष पेज 09 पर

### बजट 2026-27 में किया गया है आर्थिक क्षेत्र में संतुलन बनाने का प्रयास



## विकसित भारत के लिए झारखंड का भी विकास करे केंद्र सरकार



**रांची।** कांग्रेस के विधायक रामेश्वर उरांव ने बजट सत्र के दौरान बुधवार को कहा कि जब देश में ही बेरोजगारी है, फिर झारखंड राज्य इससे कैसे अछूता रह सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के सिमडेगा खूंटी, गुमला सहित कई जिलों में भारी आर्थिक असमानताएं हैं। वहीं, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम जैसे जिले संपन्न हैं। इन जिलों के समकक्ष आर्थिक असमानता वाले जिलों को लाना, राज्य सरकार के लिए चुनौती है। रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड का जीडीपी तभी बढ़ेगा, जब सभी राज्यों की स्थिति में सुधार होगी। विकसित भारत देखने के लिए केंद्र सरकार को झारखंड को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्ष 2026-27 की बजट में महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया है। राज्य में सरकार की ओर से शिक्षा पर जोर दिया गया है। साथ ही पूंजीगत व्यय को बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि आमजनों का फायदा होगा तो ही आम लोग बेहतर जीवन जी पाएंगे। सरकार को राज्य के विकास की चिंता है। इसलिए मुख्यमंत्री ने दावोस यात्रा कर स्टील और अन्य क्षेत्रों से एमओयू किया है। राज्य में निवेश आएगा, तो राज्य का विकास होगा।

विधायक ने कहा कि किसी भी बजट की दो प्रमुख विशेषताएं विकास की दिशा और सामाजिक सरोकार है। इसबार सदन पटल पर प्रस्तुत बजट में दोनों पहलुओं का समावेश किया गया है।

## झारखंड विधानसभा में उठा धनबाद एयरपोर्ट का मुद्दा

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन बुधवार को निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने सदन में धनबाद में एयरपोर्ट बनाने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि लोग बार-बार धनबाद में एयरपोर्ट बनाने की मांग करते हैं। अरूप चटर्जी के सवाल पर विधायक मथुरा महतो ने भी साथ दिया और एयरपोर्ट की मांग रखी। विधायक ने सदन में कहा कि धनबाद में एयरपोर्ट बनाने के सवाल का जवाब सरकार की ओर से आ चुका है। इसमें कहा गया है कि जमीन की कमी और नजदीक में 50 किलोमीटर की दूरी पर बोकारो एयरपोर्ट का काम प्रगति पर है, इससे धनबाद में पर्याप्त जमीन के अभाव में एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकता है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री दीपक बरुआ ने कहा कि धनबाद में बरवाअड्डा हवाई पट्टी है, जो 37-ए में है। कैटेगरी 1 के लिए 113 एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है। जहां एयरपोर्ट है

शेष पेज 09 पर

## ईडी के समन की अवहेलना का मामला

# सीएम हेमंत सोरेन को मिली सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत



- शीर्ष अदालत ने लगाई निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक
- मामला ईडी के समन की कथित अवहेलना से जुड़ा है

**नई दिल्ली/रांची (आईएएनएस)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना से जुड़े केस में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने रांची की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में इस मामले में चल रही कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगा दी है और ईडी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह मामला ईडी के समन की कथित अवहेलना से जुड़ा है। ईडी की ओर से रांची सीजेएम कोर्ट में हेमंत सोरेन के खिलाफ 19 फरवरी 2024 को शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। एजेंसी का कहना है कि रांची के बड़गाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा गया था। इसके बाद इसी वर्ष उन्हें 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर को और 2024 में 13 जनवरी, 22 जनवरी और 27 जनवरी को भी समन भेजे गए थे। इस तरह उन्हें कुल दस समन भेजे गए, लेकिन इनमें से मात्र दो समन पर वे उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है।

कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल शिकायतवाद पर सुनवाई के बाद 4 मार्च 2024 को संज्ञान लिया था। बाद में यह मामला एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। बाद में मुख्यमंत्री ने इस आदेश को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी। हालांकि, हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को रद्द करने से इनकार करते हुए ट्रायल की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था।

शेष पेज 09 पर

### न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को नहीं : सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने बुधवार को एनसीईआरटी की कक्षा 8 की नई किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े चैप्टर पर आपत्ति जताई। सीजेआई ने कहा कि किसी को भी इस बात की इजाजत नहीं दी जाएगी कि वे न्यायपालिका को बदनाम करें। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, मुकुल रोहतगी ने सीजेआई के सामने यह मामला उठाया था। कपिल सिब्बल ने कहा कि यह दुख की बात है कि कक्षा 8 के बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में पढ़ाया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी है। उन्हें लगातार इस बारे में फोन कॉल, मैसेज मिल रहे हैं।

शेष पेज 09 पर

## वीर सोरेन के असामयिक निधन से परिवार पर टूट पड़ा है दुख का पहाड़

# चंपाई सोरेन के पोते की कुल्लू-मनाली में मौत

**जमशेदपुर/कुल्लू (हि.स.)**

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते और बाबूलाल सोरेन के बड़े पुत्र वीर सोरेन (21 वर्ष) की हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही सोरेन परिवार सहित समर्थकों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीर सोरेन अपने कुछ मित्रों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से कुल्लू-मनाली गए थे। क्षेत्र में इन दिनों बर्फबारी हो रही है और पर्यटकों की काफी भीड़ है। बताया जाता है कि वीर अपने दोस्तों के साथ बर्फ में खेलने और हिम क्रीड़ा का आनंद लेने गए थे। इस दौरान उन्होंने स्कीइंग भी की। दिनभर घूमने-फिरने के बाद वे अपने ठहरने के स्थान पर लौट आए।


पर्यटन के उद्देश्य से कुल्लू मनाली गए थे वीर सोरेन

जानकारी के अनुसार, आवासीय विश्राम गृह लौटने के कुछ समय बाद ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वे अचेत हो गए, जिसके बाद साथ मौजूद मित्रों ने घबराकर तत्काल उन्हें निकटवर्ती चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक स्तर पर मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। चिकित्सकों ने हृदय गति रुकने या अत्यधिक ठंड के प्रभाव की आशंका जताई है।

शेष पेज 09 पर

## कदमा में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल और सीएम भी लेंगे भाग

# आज आएंगी राष्ट्रपति, जमशेदपुर में दो कार्यक्रम

**जमशेदपुर/नई दिल्ली (आईएएनएस)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार (26 फरवरी) को जमशेदपुर के दौरे पर रहेंगी। वे शहर के कदमा मरीन ड्राइव स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र ट्रस्ट के भूमि पूजन कार्यक्रम तथा बारीडीह स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के एक भवन का शिलान्यास करने के बाद छात्रों से संवाद करेंगी।


कार्यक्रम के बाद जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगी

आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति नागपुर (महाराष्ट्र) से भारतीय वायु सेना के बीबीजे विमान से गुरुवार को दिन में 11:00 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से वे एमआई-17 हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति दोपहर 12:00 बजे सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगी और 12:20 बजे कदमा स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी। वहां से दिन में 2:30 बजे प्रस्थान कर 2:50 बजे टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज परिसर पहुंचेंगी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद वे 3:40 बजे पुनः सोनारी एयरपोर्ट पहुंचकर रांची लौटेंगी और इसके बाद जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति जमशेदपुर में जिस कदमा स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र ट्रस्ट के प्रस्तावित केंद्र का भूमि पूजन करने वाली हैं

शेष पेज 09 पर

**महत्वपूर्ण पहल**

## एफजेसीसीआई और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के बीच एमओयू

# रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे : आदित्य मल्होत्रा

- प्रदेश के उद्योग और स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम के लिए महत्वपूर्ण कदम

**नवीन मेल संवाददाता**



### टूल रूम के छात्रों को मिलेंगे बेहतर प्लेसमेंट के अवसर

एमओयू के तहत टूल रूम के छात्रों को इंटर्नशिप, इंडस्ट्रीयल विजिट और बेहतर प्लेसमेंट अवसर मिलेंगे। वहीं, व्यापारियों व उद्यमियों को इंडस्ट्री-रेडी टेक्नीकल मैनपावर, तकनीकी कंसल्टेंसी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सपोर्ट और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। दोनों संस्थान मिलकर स्किल-गैप एनालिसिस, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग मॉड्यूल, सस्टेनेबल इंडस्ट्रीयल प्रैक्टिस और वोकेशनल ट्रेनिंग को भी बढ़ावा देंगे।

**रांची।** झारखंड के औद्योगिक एवं कौशल विकास को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना तथा क्लासरूम लर्निंग और इंडस्ट्रीयल प्रैक्टिस के बीच की खाई को कम करना है। एफजेसीसीआई के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के साथ किया गया यह एमओयू प्रदेश के उद्योग और स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे तकनीकी शिक्षा और उद्योग की जमीनी जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। इस सहयोग के माध्यम से उद्योगों को इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

झारखंड चैंबर राज्य को एक फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगा। उप समिति चेयरमैन आलोक कुमार और प्रियंक भगत ने कहा कि यह साझेदारी रोजगार सृजन, प्रोडक्टिविटी एन्हांसमेंट और राज्य को एक फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स प्रदान करेगी। इस अवसर पर झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्रिंसिपल सह प्रबंध निदेशक (इंचार्ज) एमके गुप्ता, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर आशुतोष मिश्रा, एचओडी ट्रेनिंग मंगल टोप्पो, चैंबर के उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सदस्य भानु कुमार उपस्थित थे।

# धनबाद के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी



- ईमेल में कही गई आरडीएक्स प्लांट करने और साइनाइड से हमला करने की बात

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद सिविल कोर्ट परिसर को आरडीएक्स और बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल बुधवार को मिलते वहां अफरातफरी मच गई। धमकी की जानकारी मिलते ही धनबाद जिला प्रशासन और पुलिस महकमा अलर्ट मोड में आ गया तथा एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को खाली करा लिया गया।

बताया जा रहा है कि न्यायालय के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए संदेश में कोर्ट परिसर में आरडीएक्स प्लांट करने और साइनाइड से हमला करने की धमकी दी गई थी।

शेष पेज 09 पर

### रांची निगम ने लगाया 3.95 लाख रुपए का जुर्माना

# सड़कों को कराया अतिक्रमण मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के मद्देनज़र रांची नगर निगम ने बुधवार को शहर में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कुल 3,95,100 रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के तहत की गई। अपर प्रशासक संजय कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। जिसमें निगम के वरीय पदाधिकारी फील्ड में उतरे और शहर के प्रमुख मार्गों और व्यावसायिक क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। नवगठित डेडिकेटेड रोड मैनेजमेंट टीम (डीआरएमटी) की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाए जा सके।

## अभियान में अतिक्रमण, अवैध विज्ञापन सहित विभिन्न उल्लंघनों पर जुर्माना



निगम के अनुसार, अभियान के दौरान अतिक्रमण के 1,09,900 रुपए, अवैध विज्ञापन के 1,27,000 रुपए, डस्टबिन अनुपलब्धता के 50,000 रुपए, ट्रेड लाइसेंस उल्लंघन के 50,000 रुपए, सीएंडडी वेस्ट के 17,500 रुपए, गंदगी फैलाने के 36,900 रुपए, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के 2,700 रुपए, नो पार्किंग के 1,000 रुपए और खुले में पेशाब करने पर 100 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## 10 प्रमुख सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया

अधिकारियों ने बताया कि शहर की 10 प्रमुख सड़कों को सुव्यवस्थित, अतिक्रमण मुक्त एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए डीआरएमटी का गठन किया गया है। अपर प्रशासक संजय कुमार के नेतृत्व में टीम 'ए' ने शहीद चौक, अपर बाजार, पुरुलिया रोड (सदर अस्पताल), डेली मार्केट से मेन रोड तक निरीक्षण किया। वहीं उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू ने नागा बाबा वेजिटेबल मार्केट से रातू रोड तक और उप प्रशासक रविंद्र कुमार ने अरगोड़ा से सहजानंद चौक होते हुए बायपास रोड तक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सहायक प्रशासकों ने भी विभिन्न रूटों पर निरीक्षण किया। प्रत्येक मार्ग के साथ एक वरीय पदाधिकारी को टैग किया गया है, जो संबंधित टीम के साथ नियमित मॉनिटरिंग कर सके और त्वरित कार्रवाई किया जा सके। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, सड़क एवं फुटपाथ अतिक्रमण, सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबिन की उपलब्धता, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का निष्पादन, अवैध वेंडिंग, अवैध पार्किंग, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग, नालियों और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, अवैध होर्डिंग,पोस्टर, और ट्रेड लाइसेंस से संबंधित मानकों की जांच की गई।

# डीएसपीएमयू कर्मियों की पेन डाउन स्ट्राइक, विवि का कामकाज ठप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में पिछले कई दिनों से शिक्षक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारी पेन डाउन स्ट्राइक पर हैं। एमएसईपी को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया है। हड़ताल का सीधा असर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों पर पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि अप्रैल 2025 से एमएसईपी का लाभ बंद कर दिया गया, जिससे न सिर्फ वेतन संबंधी विसंगतियां पैदा हुईं, बल्कि पदोन्नति (प्रमोशन) समेत कई सेवा लाभ भी प्रभावित हुए हैं। उनका आरोप है कि इस निर्णय के बाद से कई मामलों में फाइलें अटक गई हैं और कर्मचारियों को आर्थिक व प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पेन डाउन स्ट्राइक के कारण विश्वविद्यालय में परीक्षा, परिणाम प्रकाशन, प्रमाणपत्र निर्गत करने, नामांकन प्रक्रिया और अन्य प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। छात्रों को भी जरूरी दस्तावेज और शैक्षणिक सेवाएं समय पर नहीं मिल पा रही हैं। कई विभागों में नियमित कार्यालयी कामकाज बाधित है, जिससे अकादमिक कैलेंडर पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव रोहित सिंह ने कहा कि एमएससीपी लाभ बहाली उनकी प्रमुख मांग है और जब तक इस पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्यपाल (कुलाधिपति) को भी अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है। रोहित सिंह ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति नहीं होने के कारण निर्णय लेने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उनका आरोप है कि प्रशासनिक स्तर पर स्पष्ट दिशा-निर्देश के अभाव में समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। स्थायी नेतृत्व के अभाव को वे वर्तमान संकट की एक बड़ी वजह मान रहे हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभी तक इस मुद्दे पर विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मामले पर विचार-विमर्श जारी है। इस बीच छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है कि यदि हड़ताल लंबी चली तो शैक्षणिक सत्र और परीक्षाओं पर व्यापक असर पड़ सकता है।

डीएसपीएमयू में जारी यह गतिरोध अब समाधान की प्रतीक्षा में है। कर्मचारी एमएसपी लाभ की बहाली और सेवा संबंधी विसंगतियों के निराकरण की मांग पर अड़े हैं, जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

# वीणा देवांगन को रवीन्द्र टैगोर नेशनल अवॉर्ड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची के एक होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में शिक्षा जगत की प्रख्यात शिक्षाविद् वीणा देवांगन को रवीन्द्र टैगोर नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस विशेष आयोजन में बिहार झारखंड के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े चेयरमैन, डायरेक्टर, प्रिंसिपल प्रमुख हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

वीणा देवांगन पिछले लगभग 15-16 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। वे बच्चों, युवाओं और विशेष रूप से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही हैं। उनका मानना है कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर व्यक्तित्व विकास और जीवन कौशल का माध्यम बननी चाहिए। अपनी संस्था और कंपनी के माध्यम से वे ब्रेन डेवलपमेंट एवं समग्र शिक्षा पर कार्य कर रही हैं। वैदिक गणित, अबेकस, मेमोरी साइंस, रोबोटिक्स, कोडिंग ,पब्लिक स्पीकिंग तथा अन्य आधुनिक कौशलों के प्रशिक्षण के जरिए वे बच्चों के मानसिक विकास, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही हैं। साथ ही वे कई महिलाओं को रोजगार प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य भी कर रही हैं। रवीन्द्र टैगोर नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित होना उनके वर्षों की मेहनत, समर्पण और शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा का प्रमाण है। यह सम्मान न केवल उनके लिए गौरव का क्षण है, बल्कि रांची और संपूर्ण शिक्षा जगत के लिए भी प्रेरणा का विषय है।

# एमएसएमई की मजबूती के लिए जिला स्तर पर स्किलिंग जरूरी : आदित्य मल्होत्रा

- माइनिंग, फैब्रिकेशन, मैकेनिकल मेंटेनेंस व इलेक्ट्रिकल ट्रेड्स में स्किल गैप
- क्लस्टर-आधारित स्किलिंग अप्रोच अपनाने की आवश्यकता पर जोर
- उद्योगों को पाठ्यक्रम, अप्रेंटिसशिप व ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग में शामिल करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




ग्रांट थोरंटोन भारत एलएलपी द्वारा जीआईजेड के सहयोग से बुधवार को रांची के एक होटल में एमएसएमई सपोर्ट एंड इंगेजमेंट फ्रेमवर्क पर राज्य स्तरीय अंतरिम वैलिडेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा बतौर पैनलिस्ट शामिल हुए।

चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि एमएसएमई इकाइयाँ इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर की कमी से जूझ रही हैं, विशेषकर माइनिंग सपोर्ट सर्विसेज, फैब्रिकेशन, मैकेनिकल मेंटेनेंस एवं इलेक्ट्रिकल ट्रेड्स में। राज्य में प्रशिक्षित युवा उपलब्ध होने के बावजूद, प्रैक्टिकल और शॉप-फ्लोर आधारित स्किल्स की कमी के कारण एमएसएमई को दोबारा प्रशिक्षण पर समय और संसाधन खर्च करने पड़ते हैं, जो छोटे उद्यमों के लिए चुनौतीपूर्ण है। यह भी कहा कि झारखंड को एक क्लस्टर-आधारित स्किलिंग अप्रोच अपनाने की आवश्यकता है, जहां प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर की औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप हों, न कि एक समान राज्य-स्तरीय पाठ्यक्रम पर आधारित। उद्योगों को पाठ्यक्रम निर्माण, अप्रेंटिसशिप योजना और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग फ्रेमवर्क में सक्रिय रूप से शामिल किया जाना चाहिए। एमएसएमई अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों में भाग लेने को तैयार हैं, बशर्ते कम्प्लायंस प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए और संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराया जाए।

चैंबर अध्यक्ष ने प्रशिक्षित मानव संसाधन के पलायन पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रशिक्षण के बाद अन्य राज्यों में हो रहा माइग्रेशन एक बड़ी चुनौती है, जिसे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाकर ही रोका जा सकता है। कार्यशाला में विभिन्न संगठनों, एजेंसियों एवं स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया और अध्ययन के प्रारंभिक निष्कर्षों पर अपने सुझाव दिए। इस पहल का उद्देश्य राज्य में एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ एमएसएमई इकोसिस्टम का निर्माण करना है। इस अवसर पर चैम्बर के स्किल डेवलपमेंट उप समिति चेयरमैन अलोक कुमार भी उपस्थित थे।

## चाकूबाजी मामले में एक हिरासत में

**रांची।** राजधानी के लोअर बाजार थाना इलाके में बीती रात हुए चाकूबाजी मामले में पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने जिस व्यक्ति को हिरासत में लिया है, उसका नाम साहिल बताया जा रहा है। दुकान लगाने को लेकर दो गुटों में विवाद के दौरान चाकूबाजी की घटना हुई है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम में ईद की दुकान लगाने को लेकर दो गुटों में विवाद हुआ था। हालांकि उस समय स्थानीय लोगों ने समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया था। इसके बाद देर रात दोनों गुटों में फिर से विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों में चाकूबाजी हो गई।चाकूबाजी की इस घटना में इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दो लोगों को हल्की चोटें आईं हैं। घायल युवकों का नाम मोहम्मद फैबीन, मोहम्मद रियान और मोहम्मद इरफान है। सभी कर्बला इलाके के रहने वाले हैं। चाकूबाजी का आरोप मोहम्मद अयान और उसके साथियों पर लगा है।

# बीआईटी मेसरा में ग्रामीण सड़क प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा के सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 25 से 27 फरवरी 2026 तक "ग्रामीण सड़क प्रौद्योगिकी, परीक्षण एवं अनुरक्षण" विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी द्वारा अनुमोदित है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों की योजना, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं अनुरक्षण से जुड़े अभियंताओं की तकनीकी क्षमता सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुल 32 अभियंता भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी विभिन्न पदों-कनिष्ठ अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता-पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. मणि मोहन, डॉ. आशीष कुमार पटनायक, प्रो. आनंद कुमार सिन्हा और प्रो. बिंधु लाल द्वारा किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर के डॉ उमेश चंद्र साहू ने "फुल डेप्थ रिक्लेमेशन प्रौद्योगिकी" पर व्याख्यान दिया। इसके बाद डॉ. मणि मोहन ने ग्रामीण सीसी सड़क निर्माण की व्यावहारिक चुनौतियों और समाधान पर सहभागितापूर्ण सत्र लिया।

दोपहर बाद प्रतिभागियों को मृदा यांत्रिकी तथा सीमेंट-कंक्रीट एवं सड़क सामग्री प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### आज / कल




# रांची में मतगणना को लेकर प्रशासन अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगरपालिका (आम) निर्वाचन की मतगणना को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। रांची में 27 फरवरी को होने वाली मतगणना को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर रिंग रोड स्थित बज्रगृह (मतगणना स्थल) पर संयुक्त ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया की अध्यक्षता में हुई। इसमें मतगणना ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और दंडाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग में मतगणना हॉल में अनुशासन बनाए रखने, अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक, बैलट बॉक्स की सुरक्षित हैंडलिंग, गणना टेबलों की निगरानी और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए गए। राज्य निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे पूरी पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कर्तव्यों को पालन करने की अपील की गई। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर कुमार रजत, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू किस्टो कुमार बेसरा, पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार साहू और जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### तैयारियां पूरी, अफवाहों से बचने की अपील

प्रशासन के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मतगणना केंद्र पर सुरक्षा घेरा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैठने की सुविधा समेत सभी लॉजिस्टिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन लगातार निरीक्षण और समन्वय कर रहा है। लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें।

# सीयूजे में लगातार दूसरे दिन भी सीबीआई की दबिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के विभिन्न विभागों में वित्तीय अनियमितता को लेकर सीबीआई की जांच लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार को सीबीआई की टीम एक बार फिर से सेंट्रल यूनिवर्सिटी पहुंची है और वहां विभिन्न विभागों की फाइलें खंगाल रही है। रांची के चेरी मनातू स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नियुक्तियों में गड़बड़ी, टेंडर घोटाला और वित्तीय अनियमितता मामले को लेकर सीबीआई ने अपनी जांच तेज कर दी है। बुधवार को लगातार दूसरे दिन सीबीआई की टीम यूनिवर्सिटी पहुंची और फाइलों को खंगाला। सीबीआई सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान एजेंसी ने यूनिवर्सिटी में सामान की खरीदारी, निर्माण कार्य में हुए टेंडर और नियुक्ति से संबंधित फाइलों की एक-एक कर खंगाला। मंगलवार को एजेंसी ने 100 से ज्यादा फाइलें जब्त कर ली थी।

### सीबीआई के हाथ लगे कई दस्तावेज

मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई को सेंट्रल यूनिवर्सिटी में हुई गड़बड़ी से जुड़े कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं, जिनकी गहराई से जांच की जा रही है। सीबीआई की टीम के द्वारा सेंट्रल यूनिवर्सिटी से जुड़े अधिकारियों से भी लगातार पूछताछ की जा रही है।आपको बता दें कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी में हुई नियुक्तियों में गड़बड़ी, टेंडर में घोटाला और वित्तीय लेनदेन में बरती गई अनियमितता को लेकर सीबीआई जांच कर रही है। मंगलवार को इन्हीं मामलों को लेकर सीबीआई की टीम सेंट्रल यूनिवर्सिटी पहुंची थी। मंगलवार को सीबीआई की टीम ने करीब सात घंटे तक जांच की थी। जिसके बाद एक बार फिर बुधवार को सीबीआई की टीम सेंट्रल यूनिवर्सिटी पहुंची है और फाइलें खंगाल रही है।

## इंदौर-रांची/पुरुलिया के बीच नई रेल सेवा की मांग

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने रेल मंत्री को पत्राचार कर इंदौर से रांची एवं पुरुलिया के बीच नई नियमित रेल सेवा प्रारंभ करने का आग्रह किया। वहीं कहा कि वर्तमान में इस मार्ग पर सीधी रेल सुविधा उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों, व्यवसायियों एवं छात्रों को भारी असुविधा हो रही है। उन्होंने सुझाया कि ट्रेन संख्या 12913/12914 त्रिशताब्दी एक्सप्रेस का आरक्षित रेक मंगलवार से रविवार तक अधिकांश समय अनुपयोगी अवस्था में पार्किंग में रहता है। यदि इस रेक का सप्ताह में एक दिन उपयोग करते हुए इंदौर-रांची/पुरुलिया के मध्य एक नई ट्रेन सेवा प्रारंभ की जाय, जो उज्जैन,भोपाल,चोपन, डाल्टनगंज ,लोहरदगा एवं रांची होते हुए संचालित हो, तो यह रेलवे संसाधनों का अत्यंत प्रभावी उपयोग साबित होगा। इस प्रस्तावित ट्रेन के प्रारंभ होने से इंदौर, उज्जैन एवं भोपाल जैसे मध्यप्रदेश के प्रमुख शहरों से झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के यात्रियों को सीधा रेल संपर्क प्राप्त होगा।

# क्षत्रिय समागम 15 मार्च को, राजस्थान के विधायक रविंद्र सिंह भाटी होंगे मुख्य अतिथि

### समागम रांची के एचईसी स्थित पुराना विधानसभा मैदान में होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




क्षत्रिय गौरव एकता मंच की ओर से झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार विशाल क्षत्रिय समागम का आयोजन किया जा रहा है। क्षत्रिय समागम एचईसी स्थित पुराना विधानसभा मैदान में 15 मार्च को होगा। समागम में झारखंड के गांव- गांव से समाज के लोग आएंगे। समागम के मुख्य अतिथि होंगे राजस्थान के विधायक रविंद्र सिंह भाटी। इसके अतिरिक्त क्षत्रिय समाज के झारखंड के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक शामिल होंगे। समागम की सफलता को लेकर पूरे झारखंड में तैयारी तेज है। यह जानकारी पूर्व एमएलसी और क्षत्रिय गौरव एकता मंच के प्रदेश संयोजक प्रवीण सिंह सिंह ने बुधवार को हरमू में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। प्रवीण सिंह ने कहा कि समागम का मुख्य उद्देश्य क्षत्रिय समाज की एकजुटता, आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति, अपनी कमियां, गरीब बेटियों की शादी, अपनी संस्कृति व संपत्ति की रक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि आज समाज को एकजुट होने की जरूरत है, क्योंकि हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी हो रही हैं। समाज के समक्ष कई बड़ी चुनौतियां हैं। आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक मुद्दों पर हम एकजुट होकर काम करना चाहते हैं। जब तक हम एकजुट नहीं होंगे तब तक हमारी समस्याएं खत्म नहीं हो होगी। युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और विरासत की जानकारी भी होनी चाहिए। हमारा समाज अभी भी बिखरा हुआ है। जिसका लाभ दूसरे लोग उठाते हैं।

समागम में क्षत्रिय समाज के कल्याण के लिए क्या काम किया जा सकता है। किन योजनाओं की जरूरत है, इन सब विषयों पर गहन चर्चा होगी और समाधान निकालने का प्रयास होगा। क्षत्रिय समाज की संपत्ति वह विरासत दिन प्रतिदिन घट रही है। यह चिंता का विषय है। समाज में गरीब बेटियों की शादी और उनकी पढ़ाई-लिखाई भी एक अहम मुद्दा है। गरीब बेटियों की शादी में समाज के लोग कैसे मदद करें, बेटियों को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस विषय पर भी लोग अपनी राय रखेंगे और इस पर काम होगा।

उन्होंने कहा कि समागम की सफलता को लेकर सभी जिलों में क्षत्रिय एकता मंच के लोग लगे हुए हैं। तैयारी तेज हो गई है। वह खुद अब तक झारखंड के लगभग सभी जिलों का दौरा कर चुके हैं। समागम को लेकर समाज के लोगों में उत्साह है। 15 मार्च को 35 से 40 हजार लोग रांची में आएंगे। समागम की सफलता को लेकर 27 मार्च को प्रेस क्लब में दिन के ढाई बजे से एक बैठक भी आयोजित की गई है। इस मौके पर भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह, जीवेश सिंह सोलंकी, सुनील सिंह व अभिषेक सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## आरयू के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का रिम्स व रिनपास संग एमओयू

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और रिम्स व रिनपास के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान आरयू के प्रभारी कुलपति डॉ डीके सिंह व वेलनेस सेंटर के निदेशक डॉ परवेज हसन उपस्थित थे। इस समझौते का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मियों को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके तहत प्रिवेंटिव केयर, प्रारंभिक जांच, काउंसिलिंग सेवाएं और आवश्यकतानुसार विशेष उपचार की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में रिनपास की विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा, जबकि सामान्य और गंभीर चिकित्सा सेवाओं में रिम्स सहयोग प्रदान करेगा। विवि प्रशासन के अनुसार, यह साझेदारी न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगी, बल्कि अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी नए अवसर प्रदान करेगी। इससे परिसर में समग्र स्वास्थ्य जागरुकता और सेवा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जल्द ही रांची विवि के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि (डीएसपीएमयू) और झारखंड प्रौद्योगिकी विवि (जेयूटी) के साथ भी करार होगा।

### श्याम निशान शोभायात्रा में उमड़ी आस्था की लहर

# श्याम के रंग में रंगी राजधानी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

"हाथों में लेकर निशान चला रे, मैं तो अपने बाबा के धाम चला रे" के जयघोष के साथ श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित 'रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव' के तहत भव्य ध्वजा निशान शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत सरोवर मंदिर सेवा सदन पथ से हुई और पूरे मार्ग में श्रद्धा व भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

रजत सिंहासन पर विराजमान बाबा का सुसज्जित रथ जैसे ही मंदिर से निकला, पूरी राजधानी श्याम के रंग में रंग गई। हजारों श्रद्धालु हाथों में निशान ध्वज लेकर बाबा से मनोकामना पूरी होने की अरदास करते हुए चल रहे थे। मान्यता है कि सच्चे मन से पैदल चलकर निशान अर्पित करने वाले भक्तों की हर इच्छा बाबा श्याम पूर्ण करते हैं। यात्रा में गुजरात का डांडिया, राजस्थानी वेशभूषा में सजी महिलाएं, तथा हजारीबाग का ताशा बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। ढोल-नगाड़ों और "हारे के सहारे, बाबा श्याम हमारे" के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। रथ पर मंडल के पदाधिकारियों ने पूजन-अनुष्ठान व संकल्प कराया। मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने बाबा का भव्य श्रृंगार किया। आयोजन में कई पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### श्री श्याम प्रभु का उत्सव समाज में सच्ची भक्ति का है प्रतीक: संजय सर्राफ

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हिंदू धर्म में श्रद्धा और विश्वास का अद्भुत केंद्र माने जाने वाले श्री खाटू श्याम जी का फाल्गुन मेला महोत्सव देशभर में अत्यंत धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष यह पावन उत्सव 21 से 28 फरवरी तक मनाया जा रहा है, तथा फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी 27 फरवरी एवं द्वादशी 28 फरवरी के दौरान विशेष रूप से मनाया जाएगा। राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर में इस अवसर पर विशाल मेले का आयोजन होता है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु श्याम प्रभु के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह महोत्सव त्याग, बलिदान और सच्ची भक्ति का प्रतीक है। फाल्गुन मेला महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति का महासागर है। मंदिर को भव्य रूप से फूलों और रोशनी से सजाया जाता है।



# विद्यार्थी ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्र एवं समाज के कल्याण में करें : राज्यपाल

● आज हमारा देश नए आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक यात्रा का समापन नहीं बल्कि एक नई जीवन-यात्रा का शुभारंभ है। शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों का विकास और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करना है। राज्यपाल बुधवार को रांची के राय विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह के अवसर पर उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान कि वे अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग राष्ट्र एवं समाज के कल्याण में करें। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश नए आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मंत्र देश को नई दिशा दे रहा है। विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे नवाचार-आधारित अभियानों ने युवाओं को रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजक बनने की प्रेरणा दी है। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जहाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल तकनीक, हरित ऊर्जा और नवाचार जैसे क्षेत्र नए अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक एआई सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत तकनीकी नेतृत्व की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में आपकी बेहतर एवं अनुकूल क्षमता, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति और रचनात्मक सोच आपकी सबसे बड़ी शक्ति होगी।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल पेशेवर सफलता तक सीमित न रहें, बल्कि ईमानदारी, करुणा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठा पद से नहीं, बल्कि कर्म और चरित्र से प्राप्त होती है।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड केवल प्राकृतिक संसाधनों की भूमि नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, संस्कृति और संभावनाओं की धरती है। यदि राज्य के युवा अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज एवं राज्य के विकास में करेंगे, तो झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में स्थान प्राप्त कर सकता है। शिक्षा का वास्तविक मूल्य तभी है जब वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक सकारात्मक परिवर्तन पहुंचा सके।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य की उच्च शिक्षा को बेहतर एवं गुणात्मक बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि राज्य के विश्वविद्यालयों की गणना राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में हों। निजी विश्वविद्यालयों की भूमिका भी इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया और कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान से निर्मित होती है।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि हर महान उपलब्धि एक स्वप्न से प्रारंभ होती है। बड़े सपने देखिए, परिश्रम कीजिए और अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहिए। असफलताओं से घबराइए मत, उनसे सीख लेकर उन्हें सफलता में परिवर्तित कीजिए।

## श्रमिक संघ ने सीएमडी से की मुलाकात

**रांची।** आगामी नियुक्ति प्रक्रिया में मानव दिवस कर्मियों को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के. श्रीनिवासन से धुर्वा स्थित कार्यालय में मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने वर्ष 2016 एवं 2018 की तर्ज पर मानव दिवस कर्मियों को नियुक्ति में प्राथमिकता, आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट तथा पूर्व सर्वे सूची को आधार मानने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा। संघ ने एजेंसी व्यवस्था की समीक्षा, एकल एजेंसी की नियुक्ति और दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को रोजगार देने की नीति बनाने की भी मांग की। सीएमडी ने मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। संघ ने उम्मीद जताई कि आगामी बहाली प्रक्रिया में मानव दिवस कर्मियों को न्याय मिलेगा। श्रमिक संघ ने कहा कि हमलोगों को सुविधा मिलनी चाहिए। जिससे लोगों को सही रूप से लाभ मिल सके। श्रमिकों को अब सही रूप से लाभ नहीं मिल पाया है जिससे काफी मजबूरी हो रही है।

## न्यूज बॉक्स

### एक ही रात दो जलमीनारों से उपकरण चोरी, जलापूर्ति ठप, आसपास के ग्रामीण परेशान



**खलारी।** प्रखंड के खलारी पंचायत अंतर्गत गुलजारबाग एवं गुलजारबाग नीचे धौड़ा स्थित सोलर जलमीनारों से आवश्यक उपकरणों की चोरी हो जाने से क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। मंगलवार देर रात हुई इस घटना के बाद दोनों जलमीनार पूरी तरह ठप हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुलजारबाग स्थित जलमीनार से चोरों ने सोलर पंप का तार काटकर चोरी कर लिया। वहीं गुलजारबाग नीचे धौड़ा में लगे दूसरे जलमीनार से स्टार्टर खोलकर ले जाया गया। इन उपकरणों के अभाव में दोनों जलमीनारों से जलापूर्ति बाधित हो गई है। जलमीनार ठप होने से आसपास के ग्रामीणों को पीने के पानी तथा घरेलू कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों से अविलंब नया तार और स्टार्टर लगाकर जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है। साथ ही पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में कल मनाई जाएगी सरहुल पूजा

बेड़ो। बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में सरहुल पूजा महासमिति के सदस्यों एवं समिति के पदाधिकारियों के बीच आगामी सरहुल पूजा को लेकर बुधवार को एक विशेष बैठक की गई। इस बैठक में आगामी होने वाले सरहुल पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस बार सरहुल पूजा को लेकर अगली बैठक 27 फरवरी दिन शुक्रवार समय सुबह 8.00 बजे ऐतिहासिक महादानी मैदान में बृहद रूप से की जाएगी। बैठक में सरना समाज के सभी भाई बहनों को आमंत्रित किया गया। बुधवार को आयोजित बैठक के दौरान मुख्य रूप से सरहुल पूजा आयोजन समिति के संरक्षक राकेश भगत, अध्यक्ष सुका उरांव, संरक्षक जुगेश उरांव, बिरजू तिर्की, सचिव चरवा उरांव, कोषाध्यक्ष रजत भगत, सुजीत कुमार मिंज, बुधराम उरांव, प्रभात टोप्पो, रोहित भगत, प्रभात लकड़ा, भोला कच्छप, रवि मिंज सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

### धुर्वा में एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाल लिए 95 हजार रुपए

**रांची।** धुर्वा एचईसी कॉलोनी निवासी राम बचन गुप्ता का एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से 95 हजार रुपए की अवैध निकासी कर ली। राम बचन गुप्ता ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। राम बचन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह 22 फरवरी को धुर्वा सेक्टर टू स्थित एक एटीएम से पैसा निकासी के लिए गए थे। लेकिन, राशि निकासी नहीं हुई। इसी बीच एक व्यक्ति सहयोग के लिए एटीएम में घुसा। मगर, राशि की निकासी नहीं हो पायी। कुछ देर बाद उनके खाते से राशि की निकासी हो गयी। एटीएम कार्ड देखने पर पता चला कि वह किसी और व्यक्ति का है। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### गुलजारबाग के ग्रामीणों ने सामाजिक एकता मजबूत करने का लिया संकल्प



**खलारी।** गुलजारबाग में ग्रामीणों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता चंद्रिका मिश्रा ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य देवी देवी एवं सुषमा देवी उपस्थित थी। बैठक का मुख्य उद्देश्य गुलजारबाग के साथ-साथ आसपास के गांवों एवं टोला-मोहल्लों को आपस में जोड़कर सामाजिक एकता को मजबूत करना तथा ग्रामीणों को संगठित करना था। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सामाजिक स्तर पर उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या का समाधान आपसी सहयोग एवं संवाद के माध्यम से किया जाएगा। सभी ग्रामीण सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहेंगे और क्षेत्र में भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखेंगे। प्रत्येक माह ग्रामीणों की नियमित बैठक करने का निर्णय लिया गया। अगली बैठक 25 मार्च को सुनिश्चित की गई। बैठक में बेबी देवी, सुषमा देवी, आरती देवी, कैली देवी, धनवंती देवी, रोहिणी देवी, सुखमणि देवी, संगीता देवी, जयंती देवी, अनीता देवी, युगेश्वर राम, प्रमोद प्रजापति, अशोक प्रजापति, सुखदेव राम, रामपति देवी, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, ललिता देवी, गायत्री देवी, रतन देवी, रूकमणि देवी एवं सोनी देवी सहित लाल धौड़ा और जेहलीटांड़ के ग्रामीण उपस्थित थे।

### खलारी मुखिया संघ का पुनर्गठन, शिवनाथ मुंडा बने अध्यक्ष व शीला कुमारी सचिव



**खलारी।** बुकबुका पंचायत भवन में बुधवार को खलारी मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया पुतुल देवी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया संघ को भंग करते हुए खलारी मुखिया संघ का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन के दौरान संरक्षक पद पर पुष्पा खलखो एवं संतोषकुमार महली को चुना गया। वहीं अध्यक्ष पद के लिए शिवनाथ मुंडा, उपाध्यक्ष ललिता देवी, सचिव शीला कुमारी, उपसचिव मलका मुंडा, कोषाध्यक्ष दीपमाला कुमारी तथा उपकोषाध्यक्ष पद पर पारसनाथ उरांव का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई। बैठक में पंचायतों के समग्र विकास, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### हिंडालको इंडस्ट्रीज ने 162 रोगियों के बीच किया चश्मे का निशुल्क वितरण

**मुरी/सिल्ली।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी वर्कस के द्वारा बुधवार के दिन बांसारूली पंचायत भवन में कैंप लगाकर 162 रोगियों के बीच निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। वितरण से पूर्व सिल्ली प्रखंड के उप प्रमुख आरती देवी के द्वारा कैंप का उद्घाटन किया गया। ज्ञात हो कि हिंडालको द्वारा पूर्व में बांसारूली एवं पिस्का पंचायत भवन में ग्रामीणों के बीच आंख से संबंधित रोगों का जांच किया गया था जिसमें दूर दृष्टि और निकट दृष्टि दोष वाले रोगियों को चिन्हित कर उनके बीच निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया।

## स्कूली छात्रों को पहनाया गया स्वच्छता बैज

**रांची।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत बुधवार को रांची नगर निगम ने स्कूली छात्रों के बीच 'स्वच्छता बैज' वितरित किए। इस दौरान अधिकारियों ने छात्रों को परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वच्छता का संकल्प दिलाया। निगम के अनुसार, छात्र समाज के सबसे प्रभावशाली अंग हैं, जिनके जागरूक होने से पूरा परिवार सजग बनता है। कार्यक्रम में सिंगल

## बिना ओटीपी दिए खाते से उड़ गए एक लाख

**रांची।** रांची के सिमरिया निवासी उमा शुक्ला के खाते से करीब एक लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। इस संबंध में उमा शुक्ला ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

उमा शुक्ला के मुताबिक दस फरवरी को उनके खाते से अचानक राशि कट गई।

## खलारी के मयंक ने पटना में फांसी लगाकर की आत्महत्या



**खलारी।** पटना स्थित चाणक्या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र मयंक राज (26 वर्ष) ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की खबर मिलते ही खलारी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मयंक राज एनके एरिया के रोहिणी परियोजना में माइनिंग मैनेजर (शिफ्ट मैनेजर) के पद पर कार्यरत राजेश कुमार के पुत्र थे। राजेश कुमार वर्तमान में खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल की रोहिणी कालोनी स्थित क्वार्टर नंबर डी-3 में परिवार के साथ रहते हैं। मयंक पटना में रहकर कानून की पढ़ाई कर रहे थे और वे अपने पिता के दो पुत्रों में बड़े थे। उनका छोटा भाई मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। घटना की सूचना मिलते ही राजेश कुमार अपनी पत्नी एवं अन्य अधिकारियों के साथ खलारी से पटना के लिए रवाना हो गए। इधर, बेटे की असामयिक मौत की खबर से रोहिणी कालोनी स्थित उनके आवास सहित पूरे कालोनी में मातम का माहौल बना रहा। रोहिणी परियोजना आवासीय कालोनी में रहने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परियोजना से जुड़े सहकर्मियों ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## पारदर्शिता के साथ करें मॉडल सोलर ग्राम का चयन : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**खूंटी।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर ग्राम के चयन और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आर. रॉनिटा ने की। बैठक में अपर ऊर्जा विभाग, झारखंड सरकार तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में योजना की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने मॉडल सोलर ग्राम चयन के लिए निर्धारित मानकों, आवश्यक आधारभूत संरचना, संभावित लाभुकों की संख्या तथा वर्तमान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के माध्यम से निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। मॉडल सोलर ग्राम के विकास से पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। पांच हजार से अधिक आबादी वाले गांवों को मिलेगा प्राथमिकताः बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पांच हजार से अधिक आबादी वाले ऐसे गांव, जहां पहले से पीएम कुसुम योजना, सोलर लिफ्ट इरिगेशन या अन्य सौर परियोजनाएं संचालित हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। उपायुक्त ने कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इसका लाभ उठा सकें। बैठक में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, अग्रणी जिला प्रबंधक के प्रतिनिधि, कार्यपालक अभियंता विद्युत जेम्स कुजर, जिला परिषद सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### तमिलनाडु में चमका रांची का नन्हा सितारा

## 10 वर्षीय ऋषि राज बने 'बिलो 1601' वर्ग के चैंपियन




**रांची।** झारखंड की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। रांची के चुटिया निवासी 10 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ऋषि राज ने तमिलनाडु के धर्मपुरी में आयोजित 'सेकंड डीएनसी मेमोरियल फिडे रेटिंग (बिलो 1700) शतरंज प्रतियोगिता' में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'बिलो 1601' वर्ग में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ 20,000 रुपए की पुरस्कार राशि भी जीती।

20 से 22 फरवरी तक आयोजित इस 9 राउंड की फिडे रेटेड प्रतियोगिता में ऋषि ने 9 में से 7.5 अंक अर्जित कर कैटेगरी-12 में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से रांची और झारखंड का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन हुआ है। ऋषि की सफलता में ऑल झारखंड शतरंज एसोसिएशन (एजेसीए) और रांची जिला शतरंज संघ (आरडीसीए) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी प्रतिभा और आर्थिक स्थिति को देखते हुए सीसीएल ने अपने सीएसआर मद से आर्थिक सहायता देने की स्वीकृति प्रदान की है, जिससे उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में मदद मिलेगी। ऋषि के माता-पिता ने एजेसीए, आरसीडीए, सीसीएल प्रबंधन और हॉटसन चेस अकादमी के प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। रांची जिला शतरंज संघ द्वारा नियमित रूप से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अवसर मिल रहा है, जो राज्य में शतरंज के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत कर रहा है।

### होली पर चलेगी विशेष ट्रेनें

**रांची।** होली के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विभिन्न रूटों पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें झारखंड सहित बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के यात्रियों को राहत देंगी।

ट्रेन संख्या 08181 टाटानगर-कटिहार होली स्पेशल (वाया–मूरी) 2 मार्च से 30 मार्च 2026 तक प्रत्येक सोमवार को टाटानगर से प्रस्थान करेगी। कुल 5 ट्रिप संचालित होंगी। इसके जवाब में ट्रेन संख्या 08182 कटिहार–टाटानगर होली स्पेशल 3 मार्च से 31 मार्च 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को कटिहार से चलेगी।

इसी तरह ट्रेन संख्या 07051 तिरुपति-रक्सौल होली फेस्टिवल स्पेशल (वाया-रांची) 21 फरवरी, 28 फरवरी और 7 मार्च 2026 को प्रत्येक शनिवार तिरुपति से रवाना होगी। वहीं 07052 रक्सौल-तिरुपति स्पेशल 24 फरवरी, 3 मार्च और 10 मार्च 2026 को प्रत्येक मंगलवार रक्सौल से प्रस्थान करेगी।

इसके अलावा ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद होली स्पेशल (वाया-रांची) 28 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक प्रतिदिन भुवनेश्वर से चलेगी (कुल 32 ट्रिप)। वापसी में 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल 1 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन धनबाद से संचालित होगी।

### मनातु में पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

## बचरा बस्ती पूर्वी ने बुढ़मू को हराया

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** खलारी के मनातु खेल मैदान में बुधवार को पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बमने पंचायत के मुखिया शिवनाथ मुंडा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया शिवनाथ मुंडा ने मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ खेलने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान करने का कार्य करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है, बल्कि यह शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ रोजगार का भी एक सशक्त माध्यम बन चुका है। युवाओं को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उद्घाटन मैच नाउज ब्रदर्स क्लब बुढ़मू और बचरा बस्ती पूर्वी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बुढ़मू की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 119 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बचरा बस्ती पूर्वी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 122 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मौके पर नारायण कुमार, बीरबल महतो, कृष्णा कुमार, गोविंद कुमार, अवधेश कुमार, तरुण कुमार, गणेश महतो, रोहित रजक, रिंटू कुमार, अर्जुन कुमार समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेटियों की शादी में निशुल्क सामग्री दे रहा अभिनंदन ट्रस्ट

**रांची।** अब बेटियों की शादी को लेकर अभिभावकों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। अभिनंदन ट्रस्ट बेटियों की शादी में लाखों रुपए मूल्य की सामग्री निशुल्क उपलब्ध करा रहा है। यह बातें अभिनंदन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेकानंद कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि झारखंड की प्रगति और विकास को ध्यान में रखते हुए रांची स्थित रोस्पा टावर कार्यालय में अभिनंदन ट्रस्ट द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में यह जानकारी दी जा रही है कि झारखंड के अधिक से अधिक लोगों को ट्रस्ट की योजनाओं से कैसे लाभान्वित किया जाए। नवविवाहित कन्याओं को ट्रस्ट का लाभ किस प्रकार मिल सके, इस पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। डॉ विवेकानंद कुमार ने कहा कि अब विवाह के समय माता-पिता को कर्ज लेने की मजबूरी नहीं रहेगी। क्योंकि अभिनंदन ट्रस्ट उनकी आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

**कार्यक्रम** मांडर में पंचायत सहायक प्रशिक्षण का समापन

## ग्राम सभा की शक्तियों पर दिया गया जोर

● चार दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम सभा की भूमिका अहम रही है

नवीन मेल संवाददाता




**मांडर।** मांडर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय पंचायत सहायक विषयक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से जुड़े पंचायत सहायक, मुखिया एवं पंचायत सचिवों ने भाग लिया। चार दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम सभा की भूमिका, उसकी शक्तियों तथा पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों से बारी-बारी से ग्राम सभा की संरचना, अधिकार और जनहित में उसकी उपयोगिता पर मन्तव्य साझा कराया गया। साथ ही, विभिन्न सरकारी योजनाओं को आम जनता तक सही तरीके से पहुंचाने, योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान और तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पेशा कानून के अंतर्गत ग्राम सभा को प्राप्त अधिकारों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि पंचायत सहायक, मुखिया और पंचायत सचिव की सक्रिय भागीदारी से पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर एवं परमहंस सोनी ने प्रशिक्षण का संचालन किया। मौके पर पंचायत सहायक अध्यक्ष अलताफ अहमद, उपाध्यक्ष समशेर अंसारी, अमित कुजूर, हसीब अंसारी, सोनू साहू, रफीक अंसारी सहित पूरे प्रखंड के पंचायत सहायक, मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहे। समापन अवसर पर प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों से सीखी गई बातों को व्यवहार में उतारने और ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## थैलेसीमिया व सिकल सेल मरीजों के लिए 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा




रांची। "लहू बोलेगा" रक्तदान संगठन रांची एवं झारखंड थैलेसीमिया पीडित एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने थैलेसीमिया, सिकल सेल, अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ितों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर 12 सूत्री मांग पत्र सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार और रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह को सौंपा। मांगों में सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को बिना डोनर और बिना पैरवी के रक्त उपलब्ध कराने, थैलेसीमिया/सिकल सेल के लिए अलग ब्लड काउंटर स्थापित करने, रक्तदान शिविर अभियान शुरू करने तथा "सिंगल विंडो सिस्टम" लागू करने की मांग शामिल है। अधिकारियों ने कुछ मांगों पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### स्कॉलरशिप नहीं मिलने का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

# ममता देवी ने सदन से की त्वरित भुगतान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झारखण्ड विधानसभा के पटल पर शून्य काल प्रश्न के माध्यम से झारखण्ड के छात्र–छात्राओं को अब तक छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) नहीं मिलने का गंभीर और जनहित से जुड़ा मुद्दा प्रभावी ढंग से उठाया। विधायक ममता देवी ने सदन को अवगत कराया कि शैक्षणिक सत्र का काफी समय बीत जाने के बावजूद राज्य के हजारों छात्र–छात्राओं को उनकी छात्रवृत्ति की राशि अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप विशेष रूप से गरीब, वंचित, आदिवासी, दलित एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा जारी रखने का एक महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि समय पर नहीं मिलने के कारण अनेक विद्यार्थी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई छात्र–छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, कुछ को फीस भरने में परेशानी हो रही है, तो कई विद्यार्थियों के सामने पढ़ाई छोड़ने जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है, जो राज्य के भविष्य के लिए चिंताजनक है।

विधायक ममता देवी ने सदन से मांग की कि राज्य सरकार सभी पात्र छात्र–छात्राओं को अविलंब लंबित छात्रवृत्ति राशि का भुगतान सुनिश्चित करे। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की समस्या की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए एक पारदर्शी, जवाबदेह एवं समयबद्ध व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है और सरकार को शिक्षा एवं छात्र कल्याण से जुड़े मामलों में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य करना चाहिए। इसकी जानकारी दुलमी प्रखंड बीसूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने दी।

## किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग पर मिला तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**बरही।** आईसीएआर गौरियाकरमा में बुधवार को एससीएसपी योजनान्तर्गत "एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन" विषय पर तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. आशारानी पटेल एवं डॉ. श्रीनिवासराघवन ए. ने किया। इसका उद्देश्य टिकाऊ कीट प्रबंधन, सुरक्षित कीटनाशी उपयोग, जैविक नियंत्रण विधियों और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों के ज्ञान व कौशल को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान समेकित कीट प्रबंधन के सिद्धांत, कृषि-पारिस्थितिकी आधारित उपाय, बोर्डो मिश्रण की तैयारी, सब्जी फसलों में आईपीएम तथा मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर व्याख्यान व प्रायोगिक सत्र आयोजित हुए। समापन अवसर पर डॉ. विशाल नाथ, डॉ. मनोज चौधरी एवं डॉ. श्रीनिवासराघवन ए. ने सतत एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि में आईपीएम की भूमिका पर प्रकाश डाला। आयोजन में तकनीकी सहायक अरुण रजक व आकाश का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय के स्टाफ क्वार्टर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ़ ।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं बाल कल्याण को ध्यान में रखते हुए छावनी परिषद उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्टाफ क्वार्टर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम एवं बच्चों के लिए झूले की स्थापना की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में फलदार एवं सजावटी पौधे लगाए गए, जिससे परिसर हराभरा और आकर्षक बन सके। लगाए गए पौधों को पशुओं से सुरक्षित रखने के लिए उनके चारों ओर जाल (नेट) भी लगाया गया, ताकि पौधों का समुचित संरक्षण हो सके। विद्यालय में स्थापित झूला बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। इससे बच्चों को खेल के माध्यम से संतुलन, समन्वय और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर मिलेगा। साथ ही अवकाश के समय बच्चों को सुरक्षित और आनंददायक खेल सुविधा उपलब्ध होने से उनकी विद्यालय में उपस्थिति और रुचि भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला और विद्यालय की तरफ से पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।क्लब सदस्यों ने बच्चों के बीच चॉकलेट वितरित कर उनके साथ खुशी साझा की। विद्यालय प्रबंधन ने इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नमिता श्रॉफ, जनेशा वडेरा, मेघा बगड़िया , नीरु साहनी, रंजू अरोरा,मनबीर कौर, नवलजीत कौर आदि उपस्थित थे।

## फ्लाईओवर निर्माण की मांग को लेकर विधायक ने लिखा पत्र



**बरही।** रसोइया-धमना मोड़ पर पिलर आधारित फ्लाईओवर निर्माण की मांग तेज हो चुकी है। स्थानीय विधायक सह लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए एनएचएआई के क्षेत्रीय पदाधिकारी को पत्र लिखा है। जिसकी प्रति परियोजना निदेशक (पीडी) को भी भेजी गई है। पत्र में कहा गया है कि हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया-धमना में निर्माणाधीन अंडरपास के दोनों ओर मिट्टी भराई किए जाने से लगभग 10 हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ सकती है। स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों को दैनिक आवागमन, कृषि कार्य, छोटे व्यवसाय तथा सामाजिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होने की संभावना जताई गई है। उन्होंने क्षेत्रीय पदाधिकारी को वर्तमान योजना की समीक्षा करने का आग्रह किया है। साथ ही रसोइया-धमना (एनएच-2, चेनल संख्या 280-925) में निर्माणाधीन अंडरपास के स्थान पर पिलर आधारित फ्लाईओवर बनाने की मांग की है। विधायक ने जनहित में निर्माण कार्य की वर्तमान प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए फ्लाईओवर निर्माण कराने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर बनने से क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

### एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने किया मीना बाजार का शुभारंभ

# मेले या महा यज्ञ में व्यवधान डालने वालों पर होगी कारवाई : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** 16वें श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर यज्ञ परिसर में आयोजित भव्य मीना बाजार सह मेला का शुभारंभ एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों का भगवा ध्वज ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों ने मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निशानेबाजी के खेल का भी आनंद लिया और उपस्थित लोगों से शांति एवं सद्भाव के साथ मेले का आनंद उठाने की अपील की। एसडीपीओ ने स्पष्ट कहा कि -मेले या महायज्ञ में व्यवधान डालने वाले असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की चौतरफा निगरानी रहेगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में मां भगवती सेवा संस्थान के मुख्य संरक्षक सुरेंद्र रजक, रमेश ठाकुर, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष बलराम केसरी, संतोष ठाकुर, किशोर ठाकुर, रमेश श्रीवास्तव, हितेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्य संरक्षक सुरेंद्र रजक ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति के सदस्य मेले में लगातार भ्रमणशील रहेंगे। प्रतिदिन रात्रि में प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, बच्चों के लिए मिकी माउस, जंपिंग झूला, टॉय ट्रेन, मीना बाजार तथा लजीज व्यंजनों के कई स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। महायज्ञ समिति ने लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेले का आनंद लेने की अपील की है।

### विद्यालय में लगा एनीमिया जांच शिविर, छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच



**रामगढ़।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड,रजरप्पा क्षेत्र की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत किशोरी एनीमिया जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का क्रियान्वयन मुस्कुराहटें संस्था द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय की किशोरी छात्राओं के स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। जाँच शिविर दल में राज कुमार, नवीन कुमार, ओंकार कुमार दांगी, नेहा कुमारी, शेखर कुमार दांगी, अमित तिवारी एवं बादल कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम द्वारा छात्राओं की हीमोग्लोबिन जाँच सहित स्वास्थ्य परीक्षण कर एनीमिया से बचाव एवं संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीसीएल के सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष झा ने कहा कि किशोरियों का स्वास्थ्य समाज के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ है। एनीमिया जैसी समस्या को समय रहते पहचान कर उसका समाधान करना अत्यंत आवश्यक है। सीसीएल सामाजिक दायित्व के तहत शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है।

## सेवा, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है रमजान : डॉ. अख्तर




**भुरकुंडा।** आइडियल रिलीफ ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को मस्जिद कॉलोनी भुरकुंडा में 25 जरूरतमंद परिवारों के बीच इफ्तार किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रमजान के पवित्र माह में जरूरतमंदों की सहायता कर आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर डॉ. एस. जे. अख्तर ने कहा कि रमजान का महीना बेहद पाक और बरकतों वाला होता है, इसी महीने पवित्र कुरान अवतरित हुआ। उन्होंने कहा कि कुरान हमें जरूरतमंदों की मदद करने और मानव सेवा को सबसे बड़ा धर्म मानने की सीख देता है। पवित्र कुरान शांति, प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान शबनम, कुरैशा, सरफराज खान, रुस्तम अली, मुश्ताक अहमद, कौसर अहमद, शमीम अहमद, इरफान अली, नौशाद आलम, जफरुल इस्लाम और हारून सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया जांच अभियान

# एक्सपायरी उत्पाद न बेचें, पकड़ाए जाने पर होगी कार्रवाई : सीएस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में सिविल सर्जन सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़ के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग रामगढ़ के द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए के विभिन्न होटल एवं मिठाई दुकानों में विशेष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ सुभाष चौक स्थित शालीमार स्वीट्स, प्रिया स्वीट्स, पूनम स्वीट्स एवं अन्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पेड़ा,पनीर, बूंदी लडडू, खोया बर्फी एवं खोया का नमूना लिया गया। सभी नमूने जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। अन्य खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठान का भी निरीक्षण किया गया एवं ज़रूरी दिशानिर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे एक्सपायरी उत्पाद न बेचें अन्यथा पकड़ाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी खाद्य सामग्री पर स्पष्ट लेबलिंग करें, नियमित पेस्ट कंट्रोल कराएँ और होटल/रेस्टोरेंट स्टाफ द्वारा एप्रोन, ग्लव्स और हेडगियर का पालन सुनिश्चित करें।

### नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम पर प्रशिक्षण आयोजित

**हजारीबाग ।** जिले के दारू प्रखंड के पेटो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साइटसेवर्स इंडिया के सहयोग से नवभारत जागृति केंद्र संचालित नेत्र वसंत-ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ओरिएंटेशन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्या गीता देवी, हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून, ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला संयोजक कीर्ति रावत और साइटसेवर्स के सामाजिक समावेशन जिला संयोजक रमण विश्वकर्मा की भी उपस्थिति थी।

### जराद के शिव मंदिर परिसर में 25 केवीए ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन



**भुरकुंडा।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लबगा पंचायत अंतर्गत ग्राम जराद स्थित शिव मंदिर परिसर में लंबे समय से बनी बिजली समस्या का समाधान हो गया है। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल पर शिव मंदिर के पास 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिससे अब मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में अंधेरा नहीं रहेगा। ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन भाजपा नेता भवानी सिंह खरवार एवं भदनीनगर नगर मंडल मंत्री अनिल सिंह खरवार ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर अनिल सिंह खरवार ने कहा कि विधायक रोशन लाल चौधरी क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को राहत मिली है और बिजली बहाल होने से लोगों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में जागेश्वर करमाली, पार्वती देवी, नूतन कुमारी, शारदा कुमारी, चतुर नाथ मुंडा, अनिल गंझू, अनिल, सुनील सिंह, मुकेश मुंडा, जितेंद्र सिंह खरवार, संतोष सिंह खरवार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## ए ला एंग्लाइज स्कूल में लगा दो दिवसीय कराटे का प्रशिक्षण शिविर



**भुरकुंडा।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में बिरसा चौक भुरकुंडा में दो दिवसीय आत्मरक्षा एवं शारीरिक फिटनेस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में लगभग 65 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को पीटी, बेसिक तकनीक, काता एवं कुमिते की विस्तृत जानकारी दी गई। सेंसाई कंचन दास ने कहा कि कराटे न केवल आत्मरक्षा का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कराटे प्रशिक्षण के लिए विद्यालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। शिविर में भुरकुंडा, चैनगड़ा, लादी देवरिया, निम्मी, कुरसे, सौंदा बस्ती, लपंगा, उरीमारी, सीसीएल सौंदा सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागियों में परिधि, अनुष्का, अंकिता, रिया, पलक, पम्मी, अभिलाष, अन्यया, अंशिका, पूर्णिमा, वर्षा राजपूत, दिव्या, सोमिया, स्मृति, राधिका, साक्षी, आराध्य, शिरीषा, फरहान अली सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल थे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यार्थियों में आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी।

### डाक विभाग की योजनाओं के प्रचार करने पर जोर

**हजारीबाग ।** हजारीबाग डिवीज़न के नव पदस्थापित डाक अधीक्षक निरंजन कुमार ने रामगढ़ हेड पोस्ट ऑफिस में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने जिलेभर में सभी डाकघरों में डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक कर बड़े स्तर पर बचत खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, आवर्ती खाता, एमआईएस खाता, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, भविष्य निधि योजना आदि योजनाओं की जानकारी देते हुए खाता खोलने पर जोर दिया। इसके पहले डाक अधीक्षक का स्वागत पोस्टमास्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने किया। डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग की सेवा जन सेवा का काम करती है इसलिए हम सभी डाक कर्मचारियों का कर्तव्य बनता है कि हम अपनी सभी सेवाएं को सेवा के रूप में समर्पित करें। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले के डाक विभाग के लाभुक बहुत ही जागरूक है।

### सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था विकास

# पुत्र के इलाज में पिता ने बेच दी जमीन, अब मदद की लगाई गुहार

- युवक चलने-फिरने में असमर्थ है और पिछले दो वर्षों से बिस्तर पर ही जीवन बिताने को मजबूर हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार की जिंदगी बीते 7 जनवरी 2024 को हुए एक सड़क हादसे ने पूरी तरह बदल दी। दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर में इतनी गहरी चोट आई कि अब तक तीन ऑपरेशन हो चुके हैं, फिर भी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। वर्तमान में वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं और पिछले दो वर्षों से बिस्तर पर ही जीवन बिताने को मजबूर हैं। माता-पिता, दादा-दादी, पत्नी, चार वर्ष की मासूम बेटी और एक वर्षीय पुत्र से भरे बगिया का एकमात्र कमाऊ सदस्य थे । हादसे के बाद घर की आर्थिक रीढ़ टूट गई। पिता गणेश प्रसाद, जो एक साधारण किसान हैं, ने बेटे के इलाज के लिए अपनी जमीन-जायदाद तक बेच दी। धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज और लगातार ऑपरेशनों के बावजूद स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ।

इलाज का खर्च, घर की जिम्मेदारियां और बच्चों का भविष्य—इन सबके बीच परिवार गहरे आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहा है। इस विकट परिस्थिति में पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने मानवीय पहल करते हुए अपने स्तर से आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। साथ ही आम लोगों से सहयोग की अपील किया है । उन्होंने कहा कि आज यह परिवार समाज से संवेदनशील सहयोग की उम्मीद लगाए बैठा है। एक छोटी-सी मदद भी इनके जीवन में नई उम्मीद जगा सकती है ।

### ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक में लिए गए कई प्रस्ताव

विष्णुगढ़। डीवीसी के ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक मंगलवार को कोनार डैम स्थित सीएसआर कार्यालय कोनार में हुई। इसकी अध्यक्षता जिप सदस्य शेख तैयब ने की। संचालन असैनिक विभाग के चंद्रशेखर प्रसाद और सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार ने किया। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के योजनाओं को लेकर वीडीएसी के सदस्यों ने कई सुझाव दिए। कोनार सीएसआर अंतर्गत विष्णुगढ़ और गोमिया प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने विगत वर्ष की योजनाओं की समीक्षा की और आगामी वर्षों के लिए अपने प्रस्ताव दिए। जिसमें सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर एवं हाई मास्ट लाइट लगाने, किसानों को हल उपलब्ध कराने, गांवों में पीसीसी पथ का निर्माण कराने, पेयजल सुविधा के लिए डीप बोरिंग की व्यवस्था आदि पर सहमति बनी।

इसके अलावा कोनार डैम के डीवीसी अस्पताल में कुत्ता एवं सांप काटने की दवा उपलब्ध रखने की भी मांग रखी गई। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के संयोजक महमूद आलम ने गांवों में खेल सामग्री उपलब्ध कर युवाओं को खेलकूद से जोड़ने और नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने पर भी जोर दिया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि डुमरचंद महतो, नागी मुखिया कुंवर हांसदा, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि सिकंदर साव, गोमिया विधायक प्रतिनिधि टुकन महतो, विस्थापित संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल, नवादा विस्थापित ग्रामीण महमूद आलम, गोमिया प्रखंड विस्थापित प्रतिनिधि नवल सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक में पारित प्रस्तावों को शीघ्र क्रियान्वयन हेतु डीवीसी प्रबंधन को भेज दिया गया।

**प्रोत्साहन** | सांसद के प्रयास से किया गया स्पोर्ट्स किट का वितरण, छात्रों ने जताई खुशी

# +2 उच्च विद्यालय बरकट्ठा के छात्रों को मिला स्पोर्ट्स किट

- झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं सिर्फ इन्हें तराशन की जरूरत है

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरकट्ठा।** हजारीबाग सांसद मनीष कुमार जायसवाल के प्रयास और एनटीपीसी के सौजन्य से प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि विकसित करना है। +2 उच्च विद्यालय बरकट्ठा में आयोजित कार्यक्रम में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी मनीलाल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि मोतीलाल चौधरी ने विद्यालय के शिक्षकों को स्पोर्ट्स किट सौंपा। श्री यादव ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं। सिर्फ इन्हें तराशने की जरूरत है। झारखंड में कई दिग्गज खिलाड़ी पैदा हुए हैं। यहां सभी खेलों के खिलाड़ी पैदा हुए हैं चाहे वह क्रिकेट, हॉक्की या फुटबाल क्यों न हो सभी ने राज्य का नाम रौशन किया है।

अवसर पर प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार पाण्डेय, शिक्षक सोहर राणा, सुमित कुमार, श्याम सुंदर प्रसाद, विनोद कुमार यादव, महेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसी क्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोरहर में भी विद्यार्थियों के बीच खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सह प्रभारी मनीलाल यादव, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया मोतीलाल चौधरी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता महेंद्र प्रसाद तथा मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश बिहारी पांडेय को खेल सामग्री सौंपी। वितरित सामग्री में क्रिकेट का पूरा किट सेट, फुटबॉल, नेट, गोलकीपर ग्लव्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन किट एवं फर्स्ट एड बॉक्स शामिल हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सांसद के प्रयास से क्षेत्र के विद्यालयों में खेल सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सुखदेव कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, सरयू महतो, लक्ष्मण महतो, उमा कुमारी, चंपा कुमारी, भीमसेन महतो, प्रदीप महतो, बबलू कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मनरेगा संचालित योजनाओं के अंकेक्षण के लिए जन सुनवाई

**गिद्दी।** मांडू प्रखंड के बड़का चुंबा पंचायत सचिवालय में बुधवार को मनरेगा योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण के लिए जन-सुनवाई किया गया। इस दौरान वितीय वर्ष 2924-25 में बड़का चुंबा पंचायत में मनरेगा से संचालित पूर्ण, अपूर्ण और चालू योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण के लिए जनसुनवाई की गई। जिसके तहत भौतिक, मौखिक, और दस्तावेज के सत्यापन से सामने आए मुद्दों को लेकर जनसुनवाई किया गया। ज्यूरी सदस्यों में विमल बेदिया, मुंशी महतो, मनोज कुमार, किरण देवी, सुदामा करमाली थे। जबकि इस दौरान बड़का चुंबा पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, पंचायत सचिव विवेक कुमार, नरेश रविदास आदि उपस्थित थे।

# गोलीकांड का आरोपी पूर्व वार्ड पार्षद समेत पांच गिरफ्तार

## देसी पिस्टल के साथ कारतूस बरामद, मतदान के बाद हुई थी गोलीबारी

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निकाय चुनाव की शाम मतदान के उपरांत चली गोली के मामले में पूर्व वार्ड पार्षद शिवम श्रीवास्तव समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनकी गिरफ्तारी हुई है, उनमें शिवम कुमार श्रीवास्तव उर्फ शिवम आजाद के अलावा नियर कॉंग्रेस ऑफिस बक्सीडीह रोड निवासी अमित विश्वकर्मा, झिंझरी मोहल्ला निवासी आकाश हाड़ी, पचम्बा थाना इलाके के भंडारीडीह निवासी मंजीत पासवान एवं पचम्बा थाना इलाके के आजाद नगर निवासी किशोर पासवान शामिल हैं। इसकी पुष्टि गिरिडीह के डीसी रामनिवास यादव और एसपी डॉ बिमल कुमार ने बुधवार को की है। इनके पास से एक 7.65 एमएम का देसी पिस्टल के



साथ दो 7.65 एमएम जिन्दा गोली बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि शिवम श्रीवास्तव के खिलाफ नगर थाना में 10 कांड तो मुफ्फसिल थाना में तीन कांड दर्ज है। डीसी-एसपी ने बताया कि नगर पालिका आम निर्वाचन की शाम में मतदान समाप्ति के उपरांत बैलेट बॉक्स को एकत्रित करने के लिए वार्ड संख्या 18 के बूथ संख्या 18/3 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आजाद नगर में झड़प हुई थी। इस दौरान लोगों ने मारपीट, पत्थरबाजी होने लगी। इस घटना को देखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा भीड़ को तितर-बितर किया गया। भीड़ में ही शामिल किसी व्यक्ति द्वारा पिस्टल निकाल कर फायरिंग भी की गई, जिससे दो व्यक्ति को गोली लगी। जबकि घटना में घायल मो शमीम और शेरु के संबंध में रबिना खातून के आवेदन के आधार पर पचम्बा थाना में एक अन्य प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की संवेदनशीलता एवं नगरपालिका चुनाव के पश्चात हुए हिंसक घटना को देखते हुए कांड के त्वरित उद्भेदन जे लिए सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल गठित कर छापेमारी की गई और सभी को गिरफ्तार किया गया।

### छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी व कर्मी

बताया कि घटना के बाद छापेमारी दल में डीएसपी मो कौशर अली, डीएसपी नीरज कुमार सिंह, साइबर डीएसपी आबिद खान, एसडीपीओ डुमरी सुमित कुमार, एसडीपीओ सरिया - बगोदर धनंजय कुमार, डीएसपी, कैलाश प्रसाद महतो, डीएसपी नीलम कुजूर, बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिंह, जमुआ थाना प्रभारी विभुति देव, अवर निरीक्षक मणिकान्त कुमार, विवेक कुमार माथुरी, संजय कुमार, पैनुल हक खान, बिक्रम कुमार के साथ तकनीकी शाखा के कर्मी शामिल थे।

## देवघर रेलवे स्टेशन पर लावारिस बैग में मिले हथियार और लाखों की चांदी



**देवघर।** मंगलवार देर शाम देवघर स्टेशन पर कई हथियार और चांदी का खेप मिला। रेलवे पुलिस ने जमालपुर से देवघर आ रही एक ट्रेन में करीब दो किलो चांदी, दो देसी कट्टा, 2 देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए। घटना को लेकर आरपीएफ के इंस्पेक्टर शिव शंकर कुमार और देवघर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर दिनकर झा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेलवे पुलिस को गस्ती के दौरान एक लावारिस बैग मिला। जिसमें ये सामान थे। काफी देर तक आसपास के लोगों से रेलवे पुलिस ने पूछताछ की। लेकिन किसी ने भी हथियार और चांदी से भरे बैग के बारे में नहीं बताया। जिसके बाद रेलवे पुलिस पूरे सामान को अपने कब्जे में लेकर रेलवे थाना ले गई। अब सवाल यह उठ रहा है कि एक बैग में लाखों का चांदी और इतने हथियार किसने रखे और इसे कहां ले जाया जा रहा था। रेलवे पुलिस ने सभी हथियार और चांदी के खेप को जब्त कर नगर थाना के हवाले कर दिया। वहीं हथियारों की भी कीमत करीब एक लाख रुपए आंकी गई है। हथियारों की बरामदगी के बाद पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

पुलिस की तरफ से तस्करी करने वालों की भी लिस्ट निकाली जा रही है। पुलिस द्वारा ऐसे अपराधियों की भी लिस्ट खंगाली जा रही है जो बाहर के शहरों में जाकर घटना को अंजाम देते हैं।

देवघर रेलवे स्टेशन पर इस तरह हथियार के मिलने के बाद पुलिस किस निष्कर्ष पर निकलती है। क्योंकि देवघर रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में लोगों का आवागमन होता है।

# न्यूज बॉक्स

## सूर्यकुंड धाम में आयोजित शिव गुरु महोत्सव में भक्तों का उमड़ा सैलाब



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम में बुधवार को शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन वैश्विक शिव शिष्य परिवार की ओर से किया गया। जिसमें महागुरु महादेव के शिव शिष्य परिवार हजारीबाग के तत्वाधान में एक दिवसीय शिव गुरु महोत्सव सुबह 10:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक आयोजित हुआ। शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द के संदेश "भगवान शिव को अपना गुरु बनाएं "को लेकर शिव शिष्या दीदी बरखा आनंद के द्वारा शिव की महिमा का प्रवचन प्रस्तुत किया गया ।इस निमित बरकट्ठा, चलकुशा,बरही ,चौपारण ,पदमा, टाटी झरिया ,बगोदर के अलावे अन्य स्थानों से हजारों की संख्या में शिव भक्त भगवा वस्त्र धारण कर सूर्यकुंड धाम में पहुंचे और शिव चर्चा में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।वहीं बरखा दीदी के प्रवचन से भक्त भावविभोर हुए। कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। वहीं बरखा दीदी ने अपने ओजस्वी प्रवचन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी ।महोत्सव के दौरान शिव गुरु की महिमा, मानव जीवन में गुरु के महत्व तथा सकारात्मक सोच के प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला गया ।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा भजन-कीर्तन से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

## ज्वेलर्स दुकानदारों के साथ थाना प्रभारी की बैठक, सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश



**बरही।** बरही थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र के सभी ज्वेलर्स दुकानदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य हाल के दिनों में आसपास के क्षेत्रों में हुई ज्वेलरी दुकानों में चोरी की घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। थाना प्रभारी ने दुकानदारों को निर्देश दिया कि सभी अपनी दुकानों के बाहर मजबूत ग्रिल अवश्य लगाएं तथा उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखें। हेलमेट और मास्क पहने संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया। साथ ही अनजान लोगों को कीमती आभूषण दिखाने में सतर्कता बरतने, शाम होते ही ग्रिल लगाकर अंदर से दुकानदारी करने और रात्रि 7:30 से 8:00 बजे के बीच दुकान बंद कर देने की सलाह दी गई। थाना प्रभारी ने हाल के कोडरमा और चौपारण में ज्वेलरी दुकानों में सेंधमारी की घटनाओं का जिक्र करते हुए सतर्क और सुरक्षित रहने का निर्देश दिया । साथ हीं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की बात कही । बैठक में टुनटुन सोनी, भीम सोनी, मनोज स्वर्णकार, अमित सोनी, जीवन सोनी, राजा सोनी, उमेश सोनी, सुजीत सोनी, अनिल वर्मा, अजय स्वर्णकार, शुभम सोनी, कुनकुने सोनकर, अनुज वर्मा, शरद कुमार सहित अन्य दुकानदार उपस्थित थे।

## बरही में लगे शिविर में 54 लोगों ने कराया केवाईसी अपडेट

**बरही।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ई-केवाईसी अद्यतन करने के उद्देश्य से कोनरा पंचायत भवन में बैंक ऑफ इंडिया, बरही शाखा द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लाभुकों ने भाग लेकर अपने अधूरे ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कराई। बैंक प्रबंधक राकेश रंजन ने दोनों बीमा योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में नॉमिनी को दो लाख रुपए का बीमा का लाभ दिया जाता है । प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्राकृतिक अथवा किसी भी कारण से मृत्यु की स्थिति में परिवार को आर्थिक सुरक्षा देती है। उन्होंने कहा कि कम प्रीमियम में मिलने वाली ये योजनाएं आमजन, विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। शिविर में बैंक अधिकारी प्रवीण कुमार, बीसी जयदीप कुमार सिन्हा, बैंक कर्मी मधु राम, मोकीम अंसारी सहित अन्य कर्मियों ने लाभुकों को ई-केवाईसी पूर्ण कराने में सहयोग किया। बैंक प्रबंधन ने अपील की है कि जिन खाताधारकों का अब तक ई-केवाईसी अपडेट नहीं हुआ है, वे शीघ्र ही अपने नजदीकी सीएसपी केंद्र या बैंक ऑफ इंडिया, बरही शाखा से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि बीमा लाभ में किसी प्रकार की बाधा न आए। शिविर में कुल 35 एसबीआई और 19 जेबीवाई के लिए ई केवाईसी अपडेट किए गए ।

## 27 फरवरी को होने वाली मतगणना के लिए सभी तैयारी पूरी, 41 टेबल लगाए गए

**रामगढ़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नगर पालिका सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के मार्गदर्शन में नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के अंतर्गत 27 फरवरी को प्रस्तावित मतगणना के सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मतगणना केंद्र पर कुल तीन मतगणना हॉल बनाए गए हैं। पहले एवं दूसरे हॉल में 15-15, कुल 30 टेबल तथा तीसरे हॉल में 11, कुल 41 टेबल की व्यवस्था की गई है। पहले मतगणना हॉल में तीन राउंड में मतों की गिनती की जाएगी, जबकि दूसरे एवं तीसरे हॉल में दो-दो राउंड में मतगणना संपन्न होगी। मतगणना केंद्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है ताकि मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके। मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन एवं तंबाकू पदार्थ ले जाना अथवा उनका सेवन करना पूर्णतः वर्जित रहेगा। सभी पोलिंग एजेंटों को पहचान पत्र उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिनके माध्यम से वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए मतगणना केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे।

## रांजाबुरु खदान के खिलाफ तीसरे दिन भी ग्रामीणों का आंदोलन जारी

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के सारंडा क्षेत्र में स्थित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांजाबुरु खदान के खिलाफ ग्रामीणों का आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। 23 फरवरी की सुबह से 18 गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने खदान का संचालन ठप कर रखा है। आंदोलन रोजगार नहीं तो खनन नहीं के नारे के साथ सारंडा विकास समिति, जामकुंडिया-दुईया के बैनर तले चल रहा है। आंदोलन का नेतृत्व सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम, मुखिया राजू शांडिल और विभिन्न गांवों के मुंडा कर रहे हैं। खदान संचालन ग्रामसभा की अनुमति और मानकी-मुंडाओं की सहमति के बिना शुरू कर दिया गया। उनका कहना है कि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के बजाय ठेका कंपनी मां सरला पावर वर्क की बाहरी लोगों को काम पर रखा गया है। ग्रामीणों के अनुसार खदान में ड्राइवर, हेल्पर और मजदूर तक बाहर से लाए गए हैं।

## विधायक ने विधानसभा में उठाया हाथियों के आतंक का मुद्दा



**भरनो (गुमला)।** सिसई विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे जंगली हाथियों के प्रकोप को लेकर विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने विधानसभा सत्र में जोरदार तरीके से आवाज उठाई। बुधवार को सदन में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से संबंधित चर्चा के दौरान उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों की गंभीर समस्या को सरकार के समक्ष रखा। विधायक ने कहा कि गुमला जिले के सिसई विधानसभा अंतर्गत अमलिया, करंज, करौंदाजोर, रेडवा, कामडारा, रामपुर सहित कई गांवों में हाथियों का लगातार प्रकोप बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है। हाथियों के हमले से जान-माल की सुरक्षा को लेकर लोग चिंतित हैं। उन्होंने सदन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के पास हाथियों को भगाने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए सरकार इन क्षेत्रों में तत्काल पटाखा और टॉर्च जैसे आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए, ताकि ग्रामीण अपनी सुरक्षा कर सकें। विधायक द्वारा विधानसभा में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद भरनो प्रखंड के अमलिया, रायकेरा, समसेर, एवं मालादोन सहित कई मुद्दा उठाया।

## विवाद में छोटे भाई ने टांगी से मारकर की बड़े भाई की हत्या

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कांचा गांव में पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ झगड़ा इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर टांगी (कुल्हाड़ी) से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय शेरू मार्डी के रूप में हुई है। मंगलवार देर रात भी वह कथित तौर पर शराब पीकर घर पहुंचा और किसी बात को लेकर पिता से उलझ गया। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। पिता को बचाने के लिए छोटा भाई मनीष मार्डी बीच-बचाव करने आया, लेकिन झड़प और तेज हो गई। आरोप है कि हाथापाई के दौरान गुस्से में आकर मनीष ने टांगी से शेरू पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल शेरू खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल जीएम मेडिकल कॉलेज ले गया।

### गुमला जिला प्रशासन की सराहनीय पहल

# 262 वृद्धों और दिव्यांगजनों के बीच बांटे नि:शुल्क उपकरण

- उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

भरनो (गुमला) - सामाजिक सुरक्षा एवं समावेशी विकास को मजबूती देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा भरनो प्रखंड में एक सराहनीय पहल की गई। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के बीच निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के नेतृत्व में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत सामान्य बीमा निगम (जीआईसी) के सहयोग एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एएलआईएमसीओ), क्षेत्रीय विपणन केंद्र, रांची द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।




प्रखंड भरनो के कुल 262 निबंधित लाभुकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र, कृत्रिम अंग सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। वितरण से पूर्व लाभुकों का पंजीकरण एवं आवश्यकता का आकलन किया गया था, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसकी जरूरत के अनुरूप उपकरण मिल सके।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने लाभुकों से संवाद करते हुए उपकरणों के सही उपयोग एवं रख-रखाव की जानकारी दी तथा उनके जीवन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव तथा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहायक निदेशक संजय मंडल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने कहा कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए आगे भी इस प्रकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर सरकारी सहायता पहुंच सके।

### ब्रह्माकुमारीज में 'सेल्फ एंपावरमेंट कार्यक्रम

# पूर्व सैनिकों को दिया मानसिक सशक्तिकरण का संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** ब्रह्माकुमारीज के सिक्योरिटी सर्विस विंग द्वारा 'सेल्फ एंपावरमेंट टू नेशन एंपावरमेंट' अभियान के तहत शिव दर्शन भवन, गुमला में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के लिए एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजयोग ध्यान एवं सकारात्मक चिंतन के माध्यम से पूर्व सैनिकों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना और आंतरिक शांति का अनुभव कराना था। इस अवसर पर ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक गुमला के ऑफिसर कमांडिंग कर्नल आर. के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष सूबेदार लक्ष्मण बड़ाईक (सेवानिवृत्त), सूबेदार सहदेव महतो (सेवानिवृत्त) सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य वक्ता राजयोगिनी शांति दीदी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि सैनिक जिस समर्पण और साहस से देश की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार उन्हें अपने मन और स्वास्थ्य की सुरक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, संयमित दिनचर्या और नियमित राजयोग ध्यान से मानसिक शांति, आत्मबल और जीवन में संतुलन प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम में बीके अमृता बहन, बीके ममता बहन, बीके अमित एवं बीके मंगल ने भी अपने विचार साझा करते हुए राजयोग के माध्यम से आत्मबल बढ़ाने की विधि बताई। उन्होंने कहा कि सशक्त व्यक्ति ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। मुख्य अतिथि कर्नल आर. के. सिंह ने कहा कि सैनिक जीवन अनुशासन, साहस और समर्पण का प्रतीक होता है, लेकिन आध्यात्मिक सशक्तिकरण से जीवन में मानसिक दृढ़ता और संतुलन और मजबूत होता है।

उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को समाज और पूर्व सैनिकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सकारात्मक जीवनशैली अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण, प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## कोडरमा : दो सड़क हादसों में एक की मौत, दो घायल

**कोडरमा।** जिले में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो युवक घायल हो गए। तिलैया थाना अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की रात सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, इससे व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान झुमरीतिलैया के ताराटांड़ निवासी मंटू राउत (52) के रूप में की गई है। जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र संतोष राउत ने बुधवार को बताया कि वे अपने पिता के साथ रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एक होटल संचालित करते हैं। रात करीब में वे होटल से घर जाने के लिए निकले। उन्होंने बताया कि उनका घर होटल के ठीक विपरीत दिशा में स्थित है। इसलिए उनके पिता नित्य सड़क (एन एच 20) पार कर जाते थे। गत रात भी वे उक्त मार्ग को पैदल पार कर रहे थे। इसी दौरान कोडरमा की ओर से आ रही एक तेज़ रफ़्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। आवाज़ सुनकर हमलोग भागकर घटनास्थल पर पहुंचे।

## फाइलेरिया मुक्त गुमला के लिए अभियान तेज करने का निर्देश

**गुमला।** जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर जिला प्रशासन ने अभियान को और तेज करने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित फाइलेरिया मुक्त अभियान अंतर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि अब तक जिले में 83.97 प्रतिशत नागरिकों द्वारा एमडीए की दवा का सेवन किया जा चुका है। उपायुक्त ने राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप स्पष्ट कहा कि जब तक 95 प्रतिशत से अधिक लक्षित नागरिक दवा का सेवन नहीं कर लेते, तब तक अभियान निरंतर जारी रखा जाए।

### चार प्रखंडों की प्रगति पर जताई नाराजगी

बैठक में डुमरी, घाघरा, भरनो एवं बसिया प्रखंडों की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष रणनीति बनाकर डोर-टू-डोर संपर्क, पुनः भ्रमण एवं व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को दवा खिलाई जा सके।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन जनस्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें सभी विभागों के समन्वित प्रयास जरूरी हैं।

### नागरिकों से दवा सेवन की अपील

उपायुक्त ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि एमडीए अभियान के तहत दी जा रही दवा पूरी तरह सुरक्षित है और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक है। उन्होंने लोगों से दवा का सेवन कर फाइलेरिया मुक्त गुमला बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया।

**सराहनीय कदम** — प्रदान संस्था की ओर से नारी एकता महिला महासंघ का वार्षिक अधिवेशन आयोजित

# शिक्षित महिला से समाज पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव : सांसद

- महिला सुरक्षा के प्रति सजग रहने का सामूहिक संकल्प लिया

नवीन मेल संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के बंदगांव प्रखंड अंतर्गत सुबानसाई स्थित शहीद मैदान में बुधवार को प्रदान संस्था की ओर से नारी एकता महिला महासंघ का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि नारी एकता महिला महासंघ ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को संगठित कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनती हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। महासंघ के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने का जो प्रयास हो रहा है।

वह प्रेरणादायी है। अधिवेशन के दौरान महिलाओं के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार के अवसरों का सृजन और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित महिलाओं ने बेहतर भविष्य के निर्माण, एकजुटता बनाए रखने और महिला सुरक्षा के प्रति सजग रहने का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विभिन्न महिला समितियों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में सांसद अधिवेशन स्थल पर लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर महासंघ की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालन किरण गागराई और सुभाषिनी देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नकटी के मुखिया मिथुन गागराई, दिलीप कुमार, निशु मिश्रा, त्रिथी दास, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मंजू देवी सहित कई समितियों ने अधिवेशन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# स्वास्थ्य व सुरक्षा से जुड़े कचरा प्रबंधन पर बड़ी पहल कितनी कारगर होगी?

किसी भी गांव कस्बे शहर से लेकर महानगर तक की असली पहचान उसकी स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और निस्तारण से होती है क्योंकि यह सारी बड़ी उपलब्धियों को मटियामेट कर देती है। इंदौर वर्षों से श्रेष्ठता के लिए सम्मानित होता रहा लोग जापान से उसकी तुलना करने लगे थे पर एक चूक ने सवाल खड़े कर दिए।देश में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से आगामी एक अप्रैल से लागू होने वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 की अधिसूचना जारी कर दी गई है। पिछले दस साल के अंतराल के बाद, लगभग एक साल तक जनता की राय, आपत्तियों और गहन चर्चा के बाद इन नए नियमों को अंतिम रूप दिया गया है। वर्तमान सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान पर खास जोर दिया है।

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सरकार की इस मंशा पर रत्ती भर भी शक नहीं किया जा सकता है, लेकिन अब भी सबसे अहम यक्ष प्रश्न अनुत्तरित ही रह जाता है कि नए नियमों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा अथवा नहीं? कचरा प्रबंधन की शुरुआत 1994 में उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति से हुई। इसके बाद पिछले तीन दशकों से अधिक समय में नियमों को अलग-अलग बदलावों के साथ तीन बार लागू किया गया, किंतु वास्तविकता यह है कि इन नियमों का पालन बहुत धीमा रहा और वे अब भी काफी हद तक कागजों तक ही सीमित हैं। सर्वप्रथम, नगरीय अपशिष्ट (प्रबंधन एवं संचालन) नियम, 2000 लागू किए गए। फिर, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 लागू हुए। हाल ही में, इनके संशोधित और विस्तारित रूप 2026 को लागू किया गया है, ताकि कचरा प्रबंधन बेहतर ढंग से हो सके, चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। जहां पूर्व के दोनों नियम मात्र शहरी सीमाओं तक सीमित थे, वहीं नया रूप भारत के समस्त भूस्वामियों एवं उपयोगकर्ताओं पर लागू होता है। उसी क्रम में पूर्ववर्ती नियमों के तहत कचरा प्रबंधन का संपूर्ण दायित्व स्थानीय निकायों तक ही सीमित था, पर नए नियमों के तहत कचरा उत्पन्न करने वाले नागरिकों, बाजारों, उद्यमों आदि को भी उक्त प्रबंधन के लिए उत्तरदायी बनाया गया है। कचरा प्रबंधन के विज्ञान में मुख्य अपेक्षा यह होती है कि यह पर्यावरण के अनुकूल हो और चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों के अनुसार काम करे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पहली आवश्यकता कचरा उत्पादन के स्तर से ही इन्हें अलग-अलग इकट्ठा करना एवं कचरे को एक बार ही हस्तालन (हैंडलिंग) करने की है। प्रवर्तित नियमों में इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए एक मुख्य और सामान्य प्रावधान यह है कि कचरे को उसके स्रोत पर ही अलग-अलग किया जाए। वर्ष 2000 के नियमों में कचरा गीला और सूखा, 2016 के नियमों में सूखा, गीला एवं घरेलू घातक, तथा नए नियमों में सूखा, गीला, सेनेटरी, तथा विशेष देखभाल वाले, चार भागों में विभाजित करने का प्रावधान किया गया है। हर बार नियमों में बदलाव के साथ कचरे को अलग-अलग भागों में बांटने की श्रेणियां बढ़ती गईं, पर 2000 के नियमों की मूल भावना के अनुसार, गोवा को छोड़कर पूरे देश में, कुछ गिने-चुने शहरों को छोड़ दें तो, कचरा स्रोत स्तर पर गीला व सूखा जैसे दो हिस्सों में भी अलग होकर नहीं आ रहा है। अलग-अलग करके ही कचरे का सदुपयोग किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हर स्तर पर उत्पन्न कचरे को विभिन्न उद्योगों व उत्पादन के अनुरूप कच्चे माल के रूप में चिह्नित किया जाए। दुर्भाग्यवश, कुछ अपवादों के अतिरिक्त वर्तमान व्यवस्था किसी भी रूप में स्रोत से अलग-अलग कचरा एकत्रित करने हेतु सक्षम नहीं है। देश में आम तौर पर कचरा इकट्ठा करने के लिए इस्तेमाल होने वाले साधन बाहर से दो रंगों में विभाजित दिखाई देते हैं, मानो कचरा अलग-अलग रखा जा रहा हो, पर सच यह है कि इंजीनियरिंग, आर्थिक व प्रबंधन के दृष्टिकोण से एक ही संग्रहण वाहन में कचरे को कम से कम दो हिस्सों में रखना लगभग असंभव है। यह पर्यावरण सम्मत भी नहीं होगा। इन्हीं संदेहों के मध्य सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण होगा विशेष देखभाल वाले चतुर्थ भाग में वर्णित अपशिष्ट को इकट्ठा कर उसका निस्तारण करना। इसमें एक्सपायर्ड दवाओं, बैटरी, ट्यूबलाइट, थर्मामीटर, समेत कई प्रकार के अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित करने की अनुशंषा की गई है। इनके भौतिक व रासायनिक स्वरूपों में अंतर होने के कारण संग्रहित होने के बाद इन्हें पुनः विभाजित करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहेगा। उचित होता कि दवाओं, धातु की वस्तुओं, बैटरी इत्यादि के बेहतर निष्पादन प्रबंधन हेतु उनके मूल विक्रय स्थान पर पुनर्खरीद व्यवस्था को ठोस रूप में लागू किया जाता। इसी प्रकार, वर्तमान नियमों में खुले छोड़े गए कई प्रावधानों की अवहेलना होने की भी पूर्ण आशंका बनी रहेगी। अच्छी भावना के साथ लागू किए जाने वाले नियमों में अभियोजन की कठोरता का अभाव इन्हें बहुत हद तक अप्रभावी बना देता है। बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए अभियोजन अधिकारों को स्थानीय निकायों तक सीमित न रखते हुए व्यापक रूप से विभिन्न विभागों एवं संस्थानों को अधिकृत किया जाना श्रेयस्कर होता। इन सब के बावजूद, सरकार की कचरा प्रबंधन के प्रति सदिच्छा के चलते उक्त नियम न सिर्फ भविष्य के लिए बेहतर आधारशिला रखेंगे, अपितु बेहतर पर्यावरण में सहायक होंगे, यही अपेक्षा की जानी चाहिए। भारत का ई-वेस्ट कुप्रबंधन अब केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं, बल्कि देश के ग्रीन ट्रांजिशन के लिए सीधा खतरा बनता जा रहा है। पर्यावरण संगठन टॉक्सिक लिंक की नई रिपोर्ट लॉन्ग रोड टू सर्कुलरिटी ने खुलासा किया है कि विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) नीति जमीन पर प्रभावी साबित नहीं हो पा रही, जिसके चलते ई-कचरे में लिथियम, नियोडिमियम और डिस्प्रोसियम जैसे बहुमूल्य खनिज नष्ट हो रहे हैं और भारत अपनी ही संसाधन क्षमता गंवा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कचरा या ई-कचरा उन सभी विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा उनके हिस्सों से बनता है, जिन्हें उपयोग के बाद फेंक दिया जाता है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टीवी, घरेलू उपकरण और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स इसके प्रमुख स्रोत हैं। इनमें मौजूद कीमती धातुएं और खनिज यदि वैज्ञानिक तरीके से पुनर्प्राप्त न किए जाएं, तो वे पर्यावरणीय जोखिम पैदा करने के साथ आर्थिक नुकसान का कारण भी बनते हैं।

**विचार प्रवाह** जब तक तुम ईश्वर को पा नहीं लेते, मनोरंजनों में रुचि न रखना ही अच्छा है। मनोरंजन खोजने का अर्थ है भगवान को भूल जाना। पहले प्रभु से प्रेम करना और प्रभु को जानना सीख लो। उसके बाद तुम जो भी करो उससे फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे सदा तुम्हारे विचारों में बने रहेंगे। **- श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'**

# पाणिनि से एआई स्टैक तक : दिल्ली का एआई गौरव और राष्ट्रीय क्षमता का लक्ष्य

देश की बात



हरदीप एस पुरी
केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

> किसी अन्य देश ने एक ही नीतिगत व्यवस्था के तहत पहचान, भुगतान और पात्रता-अधिकार के वितरण का निर्माण इस स्तर पर नहीं किया है और यही वह आधारशिला है, जिस पर भारत का एआई खड़ा है।

जब पाणिनि ने बोली जाने वाली भाषा की अव्यवस्था को एक संक्षिप्त, गणनीय व्याकरण में परिवर्तित किया, तो उन्होंने एक बात साबित की, जो आज भी प्रासंगिक है: बुद्धिमत्ता सबसे शक्तिशाली तब होती है, जब इसे संरचना के रूप में व्यक्त किया जाता है। नालंदा इस सहज प्रवृत्ति को संस्थानों तक ले गया और बहस करने, संरक्षित करने और ज्ञान को सीमाओं के पार प्रसार करने के तरीके विकसित किए। भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी करने का भारत का निर्णय उसी सभ्यतागत भावना से प्रेरित है, क्योंकि तकनीक में अगली छलांग उन प्रणालियों के बारे में है, जो सीख सकती हैं, तर्क कर सकती हैं और बड़े पैमाने पर कार्य कर सकती हैं और दुनिया ऐसे भविष्य के बारे में सोच नहीं सकती, जिसमें केवल कुछ देश यह तय करें कि ये प्रणालियाँ कैसे बनाई जाएंगी। पिछले सप्ताह भारत मंडपम में आयोजित यह शिखर सम्मेलन, एक वैश्विक दक्षिण राष्ट्र द्वारा आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था और किसी भी पूर्व आयोजन में इस स्तर की भागीदारी नहीं देखी गई। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री, 100 से अधिक देशों के 500 से अधिक एआई दिग्गज और विषय-आधारित दस पवेलियनों में 300 प्रदर्शक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी स्वयं की एक संगठनात्मक सोच प्रस्तुत कर रहा है- डेटा पर संप्रभुता, डिज़ाइन के अनुसार समावेश और स्वाभाविक जवाबदेही। देश वैश्विक पूंजी को इन शर्तों पर यहां निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहा है।

प्रधानमंत्री के एमएएनएवी विजन में इस विचार की स्पष्ट अभिव्यक्ति हुई है- नैतिक पाबंदी, जवाबदेह शासन, डेटा पर संप्रभुता, ताकि ज्ञान के कच्चा माल का उस रूप में निष्कर्षण न किया जाए जैसे कभी वस्तुओं का किया जाता था, व्यापक पहुंच, ताकि लाभ मध्य प्रदेश के किसान तक उतने ही निश्चित रूप से पहुंचे, जितना बेंगलुरु के इंजीनियर तक और कानूनी वैधता, ताकि हर प्रयुक्त प्रणाली लोकतांत्रिक निरीक्षण के प्रति जवाबदेह बनी रहे। उनकी अवधारणा एआई को खुला आकाश देने की है, जबकि नियंत्रण मानव हाथों में रखा जाना चाहिए। यह अवधारणा एक ऐसी रेखा खींचती है, जिसे कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं खींचने में हिचकिचा रही हैं। अब इन सिद्धांतों का बहुपक्षीय महत्व है, जो शिखर सम्मेलन में अपनाई गई दिल्ली घोषणा के माध्यम से सामने आया, और इसे पहले से ही वैश्विक दक्षिण से आने वाली पहली प्रमुख एआई शासन रूपरेखा कहा जा रहा है। इस घोषणा की दृष्टि विकास-उन्मुख है, जिसका केंद्र तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण है और जो कठोर अनुपालन की तुलना में लचीली पाबंदियों को प्राथमिकता देता है। यह वैश्विक सहयोग को तीन




स्तंभों पर व्यवस्थित करता है: लोग, पृथ्वी और प्रगति। भारतजेन जैसा जनसंख्या के पैमाने पर आधारित समाधान, जो 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है और उस वास्तविकता को संबोधित करता है कि दुनिया का अधिकांश भाग अंग्रेज़ी में काम नहीं करता। भारत के अपने सब्सिडी वाले जीपीयू एक्सेस (65 प्रति घंटा) पर आधारित एक प्रस्तावित वैश्विक कंप्यूट बैंक प्रवेश बाधाओं को हर जगह कम करता है। घोषणा में डेटा संप्रभुता पर जोर दिया गया है, जो सीधे एआई निष्कर्षणवाद को चुनौती देता है: एक पैटर्न, जिसमें विकासशील देशों से डेटा संग्रहित किया जाता है ताकि मॉडल को प्रशिक्षित किया जा सके। बाद में इन देशों को इसी मॉडल के लिए भुगतान करना पड़ता है।

पिछले दशक के कार्यान्वयन ने इस रूपरेखा को विश्वसनीयता दी है, क्योंकि यह सरकार एआई तक किसी श्वेत पत्र के माध्यम से नहीं, बल्कि किसी भी लोकतांत्रिक देश द्वारा शुरू किये गये सबसे महत्वाकांक्षी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यक्रम के जरिये पहुंची है। यूपीआई ने 2025 में 228 बिलियन से अधिक लेन-देन संसाधित किए, जिनका मूल्य लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर था, जो दुनिया के वास्तविक समय पर कुल डिजिटल भुगतान का लगभग आधा है और यह वैश्विक स्तर पर वीसा द्वारा संसाधित किये गये कुल लेन-देन से भी अधिक है। जेएएम त्रय ने 2015 से अब तक 3.48 लाख करोड़ से अधिक की कल्याण बचत प्रदान की है। किसी अन्य देश ने एक ही नीतिगत व्यवस्था के तहत पहचान, भुगतान और पात्रता-अधिकार के वितरण का निर्माण इस स्तर पर नहीं किया है और यही वह आधारशिला है, जिस पर भारत का एआई खड़ा है।

यदि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को देश से जोड़ना था, तो एआई अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को क्षमता से जोड़ना है और यहां आंकड़े एक चौंकाने वाला अंतर दिखाते हैं: भारत दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत डेटा का उत्पादन करता है, लेकिन यहाँ वैश्विक डेटा-केंद्र क्षमता का केवल लगभग 3 प्रतिशत मौजूद है। अब इस अंतर को उसी इरादे के साथ पाटा जा रहा है, जिसने यूपीआई का निर्माण किया था: तेज, बड़े पैमाने पर और संप्रभु डिजाइन के साथ।

विचार करें कि भारत मंडपम में एक ही सप्ताह में क्या घोषणाएं की गईं। माइक्रोसॉफ्ट: 2030 तक वैश्विक दक्षिण के लिए 50 बिलियन डॉलर, जिसमें से पहले ही 17.5 बिलियन डॉलर की भारत के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी है। गूगल: अमेरिका-भारत संपर्क पहल, जो पांच वर्षों में 15 बिलियन डॉलर से संचालित होगी। अमेज़न वेब सर्विसेज़: महाराष्ट्र में 8.3 बिलियन डॉलर। अदानी समूह: 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा-संचालित एआई डेटा केन्द्रों के लिए 100 बिलियन डॉलर। योटा डेटा सर्विसेज़: एनवीडिया के ब्लैकवेल अल्ट्रा चिप्स का उपयोग करके एशिया के सबसे बड़े एआई कंप्यूटिंग हब में से एक के लिए 2 बिलियन डॉलर से अधिक। लार्सन एंड टुब्रो: एनवीडिया के साथ भारत की सबसे बड़ी गीगावाट-स्केल एआई फैक्ट्री बनाने के लिए प्रस्तावित परियोजना। इंडियाएआई मिशन का राष्ट्रीय कंप्यूट क्लस्टर 38,000 जीपीयू पार कर चुका है और इसे 58,000 तक बढ़ाया जा रहा है, जो स्टार्टअप्स के लिए वैश्विक लागत के लगभग एक तिहाई पर उपलब्ध है। अगले दो वर्षों में एआई अवसंरचना में 200 अरब डॉलर के निवेश का सरकार का लक्ष्य महज आकांक्षा नहीं है; घोषित प्रतिबद्धताएँ इसे हासिल करने के दायरे में लाती हैं। केंद्रीय बजट 2026-27 का उद्देश्य इस निवेश को दीर्घकालिक संरचनात्मक लाभ में बदलने का है, जो उन विदेशी कंपनियों के लिए टैक्स होलीडे का 2047 तक विस्तार करता है, जो वैश्विक क्लाउड सेवाओं के लिए भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करती हैं तथा एआई और उच्चतम निर्माण स्टार्टअप्स के लिए 1.1 अरब डॉलर के वेंचर कैपिटल फंड का वचन देती हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## अब आइए स्वयं पर गहन दृष्टि डालें





स्वामी चिन्मयानंद

**ब्रह्माण्ड :** क्या आपने कभी सोचा कि सूर्य प्रतिदिन कैसे उदित होता है तथा प्रकाश देता है? ग्रह अपने-अपने पथ पर कैसे स्थिर रहते हैं? जल-चक्र कैसे निरंतर संचालित होता रहता है? अर्थात, असंख्य सार्वभौमिक प्रक्रियाएं प्रतिदिन बिना हमारे ज्ञान व नियंत्रण के स्वत: चलती रहती हैं।

**प्रकृति :** क्या आपने कभी यह सोचा कि आहार-श्रृंखला कितने समुचित रूप से कार्य करती है ? वनस्पतियाँ अपना भोजन स्वयं बनाती हैं तथा प्रत्येक प्राणी का अपना विशिष्ट आहार होता है। गाय तथा हिरण घास खाते हैं, सिंह व बाघ अन्य प्राणियों का भक्षण करते हैं, गिद्ध मृत जीवों के अवशेष ग्रहण कर वातावरण को शुद्ध रखते हैं, तथा सूक्ष्मजीव उन्हें और विघटित कर पृथ्वी में पुन: पोषक तत्त्व लौटाते हैं। इस पूरी प्रक्रिया के द्वारा सम्पूर्ण पारिस्थिति का तंत्र संतुलित रहता है।

**तत्त्व :** क्या आपने कभी मनन किया कि प्रत्येक तत्त्व अपना धर्म (स्वभाव) कैसे बनाए रखता है? अग्नि सदैव उष्ण ही रहती है-चाहे वह लौ के रूप में हो, चिंगारी में हो अथवा दीप-शिखा में। 'शीतल अग्नि' किसी ने नहीं देखी। जल सदैव तरल ही रहता है नदी में हो, सरोवर में हो अथवा पात्र में, उसका तरल स्वभाव अपरिवर्तित रहता है।

**हमारा शरीर :** क्या आपने कभी सोचा कि गर्भ में हमारा विकास कैसे हुआ या हमारा हृदय एक पल के लिए भी नहीं रुकता है? हमारे अंग किस प्रकार कुशलतापूर्वक भोजन पचाते है अथवा प्रत्येक क्षण में लाखों कोशिकाएं मरती हैं और उनकी जगह नई कोशिकाएं ले लेती हैं? हमारा शरीर रक्त-संचार, श्वसन, पाचन, प्रतिरक्षा तंत्र तथा अनेक अन्य प्रक्रियाओं में एक सामंजस्य बनाए रखता है, और हमें इसके लिए कुछ सोचने की आवश्यकता भी नहीं होती।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# संग्रहालय सुरक्षा पर अनूठी पुस्तक अमृतकाल विजन 2047


पुस्तक समीक्षा



राखी ठाकुर

कैप्टन प्राण रंजन प्रसाद द्वारा लिखित पुस्तक "संग्रहालय सुरक्षा: अमृतकाल विज़न 2047" भारत की सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा पर 2047 तक के दशकों में चल रही चर्चा में एक अत्यंत आवश्यक और सामयिक योगदान देती है। प्रसाद व्यावहारिक अंतर्दृष्टि को "अमृतकाल" युग के लिए तैयार किए गए रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ते हैं - यह वह काल है जिसकी परिकल्पना भारत के वैश्विक सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में परिपक्व होने के लिए की गई है। पुस्तक की ताकत संग्रहालय सुरक्षा के व्यापक विश्लेषण में निहित है, जो एक वैचारिक ढाँचे और एक परिचालन चुनौती दोनों के रूप में है। प्रसाद संग्रहालयों और विरासत स्थलों के सामने आने वाले बहुआयामी खतरों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करते हैं - चोरी और अवैध तस्करी से लेकर अपर्याप्त बुनियादी ढाँचे और अप्रशिक्षित कर्मियों तक। वे संग्रहालयों, स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों के भीतर मौजूद विभिन्न सुरक्षा तत्वों के बीच की कमियों को दूर करने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, आधुनिक सुरक्षा ऑडिट और एक समर्पित विरासत संरक्षण बल की वकालत करते हैं।इस पुस्तक को अन्य सामान्य नियमावली से अलग करने वाली बात इसका दूरदर्शी दृष्टिकोण है। लेखक समस्याओं की मात्र सूची बनाने के बजाय व्यावहारिक समाधान सुझाते हैं और व्यवस्थित प्रशिक्षण, बेहतर आगंतुक प्रबंधन पद्धतियों और सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण की आवश्यकता पर बल देते हैं। यह पुस्तक दर्शाती है कि सुरक्षा किस प्रकार आगंतुक अनुभव, संरक्षण नैतिकता और राष्ट्रीय गौरव से जुड़ी हुई है-विशेषकर भारत जैसे समृद्ध और विविध सांस्कृतिक परिदृश्य में। यद्यपि पुस्तक में कभी-कभी तकनीकी शब्दावली का प्रयोग किया गया है, फिर भी यह संग्रहालय प्रशासकों, विरासत विशेषज्ञों और नीति योजनाकारों के लिए सुलभ है। यह सुरक्षा को 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के संदर्भ में भी प्रस्तुत करती है, जिससे यह आने वाले वर्षों में सांस्कृतिक नीति और विरासत प्रबंधन पर व्यापक चर्चाओं के लिए प्रासंगिक बन जाती है। अमृतकाल विजन 2047 सुरक्षा, विरासत संरक्षण और सांस्कृतिक नीति के अंतर्संबंध में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण पुस्तक है-जो दशकों के जमीनी अनुभव से प्राप्त विश्लेषणात्मक गहराई और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करती है।

**(लेखिका फिल्म और टेलीविजन निर्देशक और कवयित्री हैं)**




फेसबुक वॉल से




एक्स से




**आज का दोहा**


पिंजरों में तोते नहीं, बाहर भी सुनसान।
कौन चुरा कर ले गया, जंगल की पहचान।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# अधिकार के साथ कर्तव्य की बात भी होनी चाहिए

अलग बात



अशोक भगत
सचिव, विकास भारती, झारखंड

जिस तरह हम अपने अधिकारों की बातें करते हैं, उसी तरह हमें अपने कर्तव्यों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारी सभी समस्या का समाधान सरकार के पास नहीं है। सरकार हमें व्यवस्था खड़ी करके दे सकती है, पर उस व्यवस्था का प्रबंधन और संचालन हमें स्वयं करना होगा, कर्तव्यों को अधिकारों के ऊपर प्रतिष्ठित किये जाने से अनेक सामाजिक, राजनीतिक समस्याओं से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। हम निरंतर अपने अधिकारों की बातें करते हैं और अपनी दुर्गति का सारा ठीकरा सरकार पर फोड़ देते हैं। पर आप सोचिए कि क्या सरकार हमारी सभी समस्याओं का समाधान कर सकती है? सरकार चाहे कितनी भी सफल क्यों न हो, हमारी सभी समस्याओं का समाधान उसके पास नहीं है। सरकार हमें व्यवस्था खड़ी करके दे सकती है, पर उस व्यवस्था का प्रबंधन और संचालन हमें स्वयं करना होगा। इतिहास बताता है कि अंग्रेजों के आने से पहले स्थानीय प्रशासन प्रबंधन में केंद्रीय सत्ता का हस्तक्षेप नहीं के बराबर था। हर जगह शासन की स्थानीय इकाई विकसित थी और वहीं शासन का स्थानीय प्रबंधन देखती थी। इस कारण लोगों के मन में शासन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण था। उन दिनों अधिकारों की बातें कम होती थीं और बड़े पैमाने पर लोगों में कर्तव्य की भावना विकसित थी। परंतु अंग्रेजों ने इसे बदल दिया. लोगों के मन में सरकार और सरकारी व्यवस्था के प्रति उदासीनता छाने लगी और वहीं से कर्तव्य के स्थान पर अधिकार की मांग होने लगी, स्वतंत्र भारत में भी प्रशासनिक ढांचे को बहुत ठीक नहीं किया गया। लोगों में सामाजिक एवं राष्ट्रीय बोध विकसित करने के बदले अधिकार की भावना भड़कायी जाती रही। अधिकार और कर्तव्य की व्यवस्था भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों व मौलिक कर्तव्यों के रूप में व्याख्यायित है। मौलिक अधिकार हमारे संविधान में संविधान निर्माताओं द्वारा स्थापित किये गये हैं, जबकि मौलिक कर्तव्यों को संविधान संशोधन के माध्यम से जोड़ा गया है। मौलिक अधिकारों के लागू होने के 26 वर्ष के उपरांत संविधान संशोधन द्वारा मौलिक कर्तव्यों के जोड़े जाने से जनमानस में स्वाभाविक रूप से अधिकारों के प्रति जागरूकता अधिक है और कर्तव्यों का भान कम दिखाई देता है। इस कारण प्रशासन, देश और समाज के प्रति एक नये प्रकार की उदासीनता विकसित हो गयी है। इसे ठीक करना होगा। कर्तव्यों को अधिकारों के ऊपर प्रतिष्ठित किये जाने से अनेक सामाजिक, राजनीतिक समस्याओं से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उदाहरण के लिए, सरकार द्वारा कई कानून बनाये गये हैं, जैसे दहेज लेना और देना दोनों गैरकानूनी हैं, पर समाज में यह धड़ल्ले से चल रहा है. जातिगत टिप्पणी गैरकानूनी है, परंतु समाज में यह किसी न किसी रूप में जारी है। अपने घर की सफाई के साथ-साथ आस-पड़ोस की सफाई हमारा सामाजिक दायित्व है, परंतु सामाजिक बोध के अभाव में ज्यादातर लोग अपने घर का कूड़ा दूसरों के दरवाजे पर जमा कर देते है। यात्रा के समय सार्वजनिक यातायात के साधनों का उपयोग करते समय अधिकतर लोगों को सहयात्रियों का ख्याल नहीं रहता। यातायात नियम तोड़ने को अधिकतर लोग अपनी शान समझते हैं, सार्वजनिक स्थलों की सफाई का हमें ध्यान तक नहीं रहता है। इसी प्रकार, राष्ट्रीय हित की ऐसी बहुत सी बातें हैं जिनकी अधिकतर नागरिक अवहेलना करते हैं, कई व्यक्तियों को इस मामले की जानकारी नहीं होती है। पर कई जिम्मेदार व्यक्ति को भी इनकी अवहेलना करते देखा जा सकता है। इन पूरे मामलों को हम आंकड़ों से समझने का प्रयास करते हैं। परिवहन मंत्रालय द्वारा 2025 में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में हेलमेट नहीं पहनने के कारण प्रतिदिन लगभग 80 लोगों की मृत्यु हो जाती है। सड़क दुर्घटनाओं पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में देश में हिट एंड रन की करीब 67 हजार दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 30 हजार से अधिक लोगों की जान गयी। गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में प्रतिदिन 18 से 20 महिलाओं को दहेज के कारण अपनी जान गंवानी पड़ती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### सिस्टम की नाकामी का जीता-जागता गांव है भुंडूपानी जामझरिया, प्रखंड मुख्यालय से है 17 किमी दूर

# जलमीनार खराब, खाई में उतर पानी लाने को विवश हैं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**





पीएचईडी और बिजली विभाग बेखबर

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला पंचायत का भुंडूपानी जामझरिया गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के इंतजार में है। प्रखंड मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर बसे इस गांव में लगभग 16-17 घर हैं, लेकिन न बिजली की रोशनी पहुंची है और न ही सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था। बरसात के दौरान खराब हुए दोनों जलमीनार आज तक मरम्मत की बाट जोह रहे हैं, जिसके कारण पूरा गांव एक छोटे से चुंवा पर निर्भर है जो जमीन से करीब 50 फीट नीचे खाई में स्थित है और जिसकी गहराई लगभग 8 फीट है। पानी लाने के लिए ग्रामीणों को खड़ी ढलान से नीचे उतरना पड़ता है और फिर भरी बाल्टी लेकर ऊपर चढ़ना पड़ता है, कई बार बीच रास्ते में बैठकर सांस संभालनी पड़ती है तब जाकर एक बाल्टी पानी घर तक पहुंचता है। गांव की महिलाएं सुबह होते ही खाली बर्तन लेकर खाई की ओर निकल पड़ती हैं, बच्चों की पढ़ाई अंधेरे में होती है और मोबाइल चार्ज करने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है, रात होते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है जिससे सांप-बिच्छू का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीण अविनाश तोपनो, अनील तोपनो, जिनिद तोपनो, नमलेन तोपनो, मनोहर बागे, सालान तोपनो, जयमसीह बुढ़ और बेंजामिन तोपनो ने बताया कि कई बार विभागों और जनप्रतिनिधियों को समस्या बताई गई, लेकिन अब तक न जलमीनार ठीक हुआ और न बिजली पहुंची, असुरक्षित पानी पीने से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है और बुजुर्गों के लिए पानी लाना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से पीएचईडी से खराब जलमीनार की तत्काल मरम्मत और स्थायी पेयजल व्यवस्था बहाल करने तथा बिजली विभाग से गांव में जल्द कनेक्शन और ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है, साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द संयुक्त निरीक्षण कर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन और संबंधित विभाग इस प्यासे और अंधेरे में डूबे गांव तक पहुंचकर राहत देंगे या भुंडूपानी जामझरिया के लोग यूं ही खाई से पानी ढोकर जिंदगी काटते रहेंगे।

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सख्त निर्देश

# 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कोलेबिरा, सिमडेगा एवं पाकरटांड़ प्रखंडों में 10 फरवरी से संचालित अभियान की समीक्षा की गई।24 फरवरी 2026 तक 82 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर संतोष व्यक्त किया गया। हालांकि लक्ष्य से पीछे रह गए क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर शीघ्र उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सिमडेगा एवं कोलेबिरा को दिया गया। लक्ष्य पूर्ति के लिए कार्यक्रम की अवधि एक सप्ताह बढ़ाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु विशिष्ट पहचान, घर-घर पहुंच और समावेशी प्रयासों पर जोर दिया गया।उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और शत-प्रतिशत उपलब्धि की दिशा में सक्रिय रहने का निर्देश दिया। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला मलेरिया पदाधिकारी, जेएसएलपीएस जिला कार्यक्रम प्रबंधक, चिकित्सा पदाधिकारी कोलेबिरा एवं सिमडेगा, जिला वीबीडी सलाहकार, पिरामल प्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।



### दीदियों की पहल से सुरक्षित और आत्मनिर्भर होली की ओर कदम

**सिमडेगा।** रंगों के पावन पर्व होली को लेकर जिलेभर में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में आज समाहरणालय सभागार में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल का विधिवत शुभारंभ किया गया। उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने हर्बल गुलाल का लोकार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त दीपंकर चौधरी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले के टी. टांगर, बानो, केरसई एवं जलडेगा प्रखंडों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ सामूहिक रूप से प्राकृतिक तरीके से हर्बल गुलाल तैयार की हैं। यह गुलाल फूलों, हल्दी, चुकंदर तथा अन्य वनस्पतियों से पारंपरिक विधि द्वारा रंग तैयार कर उसे सुखाकर एवं छानकर गुलाल तैयार किया गया है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के रासायनिक तत्व का प्रयोग नहीं किया जाता, जिससे यह पूरी तरह त्वचा के लिए सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल है।बाजार में उपलब्ध रासायनिक गुलाल से होने वाली एलर्जी, खुजली एवं अन्य दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुए दीदियों ने प्राकृतिक विकल्प उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर गुलाल की बिक्री से स्वयं सहायता समूहों को अच्छा लाभ प्राप्त होता है, जिससे समूह की आय में वृद्धि होती है और महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है। इससे उनके आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता में भी बढ़ोतरी होती है।इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री शांति मार्डी ने हर्बल गुलाल के उत्पादन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी साथ ही संबंधित प्रखंडों से आई दीदियों को उपायुक्त महोदया ने गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं और उनके प्रयासों की सराहना की।




सिमडेगा में हर्बल गुलाल का शुभारंभ

## बानो के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में दो मार्च को होगा सहायिका चयन

**नवीन मेल संवाददाता। बानो।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम हथनंदा व चोरोड़दा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद के चयन को लेकर आगामी 02 मार्च को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।दोनों केंद्रों में पूर्व में कार्यरत सहायिकाओं के निधन के कारण पद रिक्त हो गया है,जिसके बाद चयन प्रक्रिया शुरू की गई है।जानकारी के अनुसार, निर्धारित तिथि को संबंधित गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर नियमानुसार चयन प्रक्रिया के तहत सहायिका पद के लिए चयन किया जाएगा।इस संबंध में *प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी और आंगनबाड़ी सुपरवाइजर नैना कुमारी* ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी।उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि वे ग्राम सभा में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लें,ताकि योग्य अभ्यर्थी का चयन सुनिश्चित हो सके।अभ्यर्थियों से कहा गया है कि अपनी शैक्षणिक योग्यता व अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ कार्यक्रम में भाग ले।

## बानो में लगा जनता दरबार, 70 मामलों का किया निपटारा




**नवीन मेल संवाददाता। बानो।** अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित जनता दरबार में कुल 70 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया।जनता दरबार के दौरान 15 लोगों के पंजी-2 में सुधार किए गए,जबकि 55 लोगों को जाति, आय एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी किए गए। जनता दरबार में उपस्थित पधिकारियों ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में अंचल निरीक्षक विल्सन केरकेट्टा,राजस्व कर्मचारी चंद्रेश उरांव,राजेश कुमार सहित अन्य अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## छिनतई मामले में फरार आरोपी के घर इश्तहार चस्पा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** छिनतई के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ सिमडेगा सदर थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तहार चस्पा करने की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सिमडेगा थाना कांड संख्या 65/2025 के तहत की गई।मामले में नामजद आरोपी नोबेल बड़ाईक, निवासी जलकी टोली कोनबेगी, थाना रेंगारीह, लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा है। पुलिस द्वारा पूर्व में उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, लेकिन वह फरार पाया गया। इसके बाद न्यायालय से इश्तहार जारी होने पर सदर थाना पुलिस की टीम ने उसके पैतृक आवास पहुंचकर विधिवत इश्तहार चस्पा किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को निर्धारित तिथि तक न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इश्तहार में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि तय समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया भी शामिल हो सकती है।



### महाबुआंग थाना परिसर में 26 फरवरी को शांति समिति की बैठक

**बानो।** बानो सर्किल के महाबुआंग थाना में आगामी होली पर्व को लेकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर 26 फरवरी को दोपहर 04:00 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में आपसी भाईचारा, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई है। उन्होंने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, प्रबुद्ध जनों, शांति समिति के सदस्यों तथा आम ग्रामीणों से बैठक में समय से उपस्थित होकर अपने सुझाव देने की अपील की है।उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि होली पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

# बीडीओ का निर्देश, राशन कार्ड धारियों से शालीन व्यवहार करें दुकानदार

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** प्रखंड सभागार में जन वितरण प्रणाली के सुचारू संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने की। इस दौरान प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की उपस्थिति में राशन वितरण की स्थिति, लाभुकों को समय पर अनाज उपलब्ध कराने, ई-पॉस मशीन के नियमित उपयोग तथा स्टॉक संधारण की विस्तृत समीक्षा की गई। बीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी दुकानदार निर्धारित तिथि के अनुसार राशन वितरण सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाभुकों के साथ शालीन व्यवहार करें और वितरण सूची एवं स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन रखें। साथ ही आधार सीडिंग, ऑनलाइन प्रविष्टि और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में आपूर्ति से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई तथा दुकानदारों की समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में आपूर्ति से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई तथा दुकानदारों की समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अवधि में प्रखंड में पदस्थापित नव पदस्थापित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जेम्स रिचर्ड खोया का पीडीएस दुकानदारों द्वारा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

## बजट में विधायक ने उठाया सड़क और जलमिनार का मुद्दा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** षष्ठम झारखंड विधानसभा के पंचम बजट सत्र के छठवें दिन तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया और शीघ्र समाधान की मांग की।विधायक ने माननीय अध्यक्ष के माध्यम से तोरपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खूंटी–कोलेबिरा मुख्य पथ के कतरा मोड़ से सोनपुर भाया सुन्दारी–तिरला पथ के मजबूतीकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि यह सड़क हजारों ग्रामीणों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क के सुदृढ़ीकरण से न केवल आवाजाही सुगम होगी, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।इसके अलावा उन्होंने तोरपा प्रखंड मुख्यालय और बानो प्रखंड मुख्यालय स्थित जलमिनारों के जीर्णोद्धार तथा नए जलमिनारों के निर्माण की मांग भी सदन में रखी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुराने जलमिनारों के मरम्मत कार्य और नए जलमिनारों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी।विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सदन में उठाना उनका दायित्व है और जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत है।

## जलडेगा पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण का मुद्दा उठा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा के सत्र में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने सिमडेगा जिले के जलडेगा प्रखंड को जोड़ने वाले मुख्य पहुंच मार्ग की जर्जर स्थिति और संकीर्णता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग एनएच-143 पर स्थित पंडरीपानी से गांगूटोली होते हुए जलडेगा प्रखंड तक जाता है, जो अत्यंत पुराना और सिंगल लेन होने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।विधायक ने बताया कि सिमडेगा जिले के दस प्रखंडों के पहुंच मार्गों में यह एकमात्र सड़क है, जो अब भी अत्यधिक संकरी है। इससे आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए डीपीआर पूर्व से तैयार है, किंतु अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

**सवाल का जवाब** | सिमडेगा शहर की सफाई, नालियों और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का मसला विधानसभा में उठा

# नगर परिषद ने 87 नालियां बनाईं, जल्द ही और बनेंगी

- 103.67 करोड़ रुपये की पीपीपी मॉडल सॉलिड वेस्ट परियोजना स्वीकृत
- खराब लाइटों की नियमित मरम्मत का किया गया दावा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा के सत्र में सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा ने शहर की सफाई व्यवस्था, अधूरे ड्रेनेज सिस्टम और खराब स्ट्रीट लाइटों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में कचरा प्रबंधन ठप है और लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि इस दिशा में ठोस कदम कब तक उठाए जाएंगे। सरकार ने लिखित उत्तर में बताया कि नगर परिषद द्वारा अब तक 87 नालियों का निर्माण कराया गया है और कार्य चरणबद्ध जारी है। सफाई कार्य स्वच्छता एजेंसी के माध्यम से अनुबंध के आधार पर कराया जा रहा है, जिसकी निगरानी नगर परिषद करती है। शहर में 750 से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिनमें 275 मुख्य सड़कों पर हैं, और खराब लाइटों की मरम्मत नियमित रूप से की जा रही है।सरकार ने बताया कि 103.67 करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मॉडल पर आधुनिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना स्वीकृत की गई है। नई व्यवस्था के तहत कचरा उठाव और प्रसंस्करण प्रणाली में व्यापक बदलाव किया जाएगा।

### पेसा क्रियान्वयन पर सदन में बहस, सरकार बोली-

## लघु वनोपज पर ग्राम सभा का अधिकार लागू

**सिमडेगा।** विधानसभा सत्र में विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा जैसे पूर्ण अनुसूचित जिले में पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विलेज काउंसिल को अब तक जमीनी स्तर पर वे अधिकार नहीं मिले हैं, जिनकी गारंटी पेसा देता है। तारांकित प्रश्न के उत्तर में सरकार ने स्पष्ट किया कि अधिसूचना संख्या-40, दिनांक 02.01.2026 के तहत झारखंड पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियमावली 2025 को राज्यपाल की स्वीकृति मिल चुकी है और ग्राम सभाओं को व्यापक प्रशासनिक व आर्थिक अधिकार सौंपे गए हैं।सरकार ने बताया कि ग्राम सभाओं को तेंदू पत्ता सहित सभी लघु वनोपजों के संग्रहण, उपयोग और बिक्री का मालिकाना हक दिया गया है। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलेगा।विधायक ने बालू उठाव, उत्खनन व अन्य स्थानीय गतिविधियों में ग्राम सभा की प्रभावी भूमिका नहीं होने का आरोप लगाया और जवाब पर असंतोष जताया। उन्होंने पेसा प्रावधानों को जमीन पर पूरी तरह लागू कराने की मांग की।

## न्यूज बॉक्स

### जलडेगा में 50 किसानों के बीच विभिन्न सब्जियों व मूंग के बीज वितरित



**जलडेगा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को कृषि विभाग द्वारा गरमा खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 50 किसानों के बीच मूंग सहित विभिन्न सब्जियों—भिंडी, नेनुआ, कद्दू, करेला, मिर्च, टमाटर, झींगा, खीरा, बैंगन व मूलीके बीजों का वितरण किया गया। प्रत्येक किसान को दो प्रकार की सब्जी के बीज के साथ मूंग बीज दिया गया ताकि वे बहुफसली खेती अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। बीज वितरण कार्यक्रम बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रसाद, आत्मा के एटीएम नितेश पॉल एक्का, लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार तथा जूही कुमारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। लीड्स संस्था से कृषि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसानों को प्राथमिकता दी गई, ताकि प्रशिक्षित किसान उन्नत तकनीक से बेहतर उत्पादन ले सकें। बीडीओ डॉ. प्रवीण कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दिए गए बीज केवल खेती के लिए हैं, इन्हें बेचना प्रतिबंधित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तैयार सूची के आधार पर समय-समय पर खेतों का निरीक्षण किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बीज का उपयोग खेती में ही हो। साथ ही किसानों से आधुनिक पद्धति अपनाकर अधिक उत्पादन करने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया गया।

### केतुंगा धाम के विकास को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न



**सिमडेगा।** बानो प्रखंड के ऐतिहासिक केतुंगा धाम में सुकरा केरकेट्टा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंदिर परिसर के विकास, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुदृढ़ता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। न्यास समिति, मानव धर्म रक्षक संघ एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। अखंड हरी कीर्तन को अधिक भव्य बनाने का निर्णय लिया गया। समिति सदस्य गांव-गांव जाकर कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित करेंगे। नागपुरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देने तथा अगले वर्ष से इसे यज्ञ पूर्णाहुति के बाद दिन में आयोजित करने पर सहमति बनी।भंडारा व्यवस्था की समीक्षा कर कीर्तन मंडलियों व श्रद्धालुओं के लिए समुचित भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। टोकन प्रणाली पर पुनर्विचार होगा। मंदिर परिसर की शेष भूमि की रजिस्ट्री शीघ्र प्रारंभ करने तथा नियमित ऑडिट के साथ लेखा-जोखा अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। आगामी होली मिलन व वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम सामूहिक रूप से आयोजित करने पर भी सहमति बनी। बैठक में कई ग्रामीण एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय मंच पर सिमडेगा के शिक्षक स्मिथ सोनी होंगे विशेष अतिथि




**बानो।** सिमडेगा जिला एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नई दिल्ली) के लाइव स्ट्रीम कार्यक्रम के लिए झारखंड से केवल बानो के शिक्षक स्मिथ सोनी का चयन किया गया है। विद्यालय प्रबंधन योजना के अंतर्गत उनका चयन उनके नेतृत्व, नवाचार और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण माना जा रहा है।स्मिथ सोनी 26 फरवरी को नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 27 फरवरी की संध्या लाइव व्याख्यान में भाग लेंगे। उनका विषय है – "झारखंड में मानव तस्करी में विद्यालय प्रमुख की भूमिका।" आदिवासी बहुल क्षेत्रों में मानव तस्करी की समस्या पर उनके शोध और जमीनी कार्य को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। वर्ष 2023 में इसी विषय पर उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें अमेरिकी दूतावास, नई दिल्ली एवं शक्ति वाहिनी संस्था द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने शिक्षकों, ग्राम सभाओं और जागरूक नागरिकों के साथ मिलकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, कौशल विकास और जागरूकता अभियान चलाने का कार्य किया है। उनका कहना है कि सामुदायिक सहभागिता से ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी रोक संभव है।

### रसोइया दीदियों का एकदिवसीय धरना, मांगों के समर्थन में उतरे अजय एक्का



**ठेठईटांगर।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप मध्याह्न भोजन योजना से जुड़ी रसोईया दीदियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना में शामिल रसोईया दीदियों ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी जायज़ मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज किया जाएगा। वे लंबे समय से मानदेय वृद्धि, सेवा शर्तों में सुधार, नियमित मानदेय भुगतान और सामाजिक सुरक्षा की मांग उठा रही हैं।धरना के उपरांत झारखंड रसोईया संघ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ की जिला सचिव संध्या देवी और प्रखंड अध्यक्ष सुनीता बरला ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर ठोस पहल नहीं होने पर प्रखंड स्तरीय रैली, जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन और व्यापक आंदोलन किया जाएगा। धरना स्थल पर जिप सदस्य अजय एक्का ने पहुंचकर रसोईया दीदियों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सीमित मानदेय में भी रसोईया दीदियाँ बच्चों के पोषण की जिम्मेदारी निभा रही हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

### ठेठईटांगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, 4 मार्च को मनाया जाएगा रंगोत्सव

**ठेठईटांगर।** आगामी होली पर्व को लेकर ठेठईटाँगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी कमलेश उराँव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2 मार्च सोमवार की रात्रि में होलिका दहन किया जाएगा, जबकि 4 मार्च बुधवार को रंगों का पर्व रंगोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।थाना प्रभारी रमेश कुमार झा ने उपस्थित गणमान्य लोगों से अपील करते हुए कहा कि ठेठईटाँगर का इतिहास रहा है कि यहां सभी समाज के लोग हर पर्व को मिलजुलकर मनाते आए हैं। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।बैठक के अंत में शांति समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बैठक में नरेंद्र बड़ाईक, बंधु मांझी, फादर मरियानुस एक्का, मुमताज आलम, मोहम्मद अलाउद्दीन, रतन सिंह, संजय प्रसाद, अजीत प्रधान, विजय ठाकुर, तबरेज आलम, जॉर्जीना समद, रजनी बागे, सरस्वती देवी, सुलोचनी देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आयुष चिकित्सा का स्वस्थ भारत में अमूल्य योगदान : राष्ट्रपति

**एजेंसी। बुलढाणा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शेगांव में 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026' का उद्घाटन किया। उन्होंने आयुष स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले छह वरिष्ठ वैद्यों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हमारी परंपरा में संपूर्ण स्वास्थ्य को सबसे बड़ा सुख माना जाता है। स्वस्थ नागरिक देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयुष चिकित्सा पद्धतियों ने नागरिकों के स्वास्थ्य में अमूल्य योगदान दिया है। योग, आयुर्वेद और सिद्ध जैसी प्रणालियां आधुनिक चिकित्सा के उदय से ही लोगों की सेवा कर रही हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि आयुष मंत्रालय इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। अनुसंधान और औषधि विकास के लिए, सामान्य दिशानिर्देश अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्थापित किए गए हैं। आयुर्वेद, योग और अन्य आयुष प्रणालियों को आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों के विश्वसनीय, वैज्ञानिक समाधान के रूप में स्थापित करने के लिए अनेक वैज्ञानिक प्रयास जारी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक वैज्ञानिक हस्तक्षेपों, नवाचारों और वैश्विक सहयोग के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को अधिक सुलभ और लोकप्रिय बनाकर, हम उन्हें समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का अभिन्न अंग बनाने में सफल होंगे।

### औषधीय पौधों के संरक्षण और आयुष प्रणालियों के संवर्धन पर जोर

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे खेतों, रसोई घरों और जंगलों में औषधीय पौधों और स्वास्थ्यवर्धक जड़ी-बूटियों का अनमोल भंडार मौजूद है। इस बहुमूल्य संपदा का संरक्षण और संवर्धन औषधियों के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करती है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य और संरक्षण में भी योगदान देती है। इसलिए, आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देना न केवल लोगों के शारीरिक और आर्थिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग और अन्य आयुष प्रणालियां स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। आज विश्व रोगों की रोकथाम में एकीकृत चिकित्सा के महत्व को पहचान रहा है।



दुनिया भर के लोग तनाव मुक्त और स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग अपना रहे हैं और आयुर्वेदिक उपचारों और दवाओं से लाभ उठा रहे हैं। साक्ष्य-आधारित अनुसंधान, औषधियों का मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे कदम आयुष प्रणालियों की मान्यता और स्वीकृति को और बढ़ाएंगे।


## एक नजर

### पटना 'मरीन ड्राइव' का बक्सर तक होगा विस्तार मंत्री दिलीप जायसवाल ने विस में किया ऐलान



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के मरीन ड्राइव यानी जेपी गंगा पथ का विस्तार अब बक्सर तक किया जाएगा। बिहार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार सरकार का सपना इस पथ को बक्सर से लेकर फरक्का तक ले जाने का है। दरअसल, बिहार विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को भाजपा के विधायक मिथिलेश तिवारी ने प्रश्नकाल में इस मुद्दे को लेकर सवाल उठाया कि जेपी गंगा कॉरिडोर के तहत कोईलवर तक कार्य से लोगों में खुशी है, लेकिन कोईलवर से आगे बक्सर तक विस्तार की क्या योजना है? उन्होंने कहा कि बक्सर के लोगों की मांग है कि इसका विस्तार बक्सर तक किया जाए। इस प्रश्न के जवाब में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा, "पहले यहां के लोग महाराष्ट्र मरीन ड्राइव देखने जाते थे, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच का परिणाम है कि आज लोग गंगा पथ पर जाकर उसे मरीन ड्राइव बता रहे हैं। मंत्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार गंगा किनारे सड़क और जलमार्ग को जोड़कर एक बड़े विजन पर काम कर रही है।

### कांग्रेस ने भारत के सोलर पैनलों पर 126 फीसदी अमेरिकी शुल्क लगाने की आलोचना की



**नई दिल्ली।** अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा भारत से आयातित सोलर सेल्स और पैनलों पर 125.87 प्रतिशत शुल्क लगाने के निर्णय की कांग्रेस ने आलोचना की है। महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत पर अमेरिका का यह कदम बेहद अजीब है। इससे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की वास्तविकता सामने आ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस समझौते की सराहना की थी और कहा था कि इससे अमेरिका में भारत के निर्यात के लिए दरवाजे खुलेंगे, वह दरअसल पूरी तरह एकतरफा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस समझौते के तहत भारत को अमेरिका से आयात की अनुमति तो मिल जाएगी लेकिन भारत से अमेरिका को निर्यात वहां के राष्ट्रपति की इच्छा पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने का एक ही रास्ता है- भारत को साहस दिखाना होगा और इस समझौते को रोक देना चाहिए। रमेश ने दावा किया कि यह समझौता जैसी स्थिति में है, उससे देशभर के लाखों किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

### अलका लांबा को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत एफआईआर पर पुलिस को नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर पूरे मामले पर रिपोर्ट मांगी है। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यह जानना जरूरी है कि एफआईआर किन परिस्थितियों में दर्ज की गई और अब तक जांच की स्थिति क्या है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जल्द अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, अलका लांबा ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में कहा गया है कि उनके खिलाफ दर्ज मामला राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि प्रथम दृष्टया लगाए गए आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि वह सभी पक्षों को सुनने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि फिलहाल वह केवल नोटिस जारी कर पुलिस से जवाब मांग रही है। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने अलका लांबा के खिलाफ मार्च 2024 में जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर कथित हमले के संबंध में आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए अलका लांबा को समन जारी किया था।

### गारंटी कर्नाटक सरकार पर बोझ हैं, लेकिन लोगों को मेंटल स्ट्रेस नहीं देंगे : डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु।** भाजपा की इस आलोचना के बीच कि कांग्रेस सरकार की पांच गारंटी कर्नाटक को दिवालिया होने की ओर धकेल रही हैं, डिप्टी चीफ मिनिस्टर डीके शिवकुमार ने 'कुसुमा संजीविनी' पहल को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल हीमोफीलिया के मरीजों को बचाव का इलाज देती है। उन्होंने कहा कि हालांकि ये योजनाएं बोझ हैं, लेकिन सरकार यह पक्का करना चाहती है कि पैसे की दिक्कतों की वजह से लोगों को मेंटल स्ट्रेस न हो। डिप्टी सीएम शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के नेहरू प्लेनेटेरियम में हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर डिपार्टमेंट के एक इवेंट में कुसुमा संजीविनी पहल के तहत हीमोफीलिया के मरीजों के लिए प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट और 108 एम्बुलेंस सर्विस का उद्घाटन करने के बाद यह बयान दिया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने पांच गारंटी दी हैं, जिसमें महिलाओं के लिए फ्री बस सर्विस, फ्री बिजली और 2 हजार रुपए की फाइनेंशियल मदद शामिल है।

### किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं : शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कृषि क्षेत्र में हालात सुधरे हैं। वहीं शेष विसंगतियों को दूर करने की दिशा में काम किया जा रहा है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का ही नतीजा है कि आज हम चावल के उत्पादन में शीर्ष स्थान पर आ चुके हैं। गेहूं के उत्पादन की मात्रा में भी इजाफा देखने को मिला है। खाद्यान्न का 33 फीसद हिस्सा बढ़ा है और हमें पूरा विश्वास है कि आगामी दिनों में हम इसी दिशा में काम करते रहेंगे। हमने इस संबंध में पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। हम उसी के अनुरूप अभी काम कर रहे हैं।

### कांग्रेस को प्रदर्शन मर्यादा में रहकर करना चाहिए : गौरव गौतम



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार में मंत्री गौरव गौतम ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि उनको प्रदर्शन मर्यादा में रहकर करना चाहिए। मंत्री गौरव गौतम का यह बयान उस वक्त आया है, जब हाल ही में एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्टलेस होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी भी हुई है। इस मामले में कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमलावर है। बुधवार को हरियाणा कांग्रेस की ओर से विधानसभा घेराव का ऐलान भी किया गया। चंडीगढ़ में मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत और राज्यों में हो रही अच्छी चीजों का विरोध किया है। कांग्रेस का प्रदर्शन एक तरह से अराजक होता जा रहा है। मर्यादा में रहकर प्रदर्शन करना चाहिए, जनता के मुद्दे उठाने चाहिए, न कि अपनी स्वार्थ की राजनीति करनी चाहिए और मीडिया में सुर्खियों में रहने के लिए प्रोटेस्ट नहीं करना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर : पुंछ में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के गनी वन क्षेत्र में भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने संयुक्त खुफिया सूचनाओं के आधार पर एक बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान का नाम 'ऑपरेशन गनी' रखा गया। यह जानकारी व्हाइट नाइट कोर नामक सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने विस्तृत तलाशी अभियान शुरू किया। समन्वय और सटीकता के साथ की गई इस खोज में एक प्राकृतिक गुफा के नीचे छिपा हुआ आतंकी हथियारों और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा मिला। बरामद सामग्री में एक बड़ा आईईडी (4.5 किलोग्राम), एक छोटा आईईडी (800 ग्राम), दो चीनी ग्रेनेड, एक 9 मिलीमीटर पिस्तौल, दो 9 मिलीमीटर कारतूस और बाईस 7.62 मिलीमीटर कारतूस शामिल थे। बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही इन आईईडी और ग्रेनेड को सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। इससे इलाके में आम नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। यह अभियान अपने सोर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर प्राप्त संयुक्त खुफिया इनपुट्स पर आधारित था। सुरक्षा बलों ने सटीकता और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे आतंकियों के छिपे हुए संसाधनों को नष्ट करने में सफलता मिली।

### पाकिस्तान : आत्मघाती हमले का असर केपी-पंजाब के बीच यातायात ठप



**पेशावर।** पाकिस्तानी सेना और पुलिस को निशाना बनाकर पिछले कुछ दिनों से हमले तेज हो गए हैं। मंगलवार को अलग-अलग हमलों में करीब 7 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि देर शाम पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में एक सुरक्षा चौकी पर हुए आत्मघाती हमले ने भी पुलिसकर्मियों की जान ले ली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इसके बाद से ही केपी-पंजाब के बीच आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है। रमजान के महीने में आवाजाही को लेकर पाबंदी से दुकानदार काफी परेशान हैं। प्रमुख दैनिक डॉन के अनुसार, हमला देर रात पंजाब के भक्कर जिले में डेरा दरिया खान पुल के पास दाजिल चेकपोस्ट पर हुआ। आत्मघाती हमले के बाद खैबर पख्तूनख्वा को पंजाब से जोड़ने वाला मुख्य हाईवे बुधवार को भी बंद रहा। इससे अंतर-प्रांतीय सीमा के दोनों ओर आने-जाने वालों और व्यापारियों को मुश्किल हुई। हमले के बाद, डीआई खान और भक्कर दोनों जिलों में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर कर दी गई। पंजाब पुलिस ने एहतियात के तौर पर डेरा दरिया खान पुल के पास सड़क को सील कर दिया और सभी ट्रैफिक रोक दिया, जबकि आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इस रूट के लगातार बंद रहने से यात्रियों और ट्रांसपोर्टरों को काफी परेशानी हुई है। गाड़ियां घंटों तक फंसी रहीं, और यात्रियों को ज्यादा खर्च करके दूसरे रास्ते ढूंढने पड़े।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध रूप से रहने वालों को व्यावसायिक ड्राइवर लाइसेंस देने के खिलाफ एक संघीय कानून बनाने का आह्वान किया है, जिसमें उन्होंने भारत से आए एक अवैध प्रवासी से जुड़ी एक दुर्घटना का जिक्र किया, जिसमें एक बच्ची घायल हो गई थी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस से एक कानून पारित करने का आह्वान करता हूं जिसे हम 'डेलिला लॉ' कहेंगे, जो किसी भी राज्य को अवैध अप्रवासियों को व्यावसायिक चालक लाइसेंस जारी करने से रोकेगा। ये बातें उन्होंने बुधवार (भारतीय समय) को कांग्रेस को दिए अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में कहीं। वह बच्ची, डेलिला कोलमैन, जिसके नाम पर वह इस कानून का नाम रखना चाहते हैं, वो सार्वजनिक दीर्घा में मौजूद थी। जब ट्रंप ने उसे बोलने के लिए बुलाया तो सबने खड़े होकर तालियां बजाईं और उसके पिता, मार्कस कोलमैन ने उसे गोद में उठा लिया। ट्रंप ने अवैध अप्रवासन के खिलाफ बोलते हुए डेलिला के मामले का जिक्र किया, जिसके लिए उन्होंने अपने पूर्ववर्ती, जो बाइडेन को दोषी ठहराया और अवैध प्रवासियों से जुड़े कई मामलों का जिक्र किया। कैलिफोर्निया के खुले सीमा नीति समर्थकों द्वारा उसे कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस दिया गया था।

### बांग्लादेश : अवामी लीग के नेताओं की जमानत पर कोर्ट में वकीलों का हंगामा



**पेरिस।** बांग्लादेश के बारिशाल जिले की एक अदालत में अवामी लीग के कई नेताओं को जमानत दी गई। जिसके बाद कथित तौर पर परिसर में ही कुछ वकीलों ने बदसलूकी की। ऐसा एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का कहना है और उसने इस व्यवहार की कड़ी आलोचना की है। पेरिस स्थित जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस (जेएमबीएफ) ने इस घटना को लोकतंत्र, कानून के शासन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया है। जेएमबीएफ ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से जुड़े वकीलों का व्यवहार निंदनीय था। वे बेंच पर धक्का-मुक्की कर रहे थे, जबरदस्ती कोर्टरूम में प्रवेश कर रहे थे और जज के साथ भी उनका बर्ताव सराहनीय नहीं था। वकील उन पर चिल्ला रहे थे और उनकी ओर उंगली दिखा रहे थे। यह घटना मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एस. एम. शरियत उल्लाह की अदालत में हुई। जेएमबीएफ के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने बयान में कहा, "यह घटना न्यायपालिका की स्वतंत्रता, गरिमा और सुरक्षा पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि असहमति होने पर अपील या उच्च अदालत में चुनौती देने के बजाय कोर्ट को युद्ध का मैदान बनाना अवमानना है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। ये वकील बिना अपील या किसी सही प्रक्रिया को अपनाए जज पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे।

### दो दिवसीय दौरे पर इजरायल पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

# पीएम नेतन्याहू ने बाहें फैलाकर किया 'अपने मित्र' का स्वागत

**एजेंसी। तेल अवीव**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर इजरायल पहुंच गए हैं। बेन गुरियन हवाई अड्डे पर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ उनका स्वागत किया। भारत के प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। पीएम की बीते 9 साल में दूसरी इजरायल यात्रा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में यहां आए थे। पीएम नेतन्याहू ने एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करती वीडियो क्लिप साझा की। पीएम नेतन्याहू ने एक्स पर लिखा- स्वागत है मेरे मित्र पीएम नरेंद्र मोदी। इस क्लिप में बेंजामिन नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा के साथ भारत के प्रधानमंत्री का बाहें फैलाकर स्वागत करते देखे जा सकते हैं। इजरायली पीएम के आधिकारिक एक्स पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को ऐतिहासिक बताया गया है। एक के बाद एक किए गए पोस्ट में पीएम मोदी का शेड्यूल बताया गया है। उनकी बीते 9 साल में दूसरी इजरायल यात्रा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में यहां आए थे। प्रधानमंत्री मोदी के तय शेड्यूल के अनुसार वे नेसेट को भी संबोधित करेंगे। ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे। तय कार्यक्रमानुसार नेसेट (इजरायली संसद) में एक आधिकारिक अभिनंदन समारोह में पीएम मोदी का स्वागत किया जाएगा। शाम को प्रधानमंत्री मोदी के लिए किंग डेविड होटल में ऑफिशियल डिनर का आयोजन किया गया है। गुरुवार सुबह, पीएम मोदी और नेतन्याहू 'याद वाशेम होलोकॉस्ट मेमोरियल सेंटर' जाएंगे।

### पीएम के इजरायल दौरे पर विपक्ष की प्रतिक्रिया अफसोसजनक : नकवी



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे को लेकर विपक्षी दलों की ओर से की जा रही प्रतिक्रियाओं की आलोचना की। कि जब हमारे प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर जा रहे हैं, और विपक्ष की ओर से प्रतिक्रियाएं हो रही हैं। मैं इसे अनुचित समझता हूं। मेरा सीधा-सा सवाल है कि जब कांग्रेस के शासनकाल में उनका कोई प्रधानमंत्री किसी विदेश दौरे पर जाता था, तो क्या उस पर किसी भी प्रकार के सवाल उठाए जाते थे। लेकिन, आज यह अफसोस की बात है कि जब हमारे प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर जा रहे हैं, तो उसे लेकर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि अब अगर आपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे को लेकर सवाल ही करना है, तो संसद में कीजिएगा।

### भारत-इजरायल के रिश्ते पीएम मोदी के दौरे से मजबूत होंगे : नीरज कुमार



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय इजरायल दौरे को लेकर जदयू नेता नीरज कुमार ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के इस दौरे से दोनों देशों के रिश्ते मजबूत होंगे। पटना में आईएएनएस से बातचीत में जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दो दिन के दौरे से न सिर्फ भारत-इजरायल के रिश्ते मजबूत होंगे, बल्कि भारत को इजरायल की पारंपरिक एक्सपर्टीज और खेती के क्षेत्र में हुई तरक्की से भी फायदा होगा। मुझे विश्वास है कि इससे देश के लोगों को लाभ होगा। केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने की केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी पर जदयू नेता नीरज कुमार ने कहा कि वहां के लोगों की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए, केरल का नाम बदलकर केरलम करना प्रोसेस का हिस्सा है। नाम में बदलाव लोगों की भावना के हिसाब से किया गया है।

## पीएम मोदी के इजरायल दौरे पर भारतीय प्रवासियों में जबरदस्त उत्साह



**यरुशलम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे को लेकर यरुशलम में भारतीय प्रवासी समुदाय में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रवासियों ने इसे भारत और इजरायल के रिश्तों के लिए एक खास और ऐतिहासिक क्षण बताया। एक प्रवासी भारतीय ने आईएएनएस से कहा कि वे इस दौरे को लेकर बेहद उत्साहित और खुश हैं। यह यात्रा न केवल इजरायल में रह रहे भारतीयों के लिए बल्कि भारत के 1.5 अरब लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है, और उन्हें उम्मीद है कि इससे दोनों देशों के संबंधों को नई मजबूती मिलेगी। एक अन्य सदस्य (जो पिछले 12 वर्षों से इजरायल में रह रहे हैं) ने बताया कि 2017 में भी प्रधानमंत्री मोदी इजरायल आए थे और उस समय उन्हें संसद में उनसे मिलने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार भी वे बेहद उत्साहित हैं। कुछ लोगों को विशेष अनुमति मिली है और वे स्वयंसेवक के रूप में स्वागत की तैयारियों में शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह दिन उनके लिए बहुत खास और गर्व का क्षण है। एक प्रवासी ने कहा कि वे लंबे समय से इस दौरे का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इजरायल में भारतीय समुदाय को केयरगिवर, निर्माण और कृषि क्षेत्रों से जुड़ी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है और उन्हें उम्मीद है कि इस यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा होगी।

### बंगाल विस चुनाव को लेकर आयोग ने दिए संकेत

## अंतिम मतदाता सूची से पहले भी हो सकती है चुनाव तिथि की घोषणा





**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने संकेत दिया है कि अंतिम और पूर्ण मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है, बशर्ते कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, नामांकन की अंतिम तिथि तक प्रकाशित सभी मतदाता सूचियों को चुनाव प्रक्रिया के लिए मान्य माना जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि अंतिम मतदाता सूची चरणबद्ध तरीके से प्रकाशित हो रही हो, तब भी उपलब्ध सूचियों के आधार पर चुनाव संपन्न कराए जा सकते हैं। राज्य में अब तक प्रारूप मतदाता सूची से 58 लाख से अधिक नाम हटाए जा चुके हैं। हालांकि, अंतिम सूची शुक्रवार को प्रकाशित की जानी है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि हटाए गए नामों की समेकित गणना तत्काल संभव नहीं होगी। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, 28 फरवरी के बाद भी आयोग चरणबद्ध तरीके से सूचियां प्रकाशित कर सकेगा और उन्हें अंतिम सूची का हिस्सा माना जाएगा।

## राहुल गांधी सिर्फ देश को बदनाम करना चाहते हैं : मनीषा

**एजेंसी। मुंबई**



पीएम मोदी के दो दिवसीय इजरायल दौरे को लेकर शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा कि वे जिन देशों का दौरा करते हैं, तो वहां से भारत के लिए कुछ जरूर लाते हैं। देश की लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर बैठे राहुल गांधी जब विदेश यात्रा पर जाते हैं, तो बस देश को बदनाम करना ही उनका मकसद होता है। मुंबई में आईएएनएस से बातचीत में शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा कि एक तरफ पीएम मोदी देश के लिए कुछ करने, उसकी तरक्की में अच्छा योगदान देने निकलते हैं। दूसरी तरफ विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश की इमेज खराब करने निकलते हैं। जनता अब समझ गई है कि राहुल गांधी की हरकतें पूरी तरह से देश को बदनाम करने के लिए हैं। राहुल गांधी अब पूरी तरह से एक्सपोज हो चुके हैं। पीएम मोदी सिर्फ भारत तक सीमित नहीं हैं। वे अब विश्व के नेता हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के 'युद्ध नहीं रुकता तो पाकिस्तान के पीएम मर जाते' वाले बयान पर शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप क्या कहेंगे या क्या करेंगे, इस बारे में कोई पक्का नहीं है। उन्हें दुनिया को गुमराह करने वाले धोखेबाज और बेबुनियाद बयान फैलाना बंद कर देना चाहिए। टी-20 विश्व कप में सिराज-शमी के खेलने पर शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा कि मैं क्रिकेट के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहूंगी, क्योंकि मुझे इसमें कोई एक्सपर्टीज नहीं है। हालांकि, इसमें शामिल ऑर्गनाइजेशन, जैसे बीसीसीआई या कोई दूसरी एसोसिएशन, अगर अधिकारी इस बारे में बात करते हैं।

## कर्नाटक में दवा खरीद घोटाला, अस्पतालों में भारी कमी : बीवाई विजयेंद्र

**एजेंसी। बेंगलुरु**




कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष और विधायक बीवाई विजयेंद्र ने बुधवार को दवाओं की खरीद में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। विजयेंद्र ने दावा किया कि सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में दवाओं की कमी के लिए राज्य सरकार और संबंधित मंत्री जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक असरदार व्यक्ति के दबाव में खरीद में गड़बड़ियां हो रही थीं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए कॉन्ट्रैक्ट बांटे जा रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कंपनियां 15-20 परसेंट कमीशन की मांग के कारण टेंडर में हिस्सा लेने से हिचकिचा रही थीं, जिससे सप्लाई में रुकावट आ रही थी। विजयेंद्र ने मंगलुरु के एक प्राइवेट व्यक्ति, वहाब खान पर राज्य के दवा खरीद सिस्टम को कंट्रोल करने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि उसके असर के कारण यह सिस्टम खत्म हो गया और गरीब मरीज़ों को मुश्किल हो रही है। उन्होंने हेल्थ मिनिस्टर दिनेश गुंडू राव को यह बताने की चुनौती दी कि टेंडर कथित तौर पर एक ही व्यक्ति को क्यों दिए गए और दवाएं मार्केट रेट से तीन गुना ज्यादा कीमत पर क्यों खरीदी जा रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि 108 एम्बुलेंस ड्राइवरों और हेल्परों को पिछले आठ से नौ महीनों से सैलरी नहीं दी गई है और सरकार से इस मुद्दे को तुरंत हल करने की अपील की। विजयेंद्र ने दावा किया कि एम्बुलेंस स्टाफ और डॉक्टरों को विरोध करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि सरकार उनकी चिंताओं को दूर करने में नाकाम रही।

## ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की दर्दनाक मौत

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 34 वर्षीय मजदूर नन्हू राम की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना हैदरनगर बाजार रेलवे क्रॉसिंग और हाईस्कूल क्रॉसिंग के बीच की बताई जा रही है। मृतक की पहचान डालटनगंज के बारालोटा निवासी नन्हू राम के रूप में हुई है, जो हैदरनगर के एक होटल में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। आशंका जताई जा रही है कि वह रात में शौच के लिए निकला था, इसी दौरान तेज गति से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद भेज दिया। परिजनों के पहुंचने की प्रतीक्षा की जा रही है। इस हृदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# पांकी के जांजो में 2.5 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम जांजो में वन भूमि एवं गैर मजरूआ भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम/पोस्ता की खेती के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। बुधवार दोपहर चलाए गए अभियान में लगभग ढाई एकड़ में लगी अवैध फसल को नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई पांकी थाना, ताल पिकेट एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत वाद दायर कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की अवैध खेती और तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## 8.46 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पलामू के मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर अंबेडकर पार्क तालाब के पीछे से 8.46 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान विशाल कुमार (23) और राहुल कुमार (25) के रूप में हुई है। दोनों जेलहाता के रहने वाले हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि अंबेडकर पार्क तालाब के पीछे कुछ अज्ञात युवकों के द्वारा मादक पदार्थ हीरोइन की खरीद-बिक्री की जाती है। सूचना के आधार पर टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम जब तालाब के पास पहुंची तो दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें खदेड़ कर पकड़ा गया और पूछताछ करने पर उनकी पहचान की गई। उनके उनकी तलाशी लेने पर राहुल कुमार के पास से 20 पुडिया में 3.40 ग्राम ब्राउन शुगर और नगद 800 रूपये, विशाल के पास से 17 पुड़िया में 5.6 ग्राम ब्राउन शुगर और 270 रूपये नगर बरामद हुए। नशीले पदार्थ को जप्प कर दोनों आरोपित को बुधवार दोपहर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कार्रवाई टीम में पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार, सहायक अवर निरीक्षक रामजी दास, इंद्रदेव पासवान, जवान नंदलाल पटेल, अनिल कुमार शुक्ला, मंजेश राम, मधु कुमार, इसरार अहमद, अनिल पासवान, राकेश सिंह, रोहित सिंह, अंचन राम और सहायक आरक्षी प्रफुल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

## हरिहरगंज थाना कांड में चोरी की पल्सर बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज/मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना कांड संख्या 13/26, दिनांक 23.01.2026, धारा 303 (2)/317 (5)/3 (5) बीएनएस के तहत दर्ज मोटरसाइकिल चोरी मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। चोरी की गई पल्सर मोटरसाइकिल को औरंगाबाद (बिहार) से बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 24 फरवरी 2026 को नरारी कला खुर्द थाना, औरंगाबाद (बिहार) से दूरभाष पर सूचना प्राप्त हुई कि वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर की एक पल्सर मोटरसाइकिल पकड़ी गई है। वाहन के सत्यापन में यह हरिहरगंज थाना क्षेत्र से चोरी गई बाइक पाई गई। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने नगरी कला खुर्द थाना, औरंगाबाद (बिहार) पहुंचकर औपचारिक कार्रवाई के बाद उक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया। वाहन के साथ पकड़े गए युवक की पहचान गोलू कुमार गिरी (उम्र लगभग 21 वर्ष), पिता जयहिंद गिरी उर्फ जहिन गिरी, निवासी पीपरा, थाना माली, जिला औरंगाबाद (बिहार) के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उसने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसके बयान के आधार पर दूसरे आरोपी अभिषेक कुमार उर्फ गोलू (उम्र लगभग 22 वर्ष), पिता सरोज सिंह, निवासी ओंकाराहा, थाना एनटीपीसी खैरा, जिला औरंगाबाद (बिहार) को भी छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में एक अन्य आरोपी अरविंद का नाम सामने आया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को 25 फरवरी 2026 को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पल्सर मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी देवबत पोद्दार, पु०अ०नि० संतोष कुमार, पु०अ०नि० राकेश कुमार सिंह, स०अ०नि० बिनोद कुमार राय सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान जारी रहेगा।

## रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला ने रेलवे एक्ट में 94 पर की कार्रवाई





नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** वरीय अधिकारियों के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला द्वारा जनवरी 2026 से अब तक रेलवे एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के तहत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अनधिकृत रूप से लाइन क्रॉस करने, महिला एवं विकलांग कोच में यात्रा करने, चेन पुलिंग तथा अवैध वेंडरिंग करने वाले कुल 94 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, डाल्टनगंज की अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय द्वारा आर्थिक जुर्माना लगाकर रिहा किया गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करने, हेल्पलाइन 139 का उपयोग करने, अनजान व्यक्तियों से सावधान रहने तथा यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की गई है।

## तीसरी मंजिल से गिरकर महिला मजदूर की मौत, चार बच्चे हुए अनाथ

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** बुधवार को थाना मुख्यालय क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में महिला मजदूर राजपति कुंवर (पति स्व. मनोज सिंह) की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह नसीरुद्दीन अंसारी के निर्माणाधीन मकान में कार्यरत थीं। प्रत्यक्षदर्शी मजदूरों ने बताया कि वह छत ढलाई से पहले सेंटरिंग प्लाई में टेप लगा रही थीं, तभी संतुलन बिगड़ने से लिफ्टिंग गैप से नीचे पक्की फर्श पर गिर गईं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें स्थानीय निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां से गढ़वा रेफर किया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका अत्यंत गरीब परिवार से थीं और मेहनत-मजदूरी कर अपने चार बच्चों का पालन-पोषण कर रही थीं। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### चिनिया में मजदूर की मौत पर बवाल मुआवजा मिलने के बाद खुला मार्ग



**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नसरुल्लाह अंसारी के निर्माणाधीन मकान में कार्य के दौरान मजदूर राजपति देवी की गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को चिनिया-गढ़वा मुख्य सड़क पर रखकर लगभग दो घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों व निर्माण कार्य करा रहे नसरुल्लाह अंसारी के बीच वार्ता कराई। काफी मशक्कत के बाद समझौते के तहत मृतका के बच्चों के भरण-पोषण के लिए डेढ़ लाख रुपये तथा दाह-संस्कार हेतु 50 हजार रुपये तत्काल दिए गए। साथ ही डेढ़ लाख रुपये बच्चों के बैंक खाते में जमा कराने पर सहमति बनी। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया और करीब दो घंटे बाद आवागमन सामान्य हो सका। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सड़क के अभाव में कोठी टोला में आवागमन दूभर, लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत अफीम कोठी टोला आज भी बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित है। प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित होने के बावजूद यहां के ग्रामीणों को आवागमन के लिए कच्ची और संकरी पगडंडी का सहारा लेना पड़ता है। टोला तक पहुंचने के लिए मुख्य नहर के दाहिने किनारे की सड़क से होकर जाना पड़ता है, लेकिन वहां से अंदर जाने के लिए अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप लोग छोटी गलीनुमा कच्चे रास्ते से घरों तक पहुंचते हैं। विशेषकर बरसात के मौसम में यह रास्ता कीचड़मय और फिसलन भरा हो जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत एवं प्रशासनिक स्तर पर सड़क निर्माण की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हो सकी। लोगों ने सड़क निर्माण के साथ-साथ फेवर ब्लॉक या पीसीसी सड़क बनाने की मांग की है, ताकि वर्षभर आवागमन सुगम रह सके। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जब राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष मनाया जा चुका है, तब भी प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित इस टोले का सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित रहना चिंता का विषय है। बेहतर सड़क सुविधा मिलने से क्षेत्र में विकास और नगरीय सुविधाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। बताया जाता है कि अंग्रेजी शासनकाल में इस क्षेत्र में अफीम तैयार करने की कोठी हुआ करती थी, जिसके कारण इसका नाम 'अफीम कोठी' पड़ा। वर्तमान में यहां विभिन्न रैयतों की खतियानी भूमि पर कई परिवार बसे हुए हैं, लेकिन सड़क के अभाव में उनका दैनिक जीवन अब भी कठिनाइयों से घिरा है।

## अमृत भारत मिशन के बीच चिल्ड्रेन पार्क उपेक्षित



शंभू चौरसिया

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत मिशन के तहत आधुनिक भवन, प्लेटफॉर्म और यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, लेकिन पूर्व में बने चिल्ड्रेन पार्क के संरक्षण की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई है। करीब एक दशक पूर्व लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए इस पार्क का उद्घाटन तत्कालीन रेल महाप्रबंधक ने किया था। उस समय यह यात्रियों और स्थानीय लोगों के आकर्षण का केंद्र बना था। वर्तमान में रखरखाव के अभाव में पार्क उपेक्षित स्थिति में है। स्थानीय लोगों ने अमृत भारत मिशन के तहत ही इस पार्क के पुनर्विकास की मांग की है, ताकि स्टेशन परिसर की सुंदरता के साथ बच्चों के लिए भी मनोरंजन का सुरक्षित स्थान उपलब्ध हो सके।

## आशिक नगर में 195 छात्र-छात्राओं को आयरन व फोलिक एसिड की दवा

- साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत बच्चों ने अनुशासनपूर्वक ग्रहण की दवा

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत भजनियां पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आशिक नगर में बुधवार को 195 छात्र-छात्राओं को फोलिक एसिड और आयरन की दवा खिलाई गई। प्रधानाध्यापक सह सचिव अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि दवा प्राप्त छात्र-छात्राओं में कक्षा 1 से 5 के 124 तथा कक्षा 6 से 8 के 71 विद्यार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बीआरसी से प्राप्त दवाएं प्रत्येक बुधवार को शिक्षकों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी जाती हैं। विद्यालय में बच्चों ने अनुशासित एवं रुचिपूर्ण तरीके से दवा ग्रहण की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक आचार्य संतोष कुमार गुप्ता तथा सहायक अध्यापक दुर्गा प्रजापति और विनोद कुमार मेहता का सराहनीय योगदान रहा।

## पेज एक के शेष

### डीएमएफटी फंड में...

वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि बजट में सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। मंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं लाई गई है। राज्य आगे बढ़ेगा, तो हम सब आगे बढ़ेंगे। पक्ष और विपक्ष दोनों की प्रशंसा होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के अधिकारी यदि नहीं चाहेंगे, तो सफलता की ओर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते हैं। विकास को लेकर एक जुनून पैदा करना होगा। उन्होंने कहा कि वे राजनीति के अंतिम पड़ाव पर हैं, ऐसे में क्या छलावा, क्या बाजीगरी और क्या धोखेबाजी की जा सकती है। इस दौरान विपक्ष ने वॉकआउट किया। वित्त मंत्री ने कहा कि हम सभी की चिंता यह होनी चाहिए कि राज्य का सर्वांगीण विकास कैसे हो। यदि जनता के साथ थोड़ा भी छलावा करेंगे, तो अगली बार जनता मौका नहीं देगी। संसदीय व्यवस्था में पक्ष और विपक्ष के साथ राज्य की जनता भी होती है। इस बजट की सराहना व्यापार जगत, किसानों, महिलाओं, शिक्षाविदों, छात्रों और मजदूरों ने भी की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी और अनुदान में कटौती की है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं है, इसलिए केंद्र सहयोग नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 से अब तक 8 लाख 56 हजार 404 करोड़ रुपए की स्वीकृति इसी सदन ने दी है। पहली बार इस बजट में स्थापना मद की राशि बढ़ाई गई है, ताकि मानव संसाधन की कमी न हो। अब तक राज्य सरकार की ओर से 38 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी गई है। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को दिन में 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### झारखंड विधानसभा में...

वहां सघन आबादी का इलाका है। इसलिए इसका विस्तार वहां संभव नहीं है। मंत्री ने बताया कि बोकारो में एयरपोर्ट निर्माण प्रक्रिया जारी है। सदन में अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद में जमीन की कमी नहीं है और सरकार की अगर मंशा एयरपोर्ट बनाने की है तो जमीन उपलब्ध हो जाएगा। एफसीआई के पास 4000 एकड़ जमीन है, तोपचांची में 800 एकड़ जमीन है। विधायक ने कहा कि एयरपोर्ट का यदि वहां निर्माण होगा, तो इससे जैन एवं बौद्ध धर्म के लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा और इलाके में व्यापार की भी बढ़ोतरी होगी। झारखंड सरकार से केंद्र ने पूछा था कि धनबाद में क्या एयरपोर्ट होना चाहिए, तो सरकार ने अपनी असमर्थता जाहिर की थी। सदन में विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम से जुड़ी छह योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति में कथित देरी को लेकर मामला उठाया। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग के सचिव को इन योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। उन्होंने पूछा कि विगत 17 फरवरी को जिला योजना चयन समिति की बैठक में चयनित इन योजनाओं को मुख्य अभियंता, तकनीकी कोषांग की ओर से तकनीकी स्वीकृति मिली है या नहीं। यह भी सवाल उठाया कि जब इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मानगो नगर निगम के पास नागरिक सुविधा मद में पर्याप्त राशि उपलब्ध है और राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ना है, तो फिर प्रशासनिक स्वीकृति में देरी क्यों हो रही है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया कि योजनाओं की स्वीकृति पूर्व में दे दी गई है और विभाग की ओर से इस संबंध में औपचारिक पत्र भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। झरिया विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आई है। इस घटना को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई गई। विधायक रागिनी सिंह ने सदन में अर्जेंट सूचना के माध्यम से सरकार का ध्यान इस मामले की ओर दिलाया। विधायक ने बताया कि 23 तारीख को झरिया क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों के बीच एक मासूम बच्चा सो रहा था। इसी दौरान उसे रौंद दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और दिल दहलाने वाली है। रागिनी सिंह ने यह भी कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले अक्टूबर में इसी तरह का हादसा हुआ था। अब देव फार्मा के पास दोबारा ऐसी घटना होने से लोगों में डर और गुस्सा है। उन्होंने कहा कि झरिया में अवैध खनन के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। सदन के माध्यम से उन्होंने सरकार से पूछा कि इन घटनाओं पर प्रशासन क्या कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### सीएम हेमंत सोरेन...

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमंगल बागची की खंडपीठ में इस मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की। दलील दी गई कि जिन समन पर वे उपस्थित नहीं हुए, उनका लिखित जवाब दिया गया था और बाद के समन पर वे ईडी के समक्ष पेश हुए थे। साथ ही, शिकायतवाद को दुर्भावनापूर्ण बताया गया।

### न्यायपालिका को बदनाम...

बार और बेंच दोनों इससे व्यथित हैं। नाराजगी जाहिर करते हुए सीजेआई ने कहा, संस्था का प्रमुख होने के नाते मैंने हमेशा अपने दायित्व को निभाया है। मैं किसी को इस बात की इजाजत नहीं दूंगा कि वे न्यायपालिका को बदनाम करें। किसी कीमत पर मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो। कानून अपना काम करेगा। मैं जानता हूं कि इससे कैसे निपटा जाए। मैं स्वतः संज्ञान ले रहा हूं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, यह सोची समझी चाल प्रतीत होती है। इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कहूंगा। सीजेआई के रूप में मैं अपनी ड्यूटी निभा रहा हूं। इस मामले पर बेंच के दूसरे सदस्य जस्टिस बागची ने कहा कि यह (चैप्टर) संविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ है। दरअसल, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नई रिलीज हुई कक्षा 8 की सोशल साइंस किताब में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शीर्षक अध्याय के तहत 'ज्यूडिशियरी में करप्शन' पर एक सेक्शन शुरू किया गया है। संशोधित अध्याय में न्यायपालिका के समक्ष मौजूद प्रमुख चुनौतियों के रूप में 'न्यायपालिका के अलग-अलग स्तरों पर भ्रष्टाचार' के अलावा जजों की कमी, मुश्किल कानूनी प्रक्रियाएं और कमजोर बुनियादी ढांचा जैसी अनेक वजहों से लंबित मामलों का भारी बोझ का उल्लेख किया गया है। इसके विपरीत, पिछली किताब में मुख्य रूप से न्यायपालिका की भूमिका, स्वतंत्र न्यायपालिका की अवधारणा, अदालतों की संरचना और नागरिकों की उन तक पहुंच की व्याख्या की गई थी, जिसमें भ्रष्टाचार का स्पष्ट उल्लेख नहीं था। नए एडिशन में करप्शन का विषय शामिल करने पर आलोचना की गई है।

### चंपाई सोरेन के...

घटना की सूचना मंगलवार देर शाम परिवार को दी गई। जानकारी मिलते के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और बाबूलाल सोरेन गहरे सदमे में हैं। बुधवार को परिवार के सदस्य तत्काल कुल्लू के लिए रवाना हो गए हैं। परिजनों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन और चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर कुछ कहा जा सकेगा। बताया जाता है कि बाबूलाल सोरेन के दो पुत्र हैं, जिनमें वीर सोरेन बड़े थे। कम उम्र में उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### आज आएंगी राष्ट्रपति...

उसका निर्माण लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रमुख एसके बेहरा ने बताया कि यह केंद्र धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के नैतिक और सांस्कृतिक विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जमशेदपुर और रांची में जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जमशेदपुर में पूरे मार्ग और कार्यक्रम स्थलों को पांच जोन और 14 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में करीब चार हजार पुलिसकर्मी और 125 दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। राष्ट्रपति के काफिले की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग को सौंपी गई है। कारकेड में 26 वाहन शामिल रहेंगे। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची में भी यातायात व्यवस्था में गुरुवार को कई बदलाव किए गए हैं।

### धनबाद के सिविल...

वहीं, सूचना मिलते ही 28 कोर्ट बिल्डिंग और एमपी-एमएलए कोर्ट परिसर को तत्काल खाली कराया गया। बम की खबर फैलते ही अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और वादियों में दहशत का माहौल बन गया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, बाघमारा एसडीपीओ समेत कई थानों की पुलिस बल पहुंची। पूरे कोर्ट परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्ता और मेटल डिटेक्टर की मदद से कोर्ट भवन और आसपास के इलाके की सघन तलाशी ली गई। तलाशी अभियान के दौरान परिसर से छह संदिग्ध बाइक जब्त की गई है। इनमें से एक बाइक से एक रिमोट भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही हैं। हालांकि, विस्तृत जांच के बावजूद अब तक किसी प्रकार का विस्फोटक या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि ईमेल में दी गई धमकी को गंभीरता से लेते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा कदम उठाए गए हैं। संदिग्ध वाहनों को जब्त कर उनकी तकनीकी जांच की जा रही है, तथा बरामद रिमोट की भी विशेषज्ञों की ओर से पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। अदालत परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही है। सिटी एसपी के अनुसार, ईमेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए साइबर सेल को सक्रिय कर दिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। इसके साथ ही सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# एआई भारत में समावेशी ग्रामीण विकास के एक मूलभूत चालक के रूप में उभर रहा है




## जिम्मेदारी के साथ उपयोग

नवंबर 2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा लॉन्च किए गए इंडिया एआई गवर्नेंस दिशानिर्देश, एआई नीति को अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करने से लेकर शासन ढांचे, सुरक्षा उपायों और संस्थागत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यह दृष्टिकोण, ग्रामीण भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। ये दिशानिर्देश पक्षपात, बहिष्करण और अपारदर्शी निर्णय लेने के जोखिमों को कम करने के लिए निष्पक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता जैसे जन-केंद्रित सिद्धांतों को स्थापित करते हैं। यह स्वीकार करते हुए कि वैश्विक जोखिम मॉडल भारत के सामाजिक-आर्थिक संदर्भ को पूरी तरह से पकड़ नहीं सकते हैं, इसकी संरचना भारत-विशिष्ट जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा की वकालत करती है, विशेष रूप से कल्याण वितरण प्रणालियों में जहां स्वचालित उपकरण लक्ष्यीकरण और सेवा प्रावधान को प्रभावित करते हैं।

### ढांचे में चार प्रमुख घटक शामिल हैं

1. नैतिक और जिम्मेदार एआई के लिए सात मार्गदर्शक सिद्धांत (सूत्र)।
2. एआई शासन के छह स्तंभों में प्रमुख अनुशंसाएं।
3. लघु, मध्यम और दीर्घकालिक समयसीमा के लिए मानचित्रित एक कार्य योजना।
4. पारदर्शी और जवाबदेह एआई तैनाती सुनिश्चित करने के लिए उद्योग, डेवलपर्स और नियामकों के लिए व्यावहारिक दिशानिर्देश।

**नई दिल्ली ।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मशीनों की संज्ञानात्मक कार्यों जैसे सीखने, तर्क करने और निर्णय लेने की क्षमता को संदर्भित करता है। हाल के वर्षों में, एआई तेजी से प्रयोगात्मक उपयोग से व्यापक स्तर पर तैनाती की ओर बढ़ गया है, जो डेटा, कंप्यूटिंग शक्ति और कनेक्टिविटी में प्रगति से प्रेरित है।

भारत में, एआई को समावेशी कल्याण के दृष्टिकोण के साथ एक सामाजिक-उद्देश्य ढांचे के भीतर विकसित किया जा रहा है, जो इसे विशिष्टता के बजाय समानता और व्यापक-आधारित पहुंच के उद्देश्य से एक सार्वजनिक वस्तु के रूप में स्थापित करता है। सेवा वितरण को मजबूत करके, डेटा-संचालित शासन का समर्थन करके और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को औपचारिक प्रणालियों में एकीकृत करके, एआई कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, कौशल, रोजगार और स्थानीय शासन में ग्रामीण विकास के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। इस दृष्टिकोण का लोक-केंद्रित अनुकूलन भारत-एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 में परिलक्षित होता है, जो कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और शासन जैसे सेक्टरों में ग्रामीण आजीविका, सामाजिक समावेश और सेवा वितरण पर बल देता है। संस्थागत समन्वय को बढ़ावा देकर और इंडिया एआई मिशन और डिजिटल इंडिया के तहत सिद्ध उपयोग के मामलों को बढ़ाकर, इस समिट ने समान और सतत ग्रामीण विकास के लिए पायलट पहल से प्रणाली-व्यापी कार्यान्वयन में परिवर्तन का संकेत दिया है।

### समावेशी विकास के लिए राष्ट्रीय एआई नीति और शासन ढांचा

एआई के प्रति भारत का दृष्टिकोण एक दोहरे ढांचे पर आधारित है जो सभी सेक्टरों में, विशेष रूप से ग्रामीण और सामाजिक रूप से संवेदनशील संदर्भों में जिम्मेदार, पारदर्शी और न्यायसंगत तैनाती सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत शासन संरचना के साथ समावेशी विकास के लिए एक दूरदर्शी राष्ट्रीय रणनीति को जोड़ता है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए राष्ट्रीय रणनीतिः सभी के लिए एआई

नीति आयोग द्वारा जून 2018 में शुरू की गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए राष्ट्रीय रणनीति, आवश्यक सेवाओं की पहुंच, सामर्थ्य और गुणवत्ता में सुधार करके भारत की विकास चुनौतियों का समाधान करने के लिए एआई की पहचान एक परिवर्तनकारी टूल के रूप में की गई है। चूंकि, ग्रामीण भारत को लगातार सेवा और बुनियादी ढांचे के अंतराल के कारण एक प्रमुख फोकस क्षेत्र के रूप में मान्यता दी गई है, यह समावेशी और सामाजिक रूप से उन्मुख विकास- विशेष रूप से वंचित सेक्टरों और क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है।

कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे सेक्टरों में, एआई-सक्षम निर्णय-समर्थन प्रणाली और डेटा-संचालित प्लेटफार्मों की परिकल्पना अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं और स्थानीय संस्थानों को मजबूत करने, व्यापक भौतिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के बिना दूरदराज की आबादी को सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई है। यह कार्यनीति मानव श्रम के विस्थापन के बजाय वृद्धि पर जोर देती है, एआई को किसानों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और प्रशासकों के लिए एक समर्थन प्रणाली के रूप में स्थापित करती है।

## अफगानिस्तान में भूकंप, रिक्टर स्केल पर 5.4 मापी गई तीव्रता

**एजेंसी । काबुल**

अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। बुधवार को आए भूकंप की तीव्रता जर्मनी के भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने 5.4 बताई है। कुछ अन्य जगह 5.7 बताई गई है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के हवाले से बताया कि अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान बॉर्डर इलाके में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। बुधवार को स्थानीय समयानुसार 4 बजकर 42 मिनट पर तेज झटकों से लोग सहम गए। भूकंप का केंद्र (एपिसेंटर) 36.93 डिग्री नॉर्थ अक्षांश और 71.61 डिग्री ईस्ट देशांतर पर स्थित था। जबकि हाइपोसेंटर जमीन की सतह से 90.2 किमी की गहराई पर दर्ज किया गया। भूकंप के झटके पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी महसूस किए गए। पाकिस्तान के सिसमोलॉजी विभाग के अनुसार झटके इस्लामाबाद, स्वात, पेशावर, चित्राल और पाकिस्तान के दूसरे शहरों में भी महसूस किए गए। प्रभावित शहरों में रहने वालों ने तेज झटकों की सूचना दी, जिससे कई लोगों को घर और ऑफिस खाली करने पड़े और वे खुली जगहों पर सुरक्षित जगह पर चले गए। अभी तक किसी नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। 20 फरवरी को भी अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे काबुल और कई अन्य प्रांत हिल गए थे। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र पंजशीर प्रांत की राजधानी बजारक से लगभग 38 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था, जो 90 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया था।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द, 5 लाख घरों की बिजली गुल

### 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

**एजेंसी । वॉशिंगटन डीसी**



अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए।

न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया और कहा कि स्कूल मंगलवार को खुलेंगे। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है।

## भोपाल-धनबाद व भोपाल-चोपन एक्सप्रेस को हरी झंडी

- संपर्क व व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से भोपाल-धनबाद-भोपाल (11631/32) त्रि-साप्ताहिक और भोपाल-चोपन-भोपाल (11633/34) साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर भोपाल स्टेशन पर आयोजित समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नई ट्रेनों से मध्य प्रदेश का उत्तर प्रदेश और झारखंड से सीधा संपर्क मजबूत होगा। भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस 30 स्टेशनों पर ठहरेगी और एसी, स्लीपर व जनरल सहित 24 कोचों के साथ चलेगी। वहीं भोपाल-चोपन एक्सप्रेस 15 स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालित होगी। इन सेवाओं से विदिशा, बीना, सागर, कटनी, सिंगरौली, चोपन और धनबाद जैसे प्रमुख शहरों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। श्री वैष्णव ने कहा कि मध्य प्रदेश में रेल विकास अभूतपूर्व गति से हो रहा है। लगभग 48,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इंदौर-मनमाड़ नई लाइन, इटारसी-भोपाल-बीना चौथी लाइन और वडोदरा-रतलाम परियोजनाएं राज्य की क्षमता बढ़ाएंगी।

उन्होंने बताया कि डंकुनी से सूरत तक प्रस्तावित 2,052 किमी लंबा समर्पित माल गलियारा मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई मजबूती देगा और पश्चिमी बंदरगाहों से बेहतर संपर्क सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नई रेल सेवाएं क्षेत्रीय विकास, व्यापार, ऊर्जा और खनन क्षेत्रों को बढ़ावा देंगी। केंद्रीय बजट 2026-27 में रेलवे के लिए रिकॉर्ड 2.93 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। मध्य प्रदेश में वर्तमान में 1.18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रगति पर हैं और राज्य में रेलवे लाइनों का 100% विद्युतीकरण पूरा हो चुका है।

## अफगानिस्तान से डरा पाकिस्तान! मंत्री बोले- हम पर हो सकती है जवाबी कार्रवाई

**एजेंसी । इस्लामाबाद**



अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों पर एयरस्ट्राइक कर अपनी बहादुरी के कसीदे गढ़ रहा पाकिस्तान अब खौफजदा है। इसकी वजह अफगानिस्तान ही है। इस्लामाबाद को डर है कि कहीं काबुल अपना बदला लेने के लिए जवाबी हमला न कर दे। पाकिस्तान के गृह मंत्री तलाल चौधरी ने खुद ये बयान दिया है। उन्होंने इस मुकाबले से लड़ने के लिए पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने का दम भी भरा है। बुधवार को चौधरी ने ये बातें रॉयटर्स न्यूज एजेंसी से कही। चौधरी ने बताया, "किसी भी हमले से निपटने के लिए हमारी सेना हाई-अलर्ट पर है। आप जानते हैं कि जब भी हम अफगानिस्तान के मिलिटेंट ठिकानों पर हमला करते हैं, तो वो हमेशा जवाबी हमला करते हैं। पाकिस्तान ने पिछले हफ्ते अफगानिस्तान के रिहायशी इलाकों पर एयरस्ट्राइक की थी। काबुल ने कहा था कि इस हमले में कई आम नागरिकों की जान गई है, तो पाकिस्तान ने कहा कि उनके निशाने पर अफगानिस्तान के आतंकी समूह थे, जिन्हें वह पाक के अंदर हाल ही में हुए कई आत्मघाती हमलों का जिम्मेदार मानता है। इस्लामाबाद का आरोप है कि काबुल ने लड़ाकों को अफगानिस्तान को एक सुरक्षित पनाहगाह के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत दे रखी है। हालांकि तालिबान ने इन आरोपों से इनकार करते हुए हमेशा कहा है कि मिलिटेंसी पाकिस्तान की अंदरूनी समस्या है। प्रमुख स्थानीय दैनिक डॉन के अनुसार पाकिस्तानी और अफगान सेनाओं के बीच मंगलवार को सीमा पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर झड़प शुरू करने का आरोप लगाया था।

## नेपाल में मतदान से 72 घंटे पहले भारत और चीन से लगी सीमा बंद करने का फैसला

**एजेंसी । काठमांडू**

नेपाल में संसदीय चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से भारत और चीन से लगी सीमा को तीन दिनों के लिए पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में आज सिंहदरबार में हुई सुरक्षा परिषद की बैठक में 2 मार्च को रात 12 बजे से लेकर 5 मार्च को शाम 7 बजे तक भारत और चीन से जुडी सभी सीमाओं को सील करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रधानमंत्री कार्की के अलावा गृहमंत्री सहित सभी सुरक्षा बल के प्रमुखों की उपस्थिति रही। यह कदम अवांछित गतिविधियों, अवैध आवागमन, धन तथा आपत्तिजनक सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। गृहमंत्री ओमप्रकाश अर्याल ने बुधवार को बताया कि सीमा सील रहने की अवधि में आम नागरिकों की आवाजाही, छोटे व्यापारिक आवागमन तथा निजी वाहनों का प्रवेश-निकास प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, अत्यावश्यक सेवाओं जैसे एंबुलेंस, कूटनीतिक मिशन, और विशेष अनुमति प्राप्त आपातकालीन मामलों में आवश्यक समन्वय के बाद अनुमति दी जा सकती है। निर्वाचन सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल, नेपाल पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सीमा क्षेत्रों में अतिरिक्त रूप से तैनात किया गया है। सुरक्षा निगरानी बढ़ाने के साथ-साथ संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा। निर्वाचन आयोग नेपाल ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय चुनाव की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

## ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत, सैकड़ों बेघर रिकॉर्ड मूसलाधार बारिश के बाद भूस्खलन



**नई दिल्ली ।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई। अधिकारियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

## सीजेआई ने एनसीईआरटी की किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर होने पर कहा- 'यह सोचा -समझा कदम है'

- वकील सिब्बल व सिंघवी ने कहा -'किताब में नौकरशाही या राजनीति में भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं है, सिर्फ न्यायपालिका को निशाना बनाया गया'

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के यूजीसी द्वारा हाल ही में उच्च शिक्षण संस्थानों में अगड़ी जातियों के छात्रों से विभेद की स्थिति बना देने और पिछड़े व दलित जातियों के हर मामले की सुनवाई के लिए इन जातियों के पदाधिकारियों वाली समता कमेटी बनाने का फरमान जारी करने , और उस पर देश में बढ़ती नाराजगी व विरोध और सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगा देने के बाद अब फिर केन्द्र सरकार के ही शिक्षा मंत्रालय द्वारा एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' पर एक चैप्टर होने का प्रमाण सहित मामला सामने आया है।जबकि केन्द्र सरकार , नौकरशाही व सत्ताधारी पार्टी , राजनीति में भ्रष्टाचार पर न तो कोई चैप्टर, नहीं कोई शब्द है।यह मामला जब भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सामने पहुंचा तो उन्होंने एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सोशल साइंस किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाले अध्याय पर कड़ी नाराजगी जताई । उन्होंने इसे (केन्द्र सरकार का, शिक्षा मंत्रालय )सोचा-समझा कदम बताते हुए खुद नोटिस लेने की बात कही।25 फरवरी 2026 को सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम. पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के समक्ष यह मामला वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल व अभिषेक मनु सिंघवी ने उठाया। सीजेआई ने कहा, "मुझे पूरी जानकारी है, यह ज्यूडिशियल संस्था के लिए चिंता की बात है। मैं किसी को भी संस्था को बदनाम नहीं करने दूंगा।" जस्टिस बागची ने इसे संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर के खिलाफ बताया। एनसीईआरटी की 23 फरवरी 2026 को जारी किताब 'एक्सप्लोरिंग सोसायटीः इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' में 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' टॉपिक के तहत न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और पेंडिंग केसों का जिक्र है। किताब में सुप्रीम कोर्ट में 81,000, हाईकोर्ट्स में 62.40 लाख, और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स में 4.70 करोड़ पेंडिंग केस बताए गए हैं। इसमें 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड' उद्धरण, जजों का कोड ऑफ कंडक्ट, सीपीग्राम्स के जरिए 2017-2021 में 1,600+ शिकायतें, और इंपीचमेंट प्रक्रिया का वर्णन है। पूर्व सीजेआई बी.आर. गवई के जुलाई 2025 के बयान का भी हवाला दिया गया है।

| कोर्ट स्तर | पेंडिंग केस (किताब के अनुसार) |
| --- | --- |
| सुप्रीम कोर्ट | 81,000 |
| हाईकोर्ट्स | 62.40 लाख |
| डिस्ट्रिक्ट/सबऑर्डिनेट | 4.70 करोड़ |

वकीलों की आपत्ति- वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि किताब में ब्यूरोक्रेसी या पॉलिटिक्स में भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं, सिर्फ न्यायपालिका को निशाना बनाया गया। यह बच्चों को गलत संदेश दे रहा है। सीजेआई ने सभी हितधारकों की चिंता स्वीकार करते हुए खुद जांच का भरोसा दिया। विवाद बढ़ने पर किताब एनसीईआरटी वेबसाइट से हटा ली गई और 24 फरवरी से ऑफलाइन बिक्री बंद। सरकार ने विवादित हिस्सा हटाने की घोषणा की। किताबें एनईपी-2020 और एनसीएफ के तहत 2025 से नई हैं, 2026-27 सेशन से लागू होनी थीं।


## इमरान खान के प्रति पीटीआई के रवैए से नाखुश बहन अलीमा



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के इलाज का मसला अब पक्ष विपक्ष का ही नहीं रह गया है बल्कि परिवार और पार्टी भीतर के असंतोष का भी मामला बन गया है। पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान की बहन अलीमा खानम ने पार्टी नेतृत्व पर ही सवाल खड़े किए हैं। बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री के मेडिकल ट्रीटमेंट को लेकर किए गए फैसलों पर पार्टी नेतृत्व की कड़ी आलोचना की। अलीमा ने मीडिया के सामने अपना दर्द और आक्रोश जाहिर किया। हालांकि, उनकी पार्टी (पीटीआई) ने इस प्रक्रिया को लेकर बरती जा रही 'सीक्रेसी' और परिवार के सदस्यों को इससे पूरी तरह बाखबर न रखने पर ऐतराज जताया था। विपक्ष ने भी बार-बार मांग की है कि जेल में बंद इमरान के केस की जल्द सुनवाई की जाए।

## 40 साल का सफर और 'सूबेदार' का जोश!

### अनिल कपूर बोले- 'सिनेमा ने मुझे हमेशा चुनौती दी है'



भारतीय सिनेमा के इतिहास में अनिल कपूर एक ऐसे अभिनेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने समय की सीमाओं को मात देते हुए खुद को हर दौर में प्रासंगिक बनाए रखा है। उनकी सबसे बड़ी खूबी उनका अतुलनीय अनुशासन और कभी न खत्म होने वाला उत्साह है, जो चार दशकों के बाद भी उन्हें युवा कलाकारों के समकक्ष खड़ा करता है। अपनी फिटनेस के प्रति समर्पण हो या हर किरदार में जान फूँकने की कला, अनिल कपूर ने खुद को केवल एक 'सितारे' तक सीमित नहीं रखा, बल्कि एक 'वर्सेटाइल परफॉर्मर' के रूप में स्थापित किया। उनकी सहजता और काम के प्रति उनका 'झक्कास' जुनून ही है जो उन्हें बॉलीवुड का सदाबहार नायक बनाता है। अभिनेता अनिल कपूर ने अपने 40 से अधिक वर्षों के करियर में हर तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। बॉलीवुड सितारे का कहना है कि सिनेमा में उनका शानदार सफर उनके अंदर के अभिनेता को लगातार प्रेरित करता है और उसे चुनौती देता रहता है। कपूर अपनी अगली फिल्म "सूबेदार" में एक सेवानिवृत्त सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने कहा कि इस फिल्म के एक्शन दृश्यों ने उनकी खूब परीक्षा ली।

सिनेमा जगत